www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 20 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -195 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





गाजा युद्ध में भी भारत को अपने पुराने स्टैंड पर ... 02

■ देश के बुद्धिजीवियों ने फिलिस्तीन में महिलाएं और...
■ महंगाई की मार झेल रहे दिल्ली के मजदूरों को... 03

■ इजरायल ने गाजा के पास तैनात किए एंटी-ड्रोन केज...
■ ट्रूडो के दावे पर विवाद का कोई कारण नहीं 07

एक भावुक प्रेम कहानी है कलर्स का नया शो... 10


## सार संक्षेप

### चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवम्बर तक बढ़ी



**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने गुरुवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवम्बर तक बढ़ा दी। नायडू को राजमुंद्री सेंट्रल जेल से वर्चुअली कोर्ट में पेश किया गया। जज ने हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। नायडू ने जज से कहा कि उन्हें जेल में अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका है। जज ने उनसे यह बात लिखित में देने को कहा।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा स्टार प्रचारकों की सूची जारी




**नई दिल्ली।** भाजपा ने छत्तीसगढ़ में पहले चरण के तहत मतदान वाले विधान सभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, ओम माथुर, स्मृति ईरानी, अर्जुन मुंडा, अनुराग ठाकुर, ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है।

### न्यूजक्लिक मामले में सुप्रीम कोर्ट का पुलिस को नोटिस




**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की याचिका पर गुरुवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति बी आर गवई

### पुलिसकर्मियों को 14 दिन की जेल की सजा मिली



**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को चार पुलिस अधिकारियों को 14 दिन की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह पुलिसकर्मी एक साल पहले खेड़ा में कई मुस्लिम पुरुषों की पिटाई में शामिल थे। हालांकि, बचाव पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए अदालत ने दोषियों को अपील करने का समय देते हुए सजा के क्रियान्वयन को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया।

### खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाली महिला गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। बडगाम पुलिस स्टेशन को बडगाम के अलीपोरा गांव के गुलाम हसन मलिक से एक शिकायत मिली थी।

दिल्ली हाई कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

# पीएमएलए की धारा 50 में ईडी को गिरफ्तारी का अधिकार नहीं

## हाईकोर्ट ने कहा, इसमें एजेंसी समन जारी कर सकती व दस्तावेज देख सकती है

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में गिरफ्तार करना शामिल नहीं है। न्यायमूर्ति अनुप जयराम भंभानी ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया।

मित्तल ने उस ईसीआईआर से निकलने वाली सभी कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की। न्यायमूर्ति भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 50 में गिरफ्तारी की शक्ति निहित नहीं है। ईडी के अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार तभी मिलेगा, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों। उन्होंने कहा कि समन जारी करने, दस्तावेज पेश करने और बयान दर्ज करने की शक्ति, जो एक सिविल कोर्ट की शक्तियों के समान है, पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी की शक्ति से अलग है। पीएमएलए अधिनियम की धारा 19 अधिकृत अधिकारियों द्वारा पालन किए जाने वाले अंतर्निहित सुरक्षा उपायों का प्रावधान करती है, जैसे कि मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में व्यक्ति की संलिप्तता के संबंध में विश्वास के कारणों को लिखित रूप में दर्ज करना और गिरफ्तार किए जाने वाले व्यक्ति को इसके आधारों के बारे में सूचित करना।





ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर को रद्द करने की मांग की याचिका पर हुईइ सुनवाई

### केस दर्ज किया, पर कॉपी नहीं दी

ईडी ने 2020 में आशीष मित्तल के खिलाफ ईसीआईआर के तहत केस दर्ज किया था। आशीष ने ईडी की ओर से दर्ज केस को खत्म करने के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आशीष ने ईसीआईआर के तहत ईडी की ओर से केस में किसी भी कार्रवाई को रोकने की मांग की थी। ईडी ने याचिकाकर्ता को 21 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पीएमएलए की धारा 50 के तहत ईडी को मिले अधिकारों का जिक्र किया। आशीष मित्तल ने कोर्ट में बताया कि उनके खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर के तहत केस दर्ज किया, लेकिन उन्हें इसकी कॉपी नहीं दी, जबकि कानून के अनुसार उन्हें कॉपी दिए जाने का अधिकार है।

### सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई कर रहा

सुप्रीम कोर्ट भी पीएमएल को लेकर दाखिल की गई एक रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई कर रहा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कई प्रावधानों को गैर-संवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी।

एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप



# भारत की लगातार चौथी जीत

■ बांग्लादेश को सात विकेट से हराया ■ विराट कोहली ने जड़ा शतक

**पुणे।** एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप 2023 के 17वें मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया है। इस टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार चौथी जीत है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 256 रन बनाए और भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। कोहली ने 97 गेंदों में 103 रन व शुभमन गिल ने 55 गेंदों में 53 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने नाबाद रहते हुए 34 रन बनाए। भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर टीम को एक मजबूत शुरुआत दी।

# 2 नवम्बर को पटना में दिखेगी इंडिया गठबंधन की ताकत

## गांधी मैदान में होगा गठबंधन के नेताओं का महाजुटान

**पटना,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा को अगले लोकसभा चुनाव में मात देने के लिए बने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की ताकत 2 नवंबर को पटना में दिखेगी। गांधी मैदान में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले इंडिया नेताओं का यह महाजुटान वाम दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के बैनर तले 'बीजेपी हटाओ, देश बचाओ' के तहत होने जा रहा है। भाकपा की ओर से आयोजित इस रैली में पहली बार इंडिया गठबंधन भी जनसभा में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेगा। दरअसल, भाकपा द्वारा आयोजित इस रैली में न सिर्फ वाम दलों को आमंत्रित किया गया है बल्कि इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों को भी बुलाने की बातें कही जा रही हैं। इसमें जदयू, राजद और कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं का जुटान होने की संभावना है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश और राजद सुप्रीमो लालू यादव सहित मंच पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी दिख सकते हैं। वहीं वाम दलों में उनके कई राष्ट्रीय नेताओं का पटना में आगमन हो सकता है। हालांकि इसमें वाम दलों के अतिरिक्त अन्य दलों के नेताओं में अधिकांश बिहार के ही रहेंगे।



■ सीपीआई के बैनर तले होगा आयोजन

### 'बीजेपी हटाओ, देश बचाओ' के नाम से रैली

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की मोदी सरकार को सभी मोर्चों पर विफल बताते हुए भाकपा की ओर से 'बीजेपी हटाओ, देश बचाओ' रैली की जा रही है।इस रैली को इंडिया की एकजुटता का प्लेटफ़ॉर्म दिखाने की कोशिश के तहत लोकसभा चुनाव के पहले एक बड़ी रैली के रूप में आयोजित किया जा सकता है।

तेलंगाना में राहुल का जनता से वादा

# कांग्रेस गरीबों, किसानों और श्रमिकों की सरकार देगी

**भूपालपल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी ने गुरुवार को वादा किया कि तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पार्टी राज्य में जाति आधारित जनगणना कराएगी। राहुल ने जनता से वादा किया कि कांग्रेस गरीबों, किसानों और श्रमिकों की सरकार देगी।

गुरुवार को भूपालपल्ली जिले में विजयभेरी यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने जाति आधारित जनगणना को देश का सबसे बड़ा मुद्दा बताया और इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की चुप्पी पर सवाल उठाया। तेलंगाना में दूसरे दिन प्रचार कर रहे राहुल गांधी ने कहा कि जाति आधारित जनगणना एक एक्स-रे की तरह होगी जो यह निर्धारित करेगी कि देश में पिछड़े वर्गों की आबादी केवल पांच प्रतिशत है या नहीं। भारत के बजट के सिर्फ पांच फीसदी हिस्से पर ओबीसी का कब्जा है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या देश में ओबीसी आबादी केवल पांच प्रतिशत है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पहले ही छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक में जाति आधारित जनगणना का आदेश दे चुकी है। अगर हमारी पार्टी तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो सबसे पहले हम यहां तेलंगाना का एक्स-रे करेंगे।



■ राहुल गांधी ने कहा, तेलंगाना में भी कराएंगे जाति जनगणना

■ जनगणना पर मोदी व केसीआर की चुप्पी पर सवाल उठाया

तेलंगाना राज्य के लिए आंदोलन के दौरान लोगों को उम्मीद थी कि नए राज्य में लोगों का शासन आएगा, लेकिन राज्य के गठन के बाद मुख्यमंत्री ने खुद को लोगों से दूर कर लिया: राहुल गांधी कांग्रेस नेता

### मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज कराए

चूंकि मैं भाजपा से लड़ता हूं, इसलिए उन्होंने मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज कराए। उन्होंने मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी और मेरा घर छीन लिया। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी लड़ाई भाजपा और आरएसएस के खिलाफ एक वैचारिक लड़ाई है।

इजरायल-हमास जंग पर बोला विदेश मंत्रालय

# गाजा से लोगों को निकालना मुश्किल

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास की जंग जारी है। इस बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इजरायल से अब तक करीब 1200 भारतीय नागरिकों को निकाला गया है. इनमें 18 नेपाली नागरिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ऑपरेशन अजय के तहत 5 फ्लाइट में 1200 लोग वापस आए हैं और भी फ्लाइट भेजने का प्लान चल रहा है। परिस्थिति का जायजा लिया जा रहा है।' ऑपरेशन अजय उन भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए शुरू किया गया है जो कि भारत लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में पहले तकरीबन 4 लोग थे, लेकिन हमारे पास पुख्ता आंकड़े नहीं हैं। वेस्ट बैंक में 12-13 लोग थे। गाजा में स्थिति ऐसी है कि वहां से निकालना थोड़ा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि किसी भारतीय के हताहत होने की ख़बर नहीं है। केवल एक भारतीय के जंग में घायल होने की पुष्टि हुई है। बागची ने कहा, हमने इजरायल पर हुए आतंकी हमले की भी निंदा की है।



इजरायल से अब तक 1200 भारतीय नागरिकों को निकाला गया

### मोदी ने फिलिस्तीन को दिया मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बात की तथा गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमले में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखने का आश्वासन दिया।

दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का नाम बदला

# अब 'नमो भारत' के नाम से जानी जाएगी

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का नाम बदल गया है। अब यह रेल' नमो भारत 'नाम से जानी जाएगी। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि नई 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' रेलगाड़ियां नमो भारत के नाम से जानी जाएंगी ।उल्लेखनीय है कि रैपिड रेल के पहले चरण का उद्घाटन कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह ट्रेन साहिबाबाद से दुहाई के बीच चलेगी। हालांकि आम लोग इस रेलगाड़ी की सवारी 21 अक्टूबर से ही कर सकेंगे। इसमें एयरपोर्ट मेट्रो की तरह सामान रखने की सुविधा रहेगी। साथ ही लोगों को मोबाइल,लैपटॉप चार्जिंग प्वाइंट्स और वाईफाई की व्यवस्था भी मिलेगी। इसके किराए की भी घोषणा कर दी गई है। एनसीआरटीसी की तरफ से बताया गया है कि यात्रियों को साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक की यात्रा के लिए 50रुपए चुकाने पड़ेंगे। यात्रा दो श्रेणियों में स्टैंडर्ड और प्रीमियम श्रेणी में उपलब्ध होगी।



■ पहले चरण का आज उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री

कर्नाटक में जनता दल एस में फूट

# बागी सीएम इब्राहिम को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया

**बेंगलुरु,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री और जनता दल (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा ने पार्टी की राज्य कार्यकारी समिति को भंग कर अपने बेटे तथा पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को पार्टी का तदर्थ अध्यक्ष नियुक्त किया। इस कदम से उन्होंने बगावत का झंडा बुलंद करने वाले सी.एम. इब्राहिम को एक ही झटके में प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया। देवेगौड़ा ने घोषणा की, प्रदेश अध्यक्ष इब्राहिम को बर्खास्त कर दिया गया है। इब्राहिम की अध्यक्षता वाली समिति भंग कर दी गई है। यह निष्कासन नहीं है। सम्मान के साथ उन्हें पद से हटा दिया गया है। इससे पहले, इब्राहिम ने पार्टी के राज्य में भाजपा के साथ हाथ मिलाने के फैसले को चुनौती देते हुए बगावत की थी।

राजनीति — *एडीआर ने विधायकों की पृष्ठभूमि का किया विश्लेषण*

# मध्य प्रदेश में 186 मौजूदा विधायक करोड़पति

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मध्य प्रदेश में 230 मौजूदा विधायकों में से 186 करोड़पति हैं, इनमें से 107 विधायक सत्तारूढ़ भाजपा के शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरण का विश्लेषण किया।**

रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 186 (81 प्रतिशत) करोड़पति हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 107 (83 प्रतिशत), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 76 (78 प्रतिशत) और सभी तीन निर्दलीय विधायकों ने एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में प्रति मौजूदा विधायक की संपत्ति का औसत 10.76 करोड़ रुपए है।

### इसमें सत्तारूढ़ भाजपा के 107 विधायक शामिल

विश्लेषण किए गए 129 भाजपा विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 9.89 करोड़, विश्लेषण किए गए 97 कांग्रेस विधायकों की औसत संपत्ति 11.98 करोड़, विश्लेषण किए गए एक बसपा विधायक की औसत संपत्ति 96.95 लाख रुपये है और तीन निर्दलीय विधायकों की औसत संपत्ति 11.98 करोड़ रुपए है।




सत्येंद्र पाठक ने घोषित की 226.17 करोड़ की संपत्ति

रिपोर्ट में कहा गया है कि विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने 226.17 करोड़ की संपत्ति घोषित की है, जबकि रतलाम शहर विधानसभा सीट से चेतन्य कश्यप के पास 204.6 करोड़ की संपत्ति है। पंधाना (एसटी) विधानसभा सीट से भाजपा के मौजूदा विधायक राम दांगोरे के पास 50,749 रुपए की संपत्ति है। वहीं 38 विधायकों ने 1 करोड़ रुपए और उससे अधिक की देनदारी घोषित की है, जबकि कांग्रेस के बैतूल विधायक निलय विनोद डागा के पास 127.6 करोड़ की संपत्ति है।

# देश

**उवाच** "लगता है कि लोकतंत्र में उनका भरोसा नहीं है और यही कारण है कि तांत्रिक पूजन करा रहे हैं, हम जनता को अपने काम बता रहे हैं और कुछ लोग श्मशान घाट पर तांत्रिक क्रियाएं कर रहे हैं, यह लोकतंत्र है। लोकतंत्र में साधना और उपासना अगर किसी की होती है तो जनता की होती है:- **शिवराज सिंह चौहान**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.4 | 15.9 |
| मुंबई | 36.1 | 24.4 |
| कोलकाता | 32.5 | 24.9 |
| चेन्नई | 33.5 | 24.6 |

## सादगी, सच्चाई का रास्ता ही वास्तविक सुख, शांति और प्रसिद्धि का मार्ग : राष्ट्रपति मुर्मू



**मोतिहारी,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी की विरासत को समझने और आत्मसात करने के लिए आप सब को सादगी और सच्चाई के अच्छे परिणामों को समझना होगा।

उन्होंने कहा कि मैं अनुभव पर आधारित दृढ़ विश्वास से कहती हूं कि सादगी और सच्चाई का रास्ता ही वास्तविक सुख, शांति और प्रसिद्धि का मार्ग है। पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में आयोजित समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि आज से लगभग 106 वर्ष पहले चंपारण में गांधीजी के कहने पर लोगों ने सामाजिक समानता और एकता का रास्ता अपनाया और ब्रिटिश हुकूमत को झुकने पर मजबूर कर दिया।

> **मैं अनुभव पर आधारित दृढ़ विश्वास से कहती हूं कि सादगी और सच्चाई का रास्ता ही वास्तविक सुख, शांति और प्रसिद्धि का मार्ग है:-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

उन्होंने कहा कि आज भी सामाजिक समानता और एकता का वही रास्ता देशवासियों को आधुनिक विकास के रास्ते पर आगे ले जाएगा और भारत एक विकसित देश के रूप में प्रतिष्ठित होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या लगभग 60 प्रतिशत है। होनहार छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और बढ़ते हुए आत्म-विश्वास में मुझे भविष्य के विकसित भारत का स्वरूप दिखाई देता है। राष्ट्रपति के शाम को पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थन (एम्स) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति बनने के बाद मुर्मू पहली बार बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचीं। वे राजभवन में ठहरी हैं। राष्ट्रपति शुक्रवार को गया जिले में स्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बनाए गए ओडिशा के राज्यपाल

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का नया राज्यपाल बनाया गया है। वे निवर्तमान राज्यपाल दास गणेशी लाल की जगह लेंगे। इसके अलावा इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को सत्यदेव नारायण आर्य की जगह त्रिपुरा का नया राज्यपाल बनाया गया है। यह जानकारी बुधवार देर शाम राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। बतादें कि



रघुवर दास झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। उन्हें ओडिशा का राज्यपाल बनाकर मौजूदा जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। वे 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री थे। वह भाजपा के टिकट से चार बार जीतकर विधायक भी बने थे।यही नहीं अर्जुन मुंडा सरकार में वे 30 दिसम्बर 2009 से 29 मई 2010 तक सूबे के उप मुख्यमंत्री भी रहे। वहीं इंद्र सेना रेड्डी नल्लू तेलंगाना भाजपा के वरिष्ठ नेता के साथ ही प्रदेश के राष्ट्रीय महासचिव भी थे। वे तीन बार विधायक रहने के साथ ही आंध्रप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह नियुक्ति पद ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

## सोनिया, राहुल ने राजस्थान चुनाव के लिए 'बागी' मंत्री धारीवाल की उम्मीदवारी खारिज की

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी पिछले साल 25 सितम्बर की घटना को नहीं भूले हैं, जब राजस्थान में पार्टी विधायकों के एक गुट की बगावत के कारण पार्टी के पर्यवेक्षकों को कांग्रेस विधायक दल की बैठक किए बिना राष्ट्रीय राजधानी लौटना पड़ा था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बुधवार सुबह जब कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई, तो गांधी परिवार के साथ-साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। सूत्र ने बताया कि जैसे ही शांति धारीवाल का नाम चर्चा में आया, सोनिया गांधी ने तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए पूछा कि उनका नाम सूची में कैसे है।

सूत्र ने कहा कि जैसा कि गहलोत ने सोनिया गांधी को यह बताना चाहा कि धारीवाल साफ छवि वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं, राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री की बात टाल दी और कहा कि उन्हें भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान चरण के दौरान धारीवाल के खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं। सूत्र ने दावा किया कि इसके बाद उन्होंने



- **धारीवाल के खिलाफ पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की कड़ी आपत्ति**

स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई से भी पूछा कि क्या उन्हें धारीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के अलावा कोई नाम नहीं मिला है। गोगोई ने जवाब दिया, 'आप ठीक कह रहे हैं।' सूत्र ने बताया कि धारीवाल के खिलाफ पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की कड़ी आपत्ति के बाद कमरे में पूरी तरह सन्नाटा छा गया।

पिछले साल 25 सितंबर को धालीवाल ने पार्टी आलाकमान के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। सोनिया गांधी, जो उस समय पार्टी की अंतरिम प्रमुख थीं, ने खड़गे और अजय माकन को पर्यवेक्षकों के रूप में राजस्थान में कांग्रेस विधायकों की बैठक आयोजित करने के लिए भेजा था, इन खबरों के बीच कि गहलोत को उनके पद से हटाकर पार्टी प्रमुख बनाया जा सकता है। हालांकि, पार्टी विधायकों की बैठक नहीं हो पाने के बाद पर्यवेक्षक दिल्ली लौट गए। बैठक से पहले, गहलोत के करीबी माने जाने वाले विधायकों ने धारीवाल के नेतृत्व में मुलाकात की, जिसे गहलोत के वफादार को उनके उत्तराधिकारी के रूप में चुनने के लिए आलाकमान को एक संदेश के रूप में देखा गया। धारीवाल के आवास पर समानांतर बैठक से खड़गे और माकन को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी और वरिष्ठ नेतृत्व के लिए चुनौती खड़ी हो गई थी।

कांग्रेस ने विधायकों की समानांतर बैठक आयोजित करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राज्य के तीन कांग्रेस नेताओं धारीवाल, विधानसभा में मुख्य सचेतक महेश जोशी और राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया था। सूत्र ने कहा, स्क्रीनिंग कमेटी ने राठौड़ और जोशी का नाम भी हटा दिया।

## सार संक्षेप

### मद्रास हाई कोर्ट से सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज

**चेन्नई।** मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को जेल में बंद तमिलनाडु के बिना विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी। बालाजी को 14 जून को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। बालाजी ने स्वास्थ्य आधार पर जमानत के लिए आवेदन किया था। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने ईडी की इस दलील के आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया कि वो एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और अगर उन्हें जमानत दी गई तो वो सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। जज ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ए.आर.एल. सुंदरेशन और विशेष लोक अभियोजक एन. रमेश की दलील पर भी विचार किया जो ईडी की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने बताया कि सेंथिल बालाजी चार महीने की कैद के बाद भी राज्य कैबिनेट में मंत्री हैं और यह अपने आप में स्पष्ट प्रमाण है कि वो अत्यधिक प्रभावशाली हैं।

### तेलंगाना कांग्रेस ने सिंगरेनी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने का किया वादा

**भूपालपल्ली (तेलंगाना)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को वादा किया कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी सत्ता में आई तो राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के कर्मचारियों की सभी समस्याओं का समाधान करेगी। यहां सिंगरेनी के मजदूरों को संबोधित करते हुए उन्होंने उनकी समस्याओं के लिए राज्य की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्रसमिति (बीआरएस) को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव तेलंगाना राज्य के गठन के लिए दिये गये सिंगरेनी कर्मचारियों के बलिदान को भूल गए हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा कि बीआरएस केंद्र द्वारा सिंगरेनी खदानों के निजीकरण के लिए सहमत हो गया है। उन्होंने कहा, बीआरएस ने संसद में खान विधेयक का समर्थन किया।

### टीकमगढ़ में कांग्रेस उम्मीदवार के घर पर असम पुलिस की दबिश

**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में असम पुलिस बल के दल ने कांग्रेस के उम्मीदवार यादवेंद्र सिंह बुंदेला के घर पर दबिश दी है। असम पुलिस एक फ्रॉड केस के मामले में यहां पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह असम पुलिस का एक दल पूर्व मंत्री और टीकमगढ़ से कांग्रेस के घोषित उम्मीदवार यादवेंद्र सिंह बुंदेला के घर पहुंची और इस दल ने वहां जांच शुरू कर दी। साथ ही परिवार के सदस्यों से पूछताछ भी की जा रही है। इस मामले में स्थानीय पुलिस की मदद ली गई है और बुंदेला के घर को छावनी में बदल दिया गया है। स्थानीय पुलिस की मानें तो असम के एक न्यायालय ने धोखाधड़ी के मामले की जांच के आदेश दिए हैं और इस सिलसिले में असम की पुलिस यहां आई हुई है और पूछताछ कर रही है। पूर्व मंत्री बुंदेला के पुत्र शाश्वत सिंह बुंदेला से जांच दल एक बंद कमरे में पूछताछ कर रहा है, आखिर यह पूरा मामला है क्या, इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है।

## जगन बोले, चंद्रबाबू नायडू ने घोटालों का शासन चलाया

**कुरनूल ( आंध्र प्रदेश ),** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि तेलुगू देशम पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घोटालों का शासन चलाया और समाज के सभी वर्गों को धोखा दिया। मुख्यमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेदेपा शासन के दौरान जन्मभूमि समितियों से लेकर कौशल विकास से लेकर फाइबर ग्रिड तक, सभी जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला था, जबकि नायडू समान बजट होने के बावजूद कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में विफल रहे।



> **तेदेपा शासन के दौरान जन्मभूमि समितियों से लेकर कौशल विकास से लेकर फाइबर ग्रिड तक, सभी जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला था, जबकि नायडू समान बजट होने के बावजूद कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में विफल रहे:-जगन मोहन रेड्डी**

उन्होंने कहा, 'चोरों और पालक पुत्रों के गिरोह द्वारा पूरी तरह से समर्थित, नायडू ने चुनाव घोषणा पत्र को कूड़ेदान में फेंकते हुए और लोक कल्याण को हवा में उड़ाते हुए केवल लूट, छिपाकर खा जाओ वाली नीति अपनाई।' जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि तेदेपा शासन के दौरान लोगों को नागरिक सेवाओं के लिए दर-दर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि पिछले 52 महीनों से उन्हें अपने दरवाजे पर सभी कल्याणकारी लाभ और सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने लोगों से प्रशासन में गुणात्मक अंतर देखने को कहा। आगामी चुनाव को गरीब समर्थक सरकार और पूंजीपतियों के बीच का कुरुक्षेत्र बताते हुए उन्होंने लोगों को चुनावी लाभ के लिए राजनीतिक भेड़ियों के एक साथ आने के प्रति आगाह किया। उन्होंने लोगों से आग्रह किया, 'उनके झूठे वादों और दुर्भावनापूर्ण अभियान से दूर न जाएं।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय ने डिप्टी सीएम शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच को दी मंजूरी

**बेंगलुरु,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की कार्यवाही को रद्द करने की मांग करने वाली डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार शिवकुमार की याचिका याचिका खारिज कर दी। इसने राज्य की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। विपक्षी भाजपा ने फैसले का स्वागत किया है। जद (एस) ने कहा कि शिवकुमार के जेल वापस जाने के उसके पहले के बयान और वर्तमान अदालत के आदेश के बीच कोई संबंध नहीं है।

पूर्व डिप्टी सीएम भाजपा के के.एस. ईश्वरप्पा ने गुरुवार को शिवमोग्गा में कहा कि शिवकुमार एक बार फिर जेल जाएंगे। ईश्वरप्पा ने कहा, 'शिवकुमार इस मामले में कारावास के बाद जमानत पर बाहर आ गए हैं। सीबीआई उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच कर रही है। वह फिर जेल जाएंगे। मैं इसे लिखित रूप में दे सकता हूं।' उन्होंने कहा, 'शिवकुमार जिद की राजनीति कर रहे हैं। छापों में 100 करोड़ रुपये की अवैध धनराशि मिली है। क्या भाजपा के लिए जांच की मांग करना गलत है? हमने अभी तक यह घोषित नहीं किया है कि आप (शिवकुमार) चोर हैं।' बीजेपी विधायक महेश तेंगिनाकायी ने कहा कि वह हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हैं। सीबीआई को जांच शुरू करने दीजिए और शिवकुमार के खिलाफ आरोप साबित करने दीजिए। सत्य की हमेशा जीत होगी. उन्होंने कहा, अगर शिवलकुमार ने गलत किया है, तो उन्हें परिणाम भुगतना होगा। शिवकुमार के पास से बड़ी रकम बरामद हुई थी और आरोप भी बड़ा था. उन्होंने कहा, 'सीबीआई को मामले को तार्किक अंत तक ले जाने दीजिए।' इस घटनाक्रम को उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के लिए एक गंभीर झटका माना जा रहा है, जो राज्य में विपक्षी दलों भाजपा और जद (एस) पर आक्रामक रूप से हमला कर रहे हैं। सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (2) और 13 (1)ई के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिवकुमार ने 2018 और 2023 के बीच अपनी आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। शिवकुमार ने मामले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की थी।



- **आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की कार्यवाही को रद्द करने की मांग करने वाली डी.के. शिवकुमार शिवकुमार की याचिका खारिज कर दी**

### न्यायपालिका, मेरी संपत्तियों की सूची भाजपा की साजिश का पर्दाफाश करेगी : सीएम शिवकुमार

बेंगलुरु। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई की कार्यवाही खारिज करने की मांग वाली याचिका कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए जाने के कुछ घंटों बाद डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि न्यायपालिका और उनकी संपत्तियों की सूची उनके खिलाफ भाजपा की साजिश का पर्दाफाश कर देगी। बेंगलुरु हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवकुमार ने कहा कि जांच एजेंसी ने दावा किया है कि उसने 90 फीसदी जांच पूरी कर ली है।

## कांग्रेस सीईसी की मैराथन बैठक के बाद, कमलनाथ ने उम्मीदवारों पर चर्चा के लिए खड़गे से की मुलाकात

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) द्वारा दो दौर में पांच घंटे से अधिक समय तक विचार-विमर्श करने के एक दिन बाद, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य इकाई के प्रमुख कमल नाथ ने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कमलनाथ यहां 10 राजाजी मार्ग स्थित खड़गे के आवास पर पहुंचे। सूत्र ने कहा कि दोनों नेता 17 नवम्बर को होने वाले चुनाव के लिए पार्टी की दूसरी सूची तय करने पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। दोनों नेताओं की यह मुलाकात राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए खड़गे द्वारा दो दौर में सीईसी की बैठक की अध्यक्षता करने के एक दिन बाद हुई है। सूत्र ने बताया कि बुधवार को दो दौर की बैठक में ज्यादातर सीटों पर चर्चा हुई, हालांकि कुछ और नामों पर चर्चा बाकी रह गई। कांग्रेस ने रविवार को 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 144 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित कर दिए हैं, इसमें छिंदवाड़ा विधानसभा सीट से कमल नाथ, राघौगढ़ विधानसभा सीट से पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के बेटे जयवर्धन सिंह के नाम शामिल हैं।



## पेंशन राशि बढ़ाकर पांच हजार रुपए की जाएगी: केसीआर

**मेडचल,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव ने मेडचल में आयोजित प्रजा आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय जनता से अनुरोध किया कि वे बीआरएस उम्मीदवार मल्लारेड्डी को भारी बहुमत से जिताएं। मैं एक ऐसे व्यक्ति के लिए बड़ी सफलता की प्रार्थना करता हूं जो कठिनाइयों और संघर्षों को जानता है। मैं मेडचल निर्वाचन क्षेत्र को हर तरह से विकसित करने की जिम्मेदारी ले रहा हूं। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि मेडचल जिले का गठन प्रशासनिक सुधारों के तहत किया गया है। मैंने एक नया कलेक्टोरेट भी शुरू किया है। यदि तेलंगाना राज्य का गठन नहीं हुआ होता तो मेडचल जिले का गठन नहीं हो पाता। पूर्व में दुष्ट प्रशासन द्वारा तेलंगाना के लोगों के साथ दोयम दर्जे के लोगों जैसा व्यवहार किया जाता था और उन्हें बहुत उपहास और अपमान का सामना करना पड़ता था। हम सभी जानते हैं कि बिजली कटौती के कारण हमें कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ा। आज प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति बिजली खपत के मामले में तेलंगाना देश में नंबर वन है। मिशन भागीरथ की सफलता से तेलंगाना पेयजल के मामले में देश में नंबर एक है। हम सभी गरीबों का समर्थन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि जाति और धर्म के बावजूद तेलंगाना के सभी बच्चे हमारे बच्चे हैं। तेलंगाना राज्य को लगभग 40, 50 लाख के भूखंडों पर एक भी रुपया दिए बिना गरीबों को 26 हजार घर देने का सम्मान मिला है। हमने घोषणापत्र में स्पष्ट किया कि हम हैदराबाद में गरीबों के लिए एक लाख और घर बनाएंगे। तेलंगाना ने पिछले दस वर्षों में सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।



- **तेलंगाना ने पिछले दस वर्षों में सभी क्षेत्रों में प्रगति की है: केसीआर**

मुख्यमंत्री केसीआर ने जनता को आगाह किया कि यदि तेलंगाना एक बार फिर कांग्रेसियों के हाथ में चला गया तो सभी उद्योग बंद हो जाएंगे। हम आप सभी से अनुरोध करते हैं कि आप बीआरएस पार्टी के बारे में सोचें और उसका समर्थन करें। ऐसे लोग भी होंगे जो खतरे के बीज बोते हैं और हमेशा की तरह बात करते हैं..इसलिए आप सावधान रहें। जिन दिनों बिजली के ट्रांसफार्मर जले हुए थे और किसान रो रहे थे, उस दिन किसी ने हमारी ओर ध्यान नहीं दिया। आज हम खम्मम जिले में कालेश्वरम परियोजना, पालमुरु ओट्टीपिट्टाला और सीतारमा परियोजनाओं का निर्माण करके सिंचाई का पानी प्राप्त कर रहे हैं।

## गाजा युद्ध में भी भारत को अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए: मायावती

**लखनऊ,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि गाजा युद्ध में भी भारत को अपने पुराने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए। भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए और नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है। नया युद्ध मानवता के लिए विनाशकारी साबित होगा। मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 'यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी ने जब यह कहा कि दिस इज नॉट एन इरा ऑफ वार' अर्थात आज का युग युद्ध का नहीं है तो इसकी प्रशंसा पश्चिमी नेताओं ने खूब की। अब गाजा युद्ध को लेकर भी भारत को अपने इस स्टैंड पर ऐसी मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है, जो सबका अनुभव हो।' उन्होंने कहा कि युद्ध दुनिया में कहीं भी हो आज के ग्लोबल वर्ल्ड में अधिकतर देशों की अर्थव्यवस्था एक-दूसरे पर काफी हद तक जुड़ी/निर्भर है।



> **भारत अपनी आजादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए और नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है:- मायावती**

'यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है व दुनिया इससे प्रभावित है। इसीलिए विश्व में कहीं भी नया युद्ध मानवता के लिए कितना विनाशकारी होगा, इसका अन्दाजा लगाना मुश्किल नहीं।' बसपा मुखिया ने कहा कि भारत अपनी आज़ादी के बाद से ही विश्व में शान्ति, सौहार्द, स्वतंत्रता के लिए तथा नस्लभेद आदि के विरुद्ध अति गंभीर व सक्रिय रहा है, जिसकी प्रेरणा और शक्ति उसे उसके समतामूलक एवं मानवतावादी संविधान से मिली है। दुनिया में भारत की यह पहचान बनी रहनी चाहिए।

**जानकारी** | *एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा*

## मध्य प्रदेश के 230 मौजूदा विधायकों में से 93 पर दर्ज हैं आपराधिक मामले, 52 कांग्रेस से

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के 230 विधायकों में से कम से कम 93 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 52 कांग्रेस के और 39 सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों के विश्लेषण के आधार पर गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।**

रिपोर्ट में कहा गया है, 'विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 93 (40 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से 47 (20 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' एक मौजूदा विधायक ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामले की घोषणा की है।



रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि छह मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की घोषणा की है।

महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित विधायकों के खिलाफ मामलों पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि दो मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा-354 के तहत मामले घोषित किए हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 39 (30 फीसदी), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 52 (54 फीसदी), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक (33 फीसदी) ने अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले चलने की बात स्वीकार की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्तारूढ़ भाजपा के 129 विधायकों में से 20 (16 प्रतिशत), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 25 (26 प्रतिशत), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक ने खुद अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

- **40 प्रतिशत विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए**
- **छह मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की घोषणा की**

उल्टा पुल्टा

पप्पू की मां : उठ पप्पू, भूकंप आ रहा है।
सारा घर गिर रहा है।
पप्पू : सो जा मां, तू फिक्र मत कर, घर गिरेगा तो मकान मालिक का गिरेगा, हम तो किराएदार हैं।
पप्पू की मां बेहोश।

# देश के बुद्धिजीवियों ने फिलिस्तीन में महिलाएं और बच्चों पर हो रहे हमले की निंदा की



**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजा पट्टी पर इजराइल के लगातार हमलों को लेकर देशभर के बुद्धिजीवियों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। गुरूवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इसको लेकर एक बैठक का अयोजन किया गया जिसमें बुद्धिजीवियों के साथ विभिन्न संगठनों ने इन हमलों की कड़ी निंदा की है। पूर्व सांसद केसी त्यागी, सांसद कुंवर दानिश अली, प्रोफसर बिट्ठल, महासचिव आर समाज, प्रोफेसर अदित्य निगम,प्रोफसर शशि शेखर सिंह,जॉन दयाल, मौलाना महमूद असद मदनी अध्यक्ष, जमीअत उलमा-ए-हिंद,सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी अमीर, जमात-ए-इस्लामी हिंद,मौलाना असगर अली इमाम महदी अमीर, जमीअत अहले हदीस हिन्द,मौलाना हकीमुद्दीन कासमी महासचिव, जमीअत उलमा-ए-हिंद,जनाब सलीम इंजीनियर जमात इस्लामी हिंद सहित कई बुद्धिजीवियों ने कड़े शब्दों में इजराइल द्वारा फिलिस्तीन के गाजा पट्टी लगातार किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पास किया गया जिसमें कहा गया कि हम फिलिस्तीन, विशेषकर गाजा की स्थिति को लेकर बहुत चिंतित हैं।

हम निर्दोष लोगों, यहां तक कि बच्चों और महिलाओं की लगातार हत्या के साथ-साथ उनके भोजन, पानी, चिकित्सा और बिजली की आपूर्ति रोके जाने, और आबादी वाले क्षेत्रों पर लगातार बमबारी और गाजा को खाली करने के प्रयासों की कड़ी निंदा करते हैं। हमें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि यहूदी कब्ज़ा की वजह से गत कई वर्षों से फ़िलिस्तीनियों को उनके घरों और ज़मीनों से लगातार बेदखल किया जा रहा है और इस भूमि के मूल निवासियों, फिलिस्तीनियों पर क्रूरतापूर्वक अत्याचार किया जा रहा है। फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों में नई आबादी को लगातार बसाना और अल-अक्सा मस्जिद को लगातार अपवित्र करना और ऐसी अन्य आक्रामक नीतियां सभी अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन हैं, जो कि इस क्षेत्र में निरंतर शांति और व्यवस्था के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा हैं।

ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तुरंत कार्रवाई करने और रक्तपात रोकने के लिए कार्रवाई करने की आवश्यकता है। फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों को बहाल करना और इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय कानूनों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना क्षेत्र में निरंतर शांति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने अधिकारियों को दिए निर्देश, नागरिकों से संबंधित सेवाओं को किया जाए मजबूत



**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने आज दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों व विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मेयर ने निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं और कार्यों का जायज़ा लिया। विभागाध्यक्षों ने मेयर को विभाग द्वारा किए कार्यों के बारे में अवगत कराया। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिये की सभी प्रोजेक्टों को जल्द से जल्द पूरा किया।

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि विद्यालयों, पार्किंग, समुदाय भवन फ्लाईओवर आदि विकास परियोजनाओं को जल्द पूरा करने पर विशेष बल दिया जाए। नये बन रहे विद्यालयों, पार्किंग, समुदाय भवन फ्लाईओवर,थीम पार्कों की प्रोग्रेस रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। दिल्ली नगर निगम की आर्थिक स्थिति को मज़बूत करना अत्यंत आवश्यक है। निगम की आय बढ़ाने व राजस्व वृद्धि के लिए सभी विभाग विशेष प्रयास करें। विशेष रूप से संपत्तिकर विभाग, टोल टैक्स विभाग, आरपी सेल आदि विभाग विशेष ध्यान दें। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि नागरिकों से सीधे रूप से संबंधित स्वास्थ्य, साफ सफाई, शिक्षा, सड़कों के निर्माण, पार्कों की मरम्मत आदि को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। नागरिक संबंधित सेवाओं पर अधिक ध्यान दिया जाए।

बैठक का उद्देश्य निगम के विभिन्न विकास परियोजनाओं व कार्यों की जानकारी लेना,विभाग के विभिन्न समस्याओं व मुद्दों को समझना, अधिकारियों के साथ चर्चा करना और उनका सामूहिक रूप से हल निकालना है। दिल्ली के विकास के लिए इस तरह की समीक्षा बैठक नियमित रूप से की जाएगी।

## सार संक्षेप

### ओकाया ईवी ने लॉन्च की स्टाइलिश स्कूबाईक

**नई दिल्ली।** ईवी ब्राण्ड ओकोया ईवी ने मोटोफास्ट के लॉन्च के साथ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया है, इस तरह कंपनी ने पारम्परिक ई-स्कूटर को आधुनिक स्कूबाईक डिज़ाइन के साथ नई पहचान दी है। यह डिज़ाइन बाईक और स्कूटर के संयोजन के रूप में उपभोक्ताओं को नया अनुभव प्रदान करेगा। नए लॉन्च किए गए मोटोफास्ट के बारे में बात करते हुए डॉ अंशुल गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, ओकाया इलेक्ट्रिक व्हीकल्स ने कहा कि हमने पाया कि सुरक्षा के साथ-साथ हमारे उपभोक्ता आधुनिक फीचर्स की भी उम्मीद रखते हैं। उनकी इसी ज़रूरत को पूरा करने के लिए हम आधुनिक फीचर्स से युक्त स्टाइलिश स्कूबाईक लेकर आए हैं, जो उन्हें सुरक्षित एवं सबसे आरामदायक राईड का अनुभव प्रदान करेगा। एक बार चार्ज होने के बाद यह स्कूटर 110-130 किलोमीटर की शानदार रेंज देता है और लोडिंग क्षमता के आधार पर अधिकतम 70 किलोमीटर प्रतिघण्टा की स्पीड पकड़ लेता है।


### कोटक म्यूचुअल फंड ने शुरू की ‘सीखो पैसो की भाषा’ का आयोजन

**नई दिल्ली।** कोटक म्यूचुअल फंड ने दिल्ली में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ साझेदारी में अपनी निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल, ‘सीखो पैसो की भाषा’ का आयोजन किया। यह पहल शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई तरह के शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके वित्तीय साक्षरता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार की गई, जिसका उद्देश्य शिक्षकों में वित्तीय मामलों की समझ विकसित करने को बढ़ावा देना है ताकि उनके माध्यम से संभावित प्रगतिशील भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान किया जा सके। किंजल शाह, हेड- डिजिटल बिजनेस, मार्केटिंग और एनालिटिक्स, कोटक म्यूचुअलफंड ने कहा कि इस निवेशक शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम सीखो पैसो की भाषा के माध्यम से हमारा मानना है कि जागरूक शिक्षक अर्थव्यवस्था को और ज्यादा बेहतर बनाने में अपना उल्लेखनीय योगदान कर सकें। यह पहल भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### को-लिविंग ऑपरेटर सेटल 1 हजार बैड के साथ 10 नए सेंटर खोलेगा

**नई दिल्ली।** कंपनी मार्च, 2024 तक पूरे भारत में 5,000 बैड की सुविधा पहुंचाने एक लक्ष्य लेकर चल रही है। हम अपने बिजनेस का विस्तार कर रहे हैं, क्योंकि उच्च गुणवत्ता के पूरी तरह से प्रबंधित रेंटल आवास की मांग लगातार बढ़ रही है। को-लिविंग सेंटर के लिए चेन्नई में काफी अवसर मौजूद हैं। हमने कुछ बिल्डिंग चुनी हैं और उन्हें अपने प्लेटफार्म पर लाने के लिए उनके मालिकों से बातचीत चल रही है। सेटल के को-फाउंडर अभिषेक त्रिपाठी ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि बेंगलुरु, गुरुग्राम और हैदराबाद में 3500 बेड प्रबंधित कर रहा को-लिविंग ऑपरेटर सेटल जल्द ही चेन्नई मार्केट में कामकाजी पेशेवरों के लिए 300 बैड के साथ अपनी सेवाएं लांच करेगा। अभी सेटल के पास गुरुग्राम में 1200, बेंगलुरु में 1700 और हैदराबाद में 600 बेड हैं।

# ग्रीन अर्थ की थीम पर होगा दुर्गा पूजा का आयोजन



**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरामबाग पूजा समिति ने अपनी 35 वीं पांच दिवसीय पूजा उत्सव की थीम का अनावरण किया है। इस बार की थीम इन सर्च ऑफ ग्रीन अर्थ है। यह थीम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लोगों को प्रेरित करेगी। नई पीढ़ी को हरित पर्यावरण का संदेश देगी। साथ ही यह संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य एसडीजी प्लानेट की सुरक्षा के अनुरूप है। आरामबाग पूजा समिति के अध्यक्ष अभिजीत बोस ने कहा कि इस वर्ष हम कोरल जयंति के मौके पर दुर्गा पूजा समारोह में देवी दुर्गा से हरीभरी हरित व स्वस्थ पृथ्वी बनाने के लिए अथक प्रयास करने की प्रतिज्ञा करते हैं। यह हमारी सामाजिक प्रतिबद्धता है कि हम अपनी वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी की रक्षा के लिए एक अच्छा स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने का प्रयास करें ताकि सभी स्वच्छ सांस ले सकें। उस दिशा में हम सभी लगातार काम करें तभी हम पृथ्वी को ठीक से रख पाएंगे। हमारा मानना है कि हमारा यह भव्य उत्सव लोगों को इको-फैंडली तरह से उत्सव मनाने के लिए प्रेरित करेगा ताकि हम पर्यावरण से कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करने में सफल हो सकें। हमारा यह मंच लोगों को पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जागरूक करने का काम करता है। आगे बोस ने कहा कि दुर्गा के हाथों में हथियारों के स्थान पर फूल देना मानवता को बचाने के लिए एक शांतिपूर्ण दुनिया बनाने का एक संदेश है जहां आतंकवाद, युद्ध और रक्तपात के लिए कोई जगह नहीं है।

# नेशनल स्टेडियम में आज से 5 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। त्योहारों का सीजन आने को तैयार हैं और हर जगह जश्न, उत्सवों, कार्यक्रमों आदि के बीच शुक्रवार से पाचं दिवसीय भव्य रंगारंग फेस्टिवल ऑफ इंडिया की शुरूआत होगी। 24 अक्टूबर तक मेजर ध्यानचन्द नेशनल स्टेडियम में चलने वाले इस फेस्टिवल में 200 से अधिक जीवनशैली और शॉपिंग स्टॉल, अंतरराष्ट्रीय मार्वेल, लजीज़ व्यंजन, लाइव संगीत सहित कई आकर्षण मौजूद रहेंगे। टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया एक शानदार कैनवास के रूप में काम करते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री का एक उल्लासपूर्ण उत्सव है। यह आपको भारतीय और वैश्विक संस्कृतियों के संयोजन से रूबरू कराते हुए बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। फेस्टिवल ऑफ इंडिया एक असाधारण लाइफस्टाइल एक्सपो है।

# महंगाई की मार झेल रहे दिल्ली के मजदूरों को केजरीवाल सरकार ने दी सौगात



**दिल्ली के अकुशल, अर्ध कुशल और कुशल श्रमिकों का मासिक वेतन बढ़ाने का आदेश**

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। महंगाई की मार झेल रहे दिल्ली के मजदूरों और कर्मचारियों को राहत पहुंचाने के लिए दिल्ली सरकार के श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने गुरुवार को दिल्ली के अकुशल, अर्ध कुशल और कुशल श्रमिकों का मासिक वेतन बढ़ाने का आदेश जारी किया है। इसका लाभ लिपिक और सुपरवाइजर वर्ग के कर्मचारियों को भी मिलेगा। केजरीवाल सरकार ने इन कर्मचारियों को सौगात देते हुए इनके न्यूनतम मासिक वेतन में बढ़ोतरी की है। जिसमें गैर मैट्रिक, मैट्रिक और स्नातक कर्मचारी शामिल हैं। यह नई दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी। श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को बढ़ी हुई दर के साथ भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के गरीब और मजदूर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा कदम उठाया गया है। इससे महंगाई की मार झेल रहे श्रमिक वर्ग को राहत मिलेगी। श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिकों को महंगाई भत्ते पर रोक नहीं लगाई जा सकती है, जिन्हें सामान्य तौर पर केवल न्यूनतम मजदूरी मिलती है इसलिए दिल्ली सरकार ने महंगाई भत्ते जोड़कर नया न्यूनतम वेतन की घोषणा की है।

# अंडमान और निकोबार भेजे गए हेमंत कुमार

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। बामनोली गांव में एक जमीन मालिक को लाभ पहुंचाने के मामले में फंसे पूर्व जिला मजिस्ट्रेट (दक्षिण-पश्चिम) हेमंत कुमार को अंडमान और निकोबार भेज दिया गया है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने आदेश जारी किया है। आदेश के तहत हेमंत कुमार को तुरंत प्रभाव से दिल्ली से रिलीव करने का आदेश दिया गया है। बता दें कि बीते दिनों दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर सेवा विभाग ने हेमंत को डीएम के पद से हटाकर विशेष सचिव (एआर) बनाया था। इससे पूर्व उपराज्यपाल ने डीएम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सूचना भेजी है। साथ ही आगे की जांच के लिए मामला सीबीआई को भेजने की मंजूरी भी दे दी। हेमंत पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से अधिग्रहित की जा रही 19 एकड़ भूमि के लिए तय हुए मुआवजे को खारिज कर दिया।

# उपराज्यपाल ने मेट्रो के लिए जमीन अधिग्रहण को दी मंजूरी



**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दिल्ली मेट्रो के लिए जमीन अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। इस निर्देश के बाद एयरोसिटी से तुगलकाबाद, जनकपुरी पश्चिम से आर के आश्रम और राहत गंज-रोशनारा रोड-पुलबंगश कॉरिडोर के बीच जमीन विवाद को दूर होगा। उपराज्यपाल ने आरएफसीटीएलएआरआर अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत इन मेट्रो लाइनों के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। इस जमीन के अधिग्रहणों के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने दिल्ली सरकार को जून 2020 और जुलाई 2020 में अनुरोध किया था। तीन साल से अधिक समय तक भूमि न मिलने पर उपराज्यपाल ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए यह फैसला लिया। मिली जानकारी के मुताबिक एयरोसिटी से तुगलकाबाद कॉरिडोर पर डीएमआरसी लाइन के विस्तार के लिए दक्षिण जिले के गांव खानपुर में 1688 वर्ग मीटर भूमि के अधिग्रहण की मंजूरी दे दी गई है। इससे आईजीआई हवाई अड्डे और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के घनी आबादी वाले क्षेत्रों के बीच लंबे समय से लंबित मेट्रो की कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। इन क्षेत्र में खानपुर, तुगलकाबाद, देवली, पुष्प विहार और डॉ. अंबेडकर नगर सहित अन्य इलाके शामिल हैं। वहीं जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम मेट्रो कॉरिडोर पर अधिग्रहण के लिए जयपुरिया मिल्स, कोहलापुर रोड पर दिल्ली पट्टी गांव में 170 वर्ग मीटर की भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी गई है। पुलबंगश कॉरिडोर के लिए राहतगंज-आरामगंज की 62 वर्ग मीटर भूमि को अधिग्रहण के लिए मंजूरी दे दी गई है।

# मॉमवाली दिवाली फेस्टिव कैम्पैन जारी किया

**नई दिल्ली।** भारत के लीडिंग बाथरूम क्लिनिंग ब्रांड, हार्पिक बाथरूम क्लीनर ने अपना पहला फेस्टिव कैम्पैन मॉमवालीदिवाली जारी किया, जो परिवारों को आने वाले रोशनी के त्योहार के लिए घरों की सजावट करने में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। दिल को स्पर्श करने वाला यह कैम्पैन बताता है कि कैसे प्रत्येक सदस्य खासकर जब बाथरूम की सफाई की बात होती है तो इस कार्य में गृहिणी का मदद कर सकता है। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया हाइजीन, रेकिट ने कहा कि उपभोक्ताओं से सीधे संवाद के लिए लोकप्रिय हार्पिक ने इस साल फेस्टिव सीजन के लिए एक अनूठा तरीका अपनाया है। ब्रांड को एक नई दिशा देने के लिए, हार्पिक बाथरूम क्लीनर #मॉमवालीदिवाली के माध्यम से, हर काम को सही ढंग से पूरा करने में माँ के स्पर्श के महत्व को दर्शाता है, और उसका परिवार के कामों में हाथ बंटा कर उसकी मदद कर सकता है, खासकर दिवाली की सफाई के दौरान। इस दिल छू लेने वाली ब्रांड फिल्म का मकसद परिवारों को सफाई जैसे साधारण काम में एक साथ लाना है।

# त्योहारी सीजन के लिए अमेजन डॉट इन ने पेश की डील्स

**नई दिल्ली।** त्योहारों सीजन के चलते अमेजन डॉट इन दशहरा डिलाइट्स के साथ त्योहार की जरूरी चीजें, मिठाई और स्नैक्स, ड्राई फ्रूट्स, होम डेकोर, कॉस्मेटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, एक्सेसरीज, बड़े एप्लायंसेस, फैशन और ब्यूटी के एसेंशियल्स और बहुत कुछ से लेकर खास तरीके से बनाए गए उत्पादों की एक विविध रेंज लेकर आया है। अमेजन डॉट इन पर दशहरा डिलाइट्स एक ऐसा त्योहारी सीज़न है जो ग्राहकों के लिए मौसमी अवसरों का अनुभव करने के लिए मूल्य-पूर्ण ऑफर्स और डील्स का एक-स्टॉप-डेस्टिनेशन है। यह विभिन्न प्रकार के उत्पादों और लोकप्रिय ब्रांडों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है, जैसे कि फिलिप्स, सैमसंग, मेबेलिन, लोरियल, टाइटन, जीवाश्म, न्यूनतम, एसर, सोनी, जेबीएल, सैमसंग टीवी, अमेज़न इको,और बहुत कुछ।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी दादरी, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 746/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018, दिनांक 17.07.2018 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 डिप्टी सिंह पुत्र स्व0 श्री खैम सिंह नि0 मिर्जापुर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 49<br>135 | 353<br>355<br>362<br>369<br>379 | स्व0 डिप्टी सिंह पुत्र स्व0 श्री खैम सिंह नि0 मिर्जापुर | श्रीमती देवी | पत्नी | 54 वर्ष |
| | | | | नेहा सिंह | पुत्री | 22 वर्ष |
| खेरली भाव | | 345 | | | | |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।
प्र0 तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग-बी: दिल्ली डिवीजन के प्रदूषित क्षेत्रों में जीर्णशीर्ण कैंटिलीवर असेंबलियों के प्रावधान के संबंध में जीजेडबी और जेडीडब्ल्यू अनुभाग की जीर्ण-शीर्ण कैंटिलीवर असेंबलियों का प्रतिस्थापन। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 96,40,167.05/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 1,92,800/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 31.10.2023 (10.30 बजे) से 14.11.2023 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 14.11.2023 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Cap (20366203) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 32-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 18.10.2023 3249/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 189054 |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "एक वर्ष की अवधि के लिए आरसीएनके की सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिक की नियुक्ति" |
| अनुमानित लागत | रुपये 14454371.96/- जीएसटी@ 18% सहित |
| बयाना राशि | रु. 222300.00/- |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक: 08.11.2023 खुलने का समय 11:00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

पत्र स. 189054 Dated : 18.10.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3243/23



**अतिरिक्त त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ी-2023**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
आगामी त्यौहारों के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा **गति शक्ति** सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जायेगी :-

**04071/04072 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली गति शक्ति सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04071 आगमन | गाड़ी सं. 04071 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04072 आगमन | गाड़ी सं. 04072 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:30 | नई दिल्ली | 05:35 | --- |
| 11:25 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 18:10 |

चलने के दिन : 04071 नई दिल्ली से दिनांक **20.10.2023** तथा 04072 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक **22.10.2023** को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3272/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “ कनेक्टिविटी बेहतर होगी तो इसका सीधा लाभ यहां रहने वाले लोगों और यहां रहने की प्लानिंग कर रहे लोगों को होगा। इससे आने वाले समय में ग्रेनो वेस्ट और ग्रेनो के साथ यमुना एक्सप्रेस वे के आसपास के इलाकों का भी तेजी से विकास होगा। उधर, ग्रुप 108 के डायरेक्टर अमीश भूटानी ने कहा कि रैपिड ट्रेन से ग्रेनो वेस्ट और ग्रेनो के जुड़ने से यहां के विकास में तेजी आएगी।

**मनोज गौड़, क्रेडाई एनसीआर अध्यक्ष व गौड ग्रुप के चेयरमैन**

## देश को रैपिडएक्स ट्रैन का तोहफा देंगे प्रधानमंत्री मोदी



**गाजियाबाद,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने गुरुवार को कहा कि रैपिडएक्स ट्रैन के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित जनसभा इतिहास होगी। पार्टी संगठन ने सभा को लेकर। सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### भाजपा संगठन ने की सभी तैयारियां : सिसोदिया

भाजपा कार्यालय पर एक प्रेस कांफ्रेंस में सिसोदिया ने कहा कि 20 अक्टूबर को गाजियाबाद में प्रधानमंत्री के द्वारा यहां की जनता को इस सदी की सबसे बड़ी सौगात देश की पहली रैपिड रेल उपहार स्वरूप दी जा रही है। जिसका उद्घाटन वह स्वयं गाजियाबाद में करेंगे। ये यहां के वासियों के बड़े सौभाग्य की बात है। जिसकी गवाही निश्चित रूप से यहां की जनता उनके संबोधन को सुनने के लिए जनसभा में पहुंचकर देने वाली है। गाजियाबाद में पीएम मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा संगठन ने ग्राउंड जीरो तक कार्य कर लिया है। जिसकी पुष्टि मैंने स्वयं यहां आकर की है।

उन्होंने कहा कि 2014 से लेकर अनवरत अभी तक केंद्र सरकार के द्वारा विकास के पहिए की रफ्तार लगातार पीएम मोदी के नेतृत्व में बढ़ती जा रही है। विकास के पहिए को और गति प्रदान करने के लिए फिर एक बार मोदी सरकार को चरितार्थ करना है और विजय मिशन 2024 में पुनः देश की बागडोर मोदी के हाथों में सौंपनी है। यह बिल्कुल सत्य है भाजपा संगठन के अलावा आम जनमानस में विकास पुरुष मोदी को देखने और सुनने की प्रबल इच्छा है वह स्वयं पीएम मोदी को सुनने के लिए वसुंधरा सेक्टर 8 के मैदान में समय से पूर्व पहुंचने के लिए व्याकुल है। उन्होने बताया पीएम मोदी का गाजियाबाद में लगभग दो घंटे का कार्यक्रम है। अपने तय कार्यक्रम के अनुसार हिंडन एयरबेस पर पीएम मोदी उतरकर सीधे साहिबाबाद स्टेशन पहुंचेंगे वहां स्टेशन पर रेल यात्रा टिकट लेकर रैपिड रेल में सफर का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी की अगुआई पर सीएम योगी, राज्यपाल आनंदी बेन, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह,प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जनरल वीके सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, प्रभारी मंत्री असीम अरुण, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा,जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान,जिलाध्यक्ष हापुड़, मेरठ आदि महत्वपूर्ण लोग रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश महामंत्री एवं पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी सुभाष यदुवंशी, प्रदेश मंत्री एवं महानगर प्रभारी अमित वाल्मीकि, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, गोपाल अग्रवाल बॉबी त्यागी सुशील गौतम प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गाजियाबाद पहुंचे, प्रधानमंत्री की सभा स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुरुवार की शाम को गाजियाबाद पहुंचे और यहां पर वसुंधरा में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शुक्रवार का दिन न केवल गाजियाबाद बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन होगा क्योंकि देश की पहली रैपिड रेल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद कर रहे हैं उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और उनके नेतृत्व में वह दिन दूर नहीं जब देश विश्व गुरु के रूप में स्थापित होगा सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं से कहा कि वह कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी तरह से जुट जाएं। निरीक्षण के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, प्रदेश मंत्री अमित बाल्मीकि, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, एवं संजीव शर्मा के संग प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा की सफलता के लिए तैयारियों के बाबत जानकारी साझा की और निरिक्षण किया। इस दौरान राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, कामेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी, अमित भारद्वाज, महिम गुप्ता, अमित प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## रैपिड रेल से सफर होगा आसान विकास को मिलेगी रफ्तार

- **गाजियाबाद के नोएडा एयरपोर्ट से जुडने से होगा लाभ**
- **ग्रेनो वेस्ट और ग्रेटर नोएडा को लेकर रियल एस्टेट सेक्टर में भी खुशी**

**नोएडा,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गाजियाबाद में देश की पहली हाई स्पीड रैपिड रेल की शुरुआत करने जा रहे हैं। साहिबाबाद से दुहाई तक के सेक्शन की शुरुआत के साथ ही नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने गाजियाबाद को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से आरआरटीएस से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया है। इससे न सिर्फ लोगों को ग्रेनो वेस्ट के जाम से निजात मिलेगी बल्कि आने वाले समय में ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट से एनसीआर का सफर भी आसान होगा। कनेक्टिविटी बेहतर होने से विकास को पंख लगेंगे और ग्रेनो में रियल एस्टेट सेक्टर को भी इसका लाभ मिलेगा।

क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष और गौड ग्रुप के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा कि कनेक्टिविटी बेहतर होगी तो इसका सीधा लाभ यहां रहने वाले लोगों और यहां रहने की प्लानिंग कर रहे लोगों को होगा। इससे आने वाले समय में ग्रेनो वेस्ट और ग्रेनो के साथ यमुना एक्सप्रेस वे के आसपास के इलाकों का भी तेजी से विकास होगा। उधर, ग्रुप 108 के डायरेक्टर अमीश भूटानी ने कहा कि रैपिड ट्रेन से ग्रेनो वेस्ट और ग्रेनो के जुड़ने से यहां के विकास में तेजी आएगी। रेजिडेंशियल के साथ ही कामर्शियल सेक्टर को भी पंख लगने तय हैं। यहां रहने वाले लोगों के साथ ही व्यापारियों और इंडस्ट्रीज को भी इसका लाभ होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा ने कहा कि रैपिड रेल के आने का सीधा लाभ यहां रहने वाले करोड़ों लोगों को मिलेगा। ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट वर्तमान में लोगों के रहने के लिए पहली पसंद बन गया है। साथ ही कामर्शियल सेक्टर का भी तेजी से विकास हो रहा है। रैपिड रेल के आने से विकास को पंख लग जाएंगे। मिगसन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर यश मिगलानी ने कहा कि एनसीआर से कनेक्टिविटी बढ़ना निश्चित तौर पर बेहतर होगा। ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट रहने के लिए पहले से बेहतर है, रैपिड रेल आने से यह और बेहतर होगी। एनसीआरटीसी का प्रस्ताव यहां रहने वाले करोड़ों लोगों के लिए बेहतर कदम है।

## सार संक्षेप

### नवरात्रि के अवसर पर डांडिया का आयोजन



**नोएडा।** प्रतिष्ठित एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई से संबद्ध, देश के उभरते डिजाइन संस्थानों में से एक, सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट नोएडा ने आज नवरात्रि के अवसर पर डांडिया शाम मनाई। देवी दुर्गा की अथाह शक्ति के सम्मान का प्रतीक यह त्योहार एसएफआई नोएडा में मनाया जा रहा है और संस्थान ने आज का दिन डांडिया प्रदर्शन के लिए समर्पित किया है। हमारी सम्मानित स्नेह सिंह, चेयरपर्सन, सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और उनके एकल प्रदर्शन का आनंद लिया। सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीतू मल्होत्रा ने रचनात्मक खाद्य स्टालों की सराहना की और शानदार व्यंजनों को चखने के लिए प्रत्येक स्टाल का दौरा किया। शाम ढोली थारो ढोल बाजे और कई अन्य बॉलीवुड धुनों के साथ जारी रही।

### ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने पर 20.80 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** नोएडा में ग्रेप लागू है। गुरुवार को ग्रेप का नियमों का उल्लंघन करने के मामले में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कुल सात संस्थानों पर 20 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इन सभी को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी गई कि वे नियमों का पालन करे अन्यथा उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसमें सबसे ज्यादा ए-14 मेक इंटरनेशनल सेक्टर-18 फेज-2 नोएडा पर 13 लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। अजनारा ग्रांड हेरिटेज सेक्टर-74 पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं नोएडा के सेक्टर-79 नोएडा प्राधिकरण के वैंडर पर 50 हजार, सेक्टर-85 में प्लाट नंबर बी-5 पर 50 हजार, बी-191 फेज-2 इक्का इलेक्ट्रानिक्स पर 50 हजार, नोएडा प्राधिकरण के वेंडर सेक्टर-108 पर 50 हजार और नोएडा प्राधिकरण के वेंडर सेक्टर-93ए नोएडा 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### आबकारी विभाग के छापे में 55 लीटर कच्ची शराब व 166लीटर लहन बरामद



**गाजियाबाद।** आबकारी टीम गाजियाबाद ने गुरुवार को थाना टीला मोड़ एवं लोनी अंतर्गत मथुरापुर, शमशेर, जावली, सीती, रिसतल आदि हिंडन खादर क्षेत्र पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा करीब 1600 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अवैध कच्ची शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत 2 अभियोग पंजीकृत किए गए।

## ‘फरवरी तक एलिवेटेड के हिस्से को किया जाए पूरा’



- **सीईओ ने कहा, निर्माण में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए**
- **यातायात के लिए नीचे बनाई जाए सड़क**

**नोएडा,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। डीएससी रोड पर भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। गुरुवार को प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री के अलावा अन्य अधिकारियों ने एलिवेटेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ ने उन्होंने परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड रोड के अगाहपुर से भंगेल तक बायें तरफ वाले भाग को माह फरवरी 2024 तक प्रत्येक दशा में पूरा कर लिया जाए। साथ ही निर्माण कार्य पूरी तरह से सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार को भंगेल एलिवेटेड की साप्ताहिक प्रगति स्टेटस रिपोर्ट की समीक्षा की जाए। वहीं कार्यस्थल पर सुगम यातायात के आवागमन के लिए सड़क की मरम्मत के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता की लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ये कार्य तत्काल प्रभाव से किया जाए। समुचित ट्रैफिक डायवर्जन के पर्याप्त प्रावधान करने व ट्रैफिक पुलिस को पत्र लिखकर यहां ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए। बता दे भंगेल-सलारपुर का जाम खत्म करने के लिए बनाए जा रहे भंगेल एलिवेटेड रोड का काम करीब आठ महीने रुका था। जिसे बीते शुक्रवार को दोबारा से शुरू कराया गया। नोएडा प्राधिकरण की ओर से 10 करोड़ रुपए का भुगतान जल्द किए जाने का आश्वासन देने के बाद उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने काम शुरू किया है। यह एलिवेटेड रोड यह सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज टू स्थित नाले के पास तक बनवाया जाएगा। अभी लागत विवाद के कारण करीब छह-सात महीने से काम बंद पड़ा था।

बीते समय में सेतु निगम ने 97 करोड़ रुपए की स्टील की मात्रा बढ़ने और अलग-अलग निर्माण सामग्री की बढे रेट के रूप में करीब 48 करोड़ रुपए की बढ़ोत्तरी की मांग प्राधिकरण से कर रहा था। यह राशि करीब 145 करोड़ रुपए होती है। सेतु निगम के इस तर्क की प्राधिकरण समेत अन्य स्तर पर जांच कराई गई। इसके बाद सेतु निगम और प्राधिकरण की बैठक में तय हुआ कि निर्माण सामग्री की बढ़े हुए रेट की लागत 62 करोड़ रुपए रहेगी।

अधिकारियों ने बताया कि दोबारा से काम शुरू कराने के बाद सेक्टर-49 हनुमान मूर्ति और सेक्टर-107 की ओर बनने वाले दो और लूप के लिए भी टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इनको बनाने में 20-25 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा। गौरतलब है कि इस एलिवेटेड रोड का निर्माण आठ जून 2020 को शुरू हुआ था। अनुबंध के तहत एलिवेटेड रोड का काम सात दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाना चाहिए था। अभी तक 68 प्रतिशत ही काम पूरा हो सका है। ऐसे में अभी काम शुरू होने के बाद पूरा होने में करीब एक साल का समय और लगेगा।

## 82 करोड़ अतिरिक्त मुआवजे बांटने में विधि परामर्शदाता निलंबित

**एसआईटी की जांच के दौरान थाना फेज-1 में प्राधिकरण ने दर्ज कराई थी एफआईआर**

**नोएडा,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राधिकरण के अफसरों पर करीब 11 मामलों में 73 लोगों को अतिरिक्त 82 करोड़ रुपए का मुआवजा बांटने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। इस मामले में 8 अक्टूबर को थाना फेज-1 में एफआईआर दर्ज होने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण के विधि परामर्शदाता दिनेश सिंह को निलंबित कर दिया। प्राधिकरण को शासन से उनको निलंबित करने का आदेश मिल गया है। इस मामले में एसआईटी भी जांच कर रही है। जिसे अपनी रिपोर्ट जल्द शासन को सौंपेगी। ये मामला गेझा तिलपताबाद गांव के किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने से संबंधित है। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण ने फेज-1 कोतवाली में किसानों और प्राधिकरण अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। किसानों के अलावा प्राधिकरण के तत्कालीन सहायक विधि अधिकारी वीरेंद्र सिंह नागर, तत्कालीन विधि अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, तत्कालीन विधि सलाहकार राजेश कुमार और तत्कालीन कनिष्ठ सहायक मदनलाल मीना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इन अधिकारियों ने बिना जांच किए किसानों को मुआवजा दिए जाने की फाइल को आला अधिकारियों की मंजूरी के लिए आगे बढ़ाया था। इनमें से मदनलाल मीना की मृत्यु हो चुकी है, जबकि राजेश कुमार सेवानिवृत्त हो चुके हैं। गेझा तिलपताबाद गांव से ही जुड़े एक अन्य मुआवजा प्रकरण में करीब ढाई साल से वीरेंद्र नागर निलंबित चल रहे हैं। अब इस मामले में बचे दिनेश कुमार सिंह पर भी कार्रवाई हो गई है। नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि दिनेश कुमार सिंह को निलंबित किए जाने की कार्रवाई शासन स्तर से हुई है। नोएडा प्राधिकरण को निलंबित किए जाने से संबंधित आदेश प्राप्त हो गया है। निलंबित कर दिनेश सिंह को यूपीसीडा से अटैच किया गया है।

### 82 करोड़ वापस लेने के लिए जारी की गई आरसी

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण ने 11 में से नौ प्रकरण में संबंधित किसानों से धन लेने के लिए आरसी जारी कर दी है। दो मामलों में कुछ औपचारिकताएं पूरी कर जल्द उनको भी आरसी जारी कर दी जाएगी। वसूली की जाएगी।

### क्या था इसे समझे

इन सभी प्रकरणों में प्राधिकरण ने पांच फरवरी 1982 और आठ अगस्त 1988 में किसानों की जमीन अधिग्रहित की। शुरुआत में प्राधिकरण ने इन किसानों के लिए 10 रुपये 12 पैसे से लेकर 31 रुपये प्रति वर्ग गज मुआवजा राशि तय की थी, लेकिन किसानों ने जिला और उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। जहां से उनके पक्ष में फैसला हुआ। इसके बाद वर्ष 2015 में 297 रुपए प्रति वर्ग गज की दर से मुआवजा पाने के लिए किसानों ने सीईओ के नाम समझौता प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद वर्ष 2015-16 में किसानों को यह अतिरिक्त मुआवजा दिया गया।

## स्थानीय व्यवसाय के लिए कार्य करने वाला प्लेटफार्म लेजी क्रेजी लांच किया

**नोएडा,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुवार को नोएडा मीडिया क्लब में नोएडा के रहने वाले जाहिद हसन ने एक प्रेस वार्ता के दौरान स्थानीय व्यवसाय के लिए कार्य करने वाले प्लेटफार्म लेजी क्रेजी को लांच किया। यह एक ऐसी तकनीक है जहां आप बेच सकते हैं, खरीदारी कर सकते हैं और मनोरंजन पा सकते हैं। लेजी क्रेजी के संस्थापक जाहिद हसन ने कहा कि हमारा देश इतनी तेजी से विकसित हुआ है, जैसे-जैसे समय बदल रहा है, अर्थव्यवस्था के तरीके भी बदल रहे हैं। लेकिन हम अभी भी देखते हैं कि स्थानीय व्यवसायों के लिए हमारी अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने की गुंजाइश कम है। इसलिए यहां हम बेहतरीन प्लेटफॉर्म लेजी क्रेजी लेकर आए हैं जहां हम स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करते हैं, जिसमें किसान, छोटे कारीगर, विक्रेता शामिल हैं। यह प्लेटफार्म सभी को अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए अधिक आय उत्पन्न करने में मदद करेगा। लेजी क्रेजी सिर्फ एक मंच नहीं है, यह एक ऐसी तकनीक है जहां आप बेच सकते हैं, खरीदारी कर सकते हैं और मनोरंजन पा सकते हैं। हमने नई संसाधन प्रौद्योगिकी ‘कार्यस्थल’ भी पेश की है जो व्यवसाय के लिए स्थान प्रदान करेगी, जहां आप काम कर सकते हैं और सेवा प्रदान कर सकते हैं। लेजी क्रेजी स्थानीय स्तर पर युवाओं को नौकरी प्रदान करके बेरोजगारी को कम करने में मदद कर रहा है।

## विश्व भारती स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन



**नोएडा,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व भारती पब्लिक स्कूल नोएडा में प्राथमिक विभाग द्वारा दशहरा के अवसर पर वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रधानाचार्य वीरा पांडे ने किया। इसके लिए नन्हे मुन्ने छात्रों ने गणेश वंदना ‘घर में पधारो गजानंद जी।’ राम जन्म पर नाट्य मंचन किया गया। उसके पश्चात राम जन्म पर बधाई गीत प्रस्तुत किया। गुरुकुल में शिक्षा, विश्वामित्र का राम लक्ष्मण को वन ले जाना, सीता स्वयंवर, सीता द्वारा गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, सीता राम विवाह, राम वन गमन, सीता हरण, लंका दहन, राम रावण युद्ध, राम का राजतिलक आदि की लीला का सुंदर मंचन नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा किया गया। अभिव्यक्ति मनमोहक थी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपनी सांस्कृतिक विरासत अपनी प्राचीनतम संस्कृति से अवगत कराया था। प्रधानाचार्य वीरा पांडे ने सभी अभिभावकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी अपने नैतिक मूल्यों को भूलती जा रही है। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को नैतिकता का पाठ समझाते हैं। अभिभावकों ने अपने बच्चों की इस सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में विभाग प्रमुख सुनीता रैना, आरती कौल, अंजु पुनिया, ज्योति धर तथा भावना कौल जी उपस्थित रहे।

## यथार्थ अस्पताल पर आयकर विभाग की छापेमारी, खंगाले जा रहे दस्तावेज

- **सुबह साढ़े सात बजे कंडक्ट की गई थी सर्च**
- **दिल्ली यूनिट ने रेड की कंडक्ट, नोएडा यूनिट से लिया गया लोजिस्टिक**




**नोएडा,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। आयकर विभाग की टीम ने यथार्थ ग्रुप के नोएडा ग्रेटरनोएडा और बुलंदशहर के अस्पतालों में छापेमारी की। रेड के बीच ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। विवाद बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों का कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, जब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। बाद में पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

दरअसल, पिछले कुछ समय से आयकर टीम को टैक्स में हेराफेरी और गलत ट्रांजैक्शन की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद से दिल्ली यूनिट की टीम गुरुवार सुबह से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और अन्य ठिकानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चला रही है। नोएडा का यथार्थ अस्पतालों का दूसरा सबसे बड़ा ग्रुप है। इससे पहले मेट्रो और नियो अस्पताल पर भी इनकम टैक्स की रेड हो चुकी है। नोएडा में सेक्टर-110 के अलावा ग्रेटर नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में यथार्थ अस्पताल है। इसके अलावा इनके रीजनल ऑफिस और एडमिन से जुड़े लोगों के यहां भी सर्च की जा रही है। वहां से दस्तावेजों और इनपुट के आधार पर कर्मचारियों से सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। हालांकि, अस्पताल की इनडोर और आउटडोर ओपीडी में मरीजों को कोई परेशानी नहीं है। दिल्ली यूनिट की कई टीम इस सर्च को कंडक्ट कर रही है। सर्च लंबी या दो से तीन दिन तक भी चल सकती है। यहां टैक्स चोरी का मामला ही सामने आया है। बता दे यथार्थ हॉस्पिटल के मालिक डॉ. अजय कुमार त्यागी हैं। वे मूल रूप से बुलंदशहर में स्याना क्षेत्र के रहने वाले हैं। स्याना कस्बे में ही इनका संस्कार फार्म हाउस है। इसके अलावा बुलंदशहर में एक, नोएडा में दो, ग्रेटर नोएडा में एक हॉस्पिटल हैं। मध्यप्रदेश के ओरछा में भी एक हॉस्पिटल है। जिसके लिए कुछ ही दिनों में 135 करोड़ रुपए के सर्जिकल रोबोट खरीदने की प्रक्रिया भी चल रही है।

बिजनेस के आंकड़े बताते हैं कि इस साल पहली तिमाही के यथार्थ हॉस्पिटल के नतीजे अच्छे रहे हैं। पहले तिमाही में हॉस्पिटल का रेवेन्यू 111.07 करोड़ रुपए रहा। आय में कुल 39 परसेंट की बढ़ोतरी हुई। कुछ दिनों पहले हॉस्पिटल ने ये भी दावा किया था कि उसने सभी बैंकों के कर्जे चुका दिए है।

## गरीबों की बजेगी शहनाई धूमधाम से होंगे सामूहिक विवाह

**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग की तरफसे सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश के लिए 109883 लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला समाज काल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जिले में 100 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, विवाह की तारीख एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार प्रयास कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद बेटियों को इस योजना का लाभ मिल सके। कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, तलाकशुदा सभी इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। इस योजना का लाभ प्रदेश के उन सभी परिवारों को मिलेगा, जिनकी वार्षिक आय 2 लाख रुपये तक हो और कन्या की आयु 18 एवं वर की आयु 21 वर्ष से अधिक है। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो दिव्यांग हो, को प्राथमिकता भी दी जाएगी। इस योजना के तहत कन्या का बैंक खाता होना अनिवार्य है। इन खातों को आधार कार्ड से लिंक करवाया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए कन्या और वर की पासपोर्ट साइज की फोटो और आधार कार्ड होना चाहिए। इसके अलावा दोनों का जन्म प्रमाण पत्र, वधु का आधार सीड/ लिंक बैंक अकाउंट डिटेल, निवास प्रमाण पत्र, आवेदन करने वाले परिवार का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र होना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35000 रुपए सहायता राशि उनके आधार लिंक बैंक अकाउंट में भेजी जाएगी। योजना के अन्तर्गत लाभ पाने के लिए लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https//cmsvy.upsdc.gov.in पर आधार डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक अपना आवेदन पत्र जन सुविधा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर), जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केंद्र अथवा विभाग वेबसाइट से स्वयं भर सकते हैं।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

इन छह में से तीन युवाओं ने आईटीआई कर रखा है। उनको साक्षात्कार सीधे कंपनियों में भेजा जाएगा जबकि दो युवक आईटीआई कर रहे हैं और एक युवक 12वीं पास है। इन तीनों युवकों को प्रशिक्षण दिलाने के बाद साक्षात्कार के लिए भेजा जाएगा।

अमनदीप डुली, प्राधिकरण एसीईओ

## सभी पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ें या अकेले, खिलेगा कमल ही : केशव



- गौतमबुद्ध नगर जिला प्रदेश का है प्रवेश द्वार, विदेशी निवेश सबसे अधिक इसी जिले में
- किसानों धरने के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि मुझे नहीं है पता

**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जनपद गौतम बुद्ध नगर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करने के लिए गुरुवार को पहुंचे, इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें 2024 में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर समीक्षा की। उसके बाद जिला मुख्यालय पर सभी विभागों की क्रमवार समीक्षा उसके बाद जिले में बन रहे अंतरराष्ट्रीय नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की प्रगति को लेकर दौरा किया। इस दौरान प्रेस वार्ता में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गौतमबुध नगर जनपद विकास की दृष्टि से प्रदेश का प्रवेश द्वार है, पूरी दुनिया का आकर्षण भारत की तरफ है, विदेश से जो भी निवेश करने लिया आना चाहता है वह उत्तर प्रदेश आता है। सरकार चाहती है कि यहां ऐसी सुविधाएं हों ताकि जो भी विदेश से निवेश के लिए आए उसे वापस न जाना पड़े। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी उपब्धि जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण से जुड़ी कुछ समस्याएं है, उसको लेकर चर्चा की गई। जिले के अंदर भाजपा संगठन 2024 लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी कर रहा है, हम प्रदेश में सभी अस्सी सीटें जीतेंगे। विपक्षी गठबंधन धरातल पर नहीं दिखायी दे रहा है। भ्रष्टाचार मुक्त विकास हो उसके लिए हम काम कर रहे हैं। कानून व्यस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूर्वती सरकारों के संरक्षण के कारण अपराधियों के खौफ के खिलाफ न्यायालय में ठीक से पैरवी नहीं हो पाती थी। प्रदेश के पच्चीस-पच्चीस जिले में दौरा करने के का कार्यक्रम रहता है, सरकार की मंशा है कि ठीक से काम हो रहा है कि जो फीड बैक मिला है वह संतोषजनक है। निठारी कांड को लेकर कहा कि सरकार इस मामले की समीक्षा करेगी। कांग्रेस, सपा व रालोद के गठबंधन से हमारा कोई लेनादेना नहीं है। 2019 में सभी पार्टियां एक हो कर चुनाव लड़ी थी, तब भी भाजपा की सरकार बनी थी। 2024 में ये अलग-अलग लड़े या मिलकर लड़े या राज्यों में लड़े, फिर से कमल खिलेगा भाजपा की सरकार बनेगी। किसानों के धरने के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि हमें धरने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। देवरिया में जातीय घटना को दु:खद बताया और कहा कि जो भी दोषी होंगें उनके खिलाफ कार्रवाई होगी, अगर कोई समस्या है जिले में नहीं हल हो रहा है उसके लिए सरकार द्वार हमेशा खुले हुए हैं। इस दौरान समीक्षा बैठक में भाजपा सचिव व राज्य सभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जिला पंचायत अक्ष्यक्ष, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी आदि लोग मौजूद रहे।

## रेज़ोनेंस में रेयान ग्रेनो बना ओवरऑल चैंपियन



**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। रेयान इंटरनेशनल स्कूल यह उत्कृष्ट समाचार साझा करते हुए रोमांचित है कि हमारे छात्रों ने हाल ही में एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में आयोजित अंतर-स्कूल प्रतियोगिता रेजोनेंस में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कुल मिलाकर पहला स्थान हासिल किया। उनका प्रदर्शन शानदार से कम नहीं था, और हम हैं उनकी उपलब्धियों पर बेहद गर्व है। इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम में छात्रों ने उत्कृष्टता के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित करते हुए अनुकरणीय कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ता रंग लाई और वे अपनी-अपनी श्रेणियों में सच्चे चैंपियन बनकर उभरे। हमारे छात्रों की कलात्मक प्रतिभा कला, संगीत और नाटक जैसी प्रतियोगिताओं में चमकी। कला के प्रति उनकी रचनात्मकता और जुनून उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक टुकड़ों में स्पष्ट था। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और टीम वर्क के मूल्य पूरे प्रतियोगिता में पूर्ण प्रदर्शन पर थे। इस दौरान डेकोपेज में तीसरी स्थान, मेहंदी में तीसरी, सदारंग (कव्वाली)- दूसरा स्थान, कीबोर्ड सोलो 2 दूसरा, घुंघरू (शास्त्रीय नृत्य) दूसरा स्थान, लोकगीत-प्रथम पुरस्कार, एक कहानी बताओ में प्रथम पुरस्कार। स्कूल की प्रधानाचार्या सिंह ने रेज़ोनेंस में भाग लेने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई दी।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण





**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के जेवर एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का गुरुवार निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जेवर एयरपोर्ट के निर्माण से संबंधित अधिकारियों व कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उनको निर्देश दिए कि जेवर एयरपोर्ट केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, इसलिए अधिकारीगण इस प्रोजेक्ट की महत्ता को समझते हुए सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इसके बाद उप मुख्यमंत्री एयरपोर्ट के जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों से संवाद करते हुए कहा कि देश और प्रदेश के विकास के लिए आपके द्वारा, जो योगदान दिया गया है, वह अविस्मरणीय है। आपके इस योगदान को सदियों तक याद रखा जाएगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रभावित किसानों का ग्राम किशोरपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी आभार प्रकट किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा राज्यसभा के सांसद सुरेंद्र सिंह नगर ने नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट की साइट पर पहुंचकर एयरपोर्ट का निर्माण करने वाली कंपनी के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन व संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एसीईओ कपिल सिंह, जीएम एके सिंह से भी एयरपोर्ट की प्रगति और शीघ्र ही पहले रनवे का कार्य पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देश निर्गत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नगर ने ज्यूरिक एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन व यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने रनवे तथा चल रहे कार्य पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों ने अपनी आने वाली पीढ़ियों और इस देश के विकास के लिए अपनी जमीनों की सहमति देकर, देश की तरक्की और प्रगति में अहम भूमिका निभाई है।

## सार संक्षेप

### छह दिन से एक व्यक्ति लापता, घर से निकला था ज्योत लेने



**दनकौर।** ऊंची दनकौर मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति पिछले करीब 6 दिनों से संदिग्ध अवस्था में लापता है। परिवार के लोगों का कहना है कि प्रदीप घर से 13 अक्टूबर को दिल्ली के झंडेवालान मंदिर से ज्योत लेने की कहकर गई गए थे। लेकिन वापस नहीं लौटे हैं। काफी जगह उनकी तलाश की गई है। लेकिन कोई सुराग नहीं चल पाया है। जिसके गायब होने से परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। जिसके चलते परिवार के लोगों ने गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसका सुराग लगा लिया जाएगा।

### डिवाइडर से टकराई कार, चालक घायल

**रबूपुरा।** गुरुवार सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस व सुरक्षाकर्मियों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया तथा मार्ग से गाड़ी को हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। पुलिस अनुसार रॉयल पार्क सेक्टर 137 नोएडा निवासी अजीज अहमद किसी काम से आगरा गया था। बताया जाता है वहां से लौटते समय यमुना एक्सप्रेस वे पर जीरो पाइंट से 23 किमी0 की दूरी पर उसकी ऑडी कार अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह चोटिल हो गया। सूचना पाकर पुलिस एवं एक्सप्रेस वे सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिये भेज कर घटनास्थल से क्षतिग्रस्त कार को हटा कर यातायात को सुचारू कराया दिया।

## भाजपा कार्यालय पर उप मुख्यमंत्री का किया गया स्वागत



- उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता का सम्मान हमारी पहली प्राथमिकता
- लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जीरो पॉइंट पर जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी व दादरी विधायक तेजपाल नागर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में पहली बार शामिल होने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशोदिया रहे बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की, संचालन जिला उपाध्यक्ष सुनील भाटी ने किया। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 केन्द्र में कांग्रेस की और 2017 उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार को हटाने का काम भाजपा ने कार्यकर्ताओं और जनता के बल पर किया। उन्होंने पहले मैं जहां भी जाता हूं तो पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से मिलता हूं, पार्टी कार्यालय मेरे लिए मंदिर है और उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता का सम्मान हमारी पहली प्राथमिकता है। शासन प्रशासन कार्यकर्ताओं का सम्मान करें। आज हमारी पार्टी में देश का नेतृत्व करने वाले विश्व के सबसे लकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी है और विपक्ष के पास सभी गठबंधन के नेताओं में प्रधानमंत्री बनने की होड़ है ये विपक्ष के नेता अकेले चुनाव लड़े या मिलकर ये मोदी को हरा नहीं सकते। देश की जनता भाजपा और मोदी के साथ है उत्तर प्रदेश में हम 80 की 80 सीटो को जीतेंगे। आज प्रदेश में आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में सरकार अच्छे कार्य कर रही है। आज गुंडा माफिया का सफाया करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय उप मुख्यमंत्री एवं करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के का अभिनंदन करते हैं। पार्टी के रीति व नीति पर बूथ को मजबूत करना है और तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जुट जाएं। जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के संगठन के कार्यों को हम सब कार्यकर्ता मिलकर पूरा करेंगे।

इस अवसर पर ज़िला प्रभारी मंत्री कुंवर बिर्जेश सिंह, राष्ट्रीय सचिव राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह सैनी, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, विधायक तेजपाल नागर, विधान परिषद सदस्य नरेन्द्र भाटी, विधायक धीरेंद्र सिंह, दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, आशीष वत्स कर्मवीर आर्य, दीपक भारद्वाज मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सुनपुरा में अवैध निर्माण को ढहाया

**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को सुनपुरा में हो रहे अवैध निर्माण को ढहा कर 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को मुक्त करा लिया। जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।



- कालोनाइजर अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर काट रहे थे कालोनी
- 20 हजार वर्गमी जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ होने का आकलन

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव सुनपुरा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव के खसरा नंबर 398, 399, 409, 419, 421, 430, 431 व 433 की जमीन पर निर्माण करने के लिए प्लॉटिंग कर रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम के नेतृत्व में प्रबंधक एसपी सिंह और रामकुमार और सहायक प्रबंधक राजेश कुमार निम की टीम थाना इकोटेक-3 की पुलिस के साथ गुरुवार सुबह मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ढहा दिया। टीम ने करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन मुक्त करा लिया है। 6 जेसीबी और 4 डंफर का इस्तेमाल कर यह कार्रवाई की गई। इस जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ रुपए आंकी गई है। ओएसडी हिमांशु वर्मा ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हर वर्क सर्किल को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## एयरपोर्ट एविएशन इंडस्ट्री के लिए 12 सौ हेक्टेयर जमीन का और होगा अधिग्रहण



- यमुना प्राधिकरण जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव जल्द शासन को भेजेगा
- एविएशन इंडस्ट्री से बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के खुलेंगे द्वार

**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा एयरपोर्ट के एविएशन इंडस्ट्रीज के लिए यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक प्राधिकरण 12 सौ हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित करने जा रहा है। अधिग्रहण का प्रस्ताव जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। शासन से अनुमति मिलने के बाद अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इससे एविएशन इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

जेवर एयरपोर्ट के प्रथम चरण में 1334 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित हो चुकी है। इसमें एयरपोर्ट का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। फरवरी 2024 में एयरपोर्ट पर ट्रायल शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट के साथ यह क्षेत्र एविएशन हब का बड़ा केंद्र होगा। एयरपोर्ट के अलग-अलग चरणों के लिए अब तक 6554 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। एयरपोर्ट के विस्तार के तहत 1200 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण और करने की तैयारी चल रही है। इसके बाद एयरपोर्ट का क्षेत्र 7754 हेक्टेयर हो जाएगा। दरअसल जेवर एयरपोर्ट का निर्माण शुरू होने से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां यहां निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं। एविएशन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनियां के आने की ज्यादा संभावना है। उम्मीद है कि भविष्य में एयरबस जैसी कोई बड़ी कंपनी आ सकती है। इसको देखते हुए प्राधिकरण पहले से ही जमीन सुरक्षित कर लेना चाहता है। जमीन अधिग्रहण कर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राधिकरण को सौंप दी जाएगी।

इन गांवों की जमीन की जाएगी अधिग्रहित चौरोली, अहमदपुर, मंगरौली, सादुल्लापुर, अलावलपुर, देवरार व भभोकरा आदि गांवों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी। इससे कितने परिवार प्रभावित होंगे, इसका आंकलन कराया जाएगा।

## आवासीय योजना के सभी असफल आवेदकों की 31 तक पंजीकरण राशि होगी वापस

**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना के असफल आवेदकों की पंजीकरण धनराशि 31 अक्टूबर तक मिल जाएगी। शुक्रवार से बैंक खाते में पैसा वापस करने शुरू देगा। वहीं, सफल आवेदकों को यमुना प्राधिकरण अगले सप्ताह से आवंटन पत्र भेजना शुरू कर देगा। आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिनों में प्लॉट की कुल कीमत का भुगतान करना होगा। यमुना प्राधिकरण की 1184 आवासीय प्लॉटों की योजना का ड्रा बुधवार को हो चुका है। असफल आवेदक जानना चाह रहे हैं कि उनकी पंजीकरण धनराशि कब तक मिलेगी। असफ्ल आवेदकों को 20 अक्टूबर से पैसा वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्राधिकरण के महाप्रबंधक वित्त विशंभर बाबू ने आईसीआईसीआई बैंक की ओमेगा-1 शाखा को पत्र लिखा है। कहा कि पैसा वापसी में किसी तरह का विलंब नहीं होना चाहिए।

NAME CHANGE

I, YASHRUB HAMEED IDRISHI S/o IDRISH KHAN R/o B-9B, Gali No.2, Near Police Both, Kanti Nagar Extn. Krishna Nagar Delhi-110051 have changed my name to ABDUL HAMEED for all future purposes.

## शहर की हरियाली का जायजा लेने एसीईओ सड़क पर उतरे



**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा की हरियाली का जायजा लेने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने सेक्टरों व प्रमुख मार्गों का जायजा लिया। सड़कों के सेंट्रल वर्ज व ग्रीन बेल्ट का रखरखाव ठीक न मिलने पर नाराजगी जताई। खामियों को दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इस अवधि में काम न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने सेक्टर ईकोटेक-10, ईकोटेक-6, ओमीक्रोन-1 व 2, 130 मीटर रोड, गामा-1 व 2, डेल्टा -1, 2 व 3, जीटा वन व टू, सूरजपुर कासना रोड, 105 मीटर रोड, अल्फा वन की रोटरी, नॉलेज पार्क वन-1, इकोटेक वन एक्सटेंशन वन के सेंट्रल वर्ज, टेकजोन टू के सामने सेंट्रल वर्ज व रोड साइड ग्रीनरी आदि एरिया में उद्यान कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पार्कों, हरित पट्टिकाओं, सेन्ट्रल वर्ज आदि का रखरखाव संतोषजनक नहीं पाई गई। इन कमियों को एक सप्ताह में दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि एक सप्ताह में कार्यो में सुधार नहीं हुआ तो भुगतान में कटौती करते हुए ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक उद्यान नथौली सिंह, सहायक निदेशक उद्यान बुद्ध विलास, उद्यान निरीक्षक मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## वेंडिंग जोन में एससी-एसटी, महिलाओं व दिव्यांगों को मिलेगा आरक्षण

- 124 गांवों के भूमिहीन किसानों व मजदूरों के लिए प्राधिकरण ने बनाई नीति

**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से निर्मित होने वाले वेंडिंग जोन में प्लेटफॉर्मों को आवंटित करने में एससी-एसटी, महिलाओं व दिव्यांगों को आरक्षण मिलेगा। 124 गांवों के भूमिहीन किसानों व मजदूरों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण ने यह पॉलिसी लागू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ओएसडी संतोष कुमार के साथ अर्बन सर्विसेज विभाग की समीक्षा कर प्लेटफॉर्मों को आवंटित करने में एससी-एसटी, महिलाओं व दिव्यांगों को आरक्षण देने के निर्देश दिए थे। अर्बन सर्विस विभाग ने अमल शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के परियोजना विभाग की तरफ से सेक्टर अल्फा वन, बीटा वन व टू और सेक्टर-36 में वेंडिंग जोन बनाए गए हैं। भविष्य में कई और वेंडिंग जोन बनाए जाने हैं। प्राधिकरण के अधीन 124 गांवों के भूमिहीन किसानों व मजदूरों की आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन वेंडिंग जोन में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

इस 33 प्रतिशत में से 50 प्रतिशत प्लेटफॉर्म महिलाओं को, 21 प्रतिशत एससी-एसटी एवं 5 प्रतिशत दिव्यांगों को आवंटित किये जाएंगे, जबकि शेष 67 प्रतिशत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एरिया में कार्य कर रहे पथ विक्रेताओं को आवंटित किए जाएंगे। इसमें से भी 50 प्रतिशत प्लेटफॉर्म महिलाओं को, 21 प्रतिशत आरक्षित एवं 5 प्रतिशत दिव्यांगों को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वेंडिंग जोन में स्थान आवंटित करने के बाद सभी पथ विक्रेताओं को प्रति माह 1 से 5 तारीख तक ऑनलाइन माध्यम से मासिक शुल्क जमा करना होगा। ओएसडी ने बताया कि जिन पथ विक्रेताओं को पूर्व में प्लेटफॉर्म आवंटित कर दिए गए हैं, उन सभी को शीघ्र ही स्थान उपलब्ध कराने की तैयारी है।

### अवैध यूनिपोल पर नजर रखने के लिए टास्क फोर्स जल्द

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एरिया में प्रचार प्रसार के लिए अवैध यूनिपोल, पोस्टर बैनर आदि लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि सभी प्रकार के अवैध प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से जल्द ही टास्क फॉर्स का गठन किया जाएगा। ओएसडी ने बताया कि पूर्व में जिन संस्थाओं, अस्पतालों व बिल्डरों को अवैध यूनिपोल लगाने पर प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से नोटिस जारी किये गये हैं, लेकिन उन लोगों ने जमा नहीं कराए हैं, अब प्राधिकरण उनको दोबारा नोटिस जारी करेगाा। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से एडवरटाइजिंग की नई पॉलिसी बनायी जा रही है। शहर में 6 स्थानों पर एलईडी के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कई और जगहों पर एलईडी लगाकर प्रचार-प्रसार करने की योजना है।

## स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने की रंग ला रही मुहिम



**ग्रेटर नोएडा,**19 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की मुहिम रंग लाने लगी है। बृहस्पतिवार को छह और युवक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली ने इन युवाओं का प्राथमिक साक्षात्कार लिया। इन युवाओं की शैक्षिक योग्यता के अनुसार नौकरी के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों में भेजकर उनका साक्षात्कार कराया जाएगा।

प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली ने बताया कि इन छह में से तीन युवाओं ने आईटीआई कर रखा है। उनको साक्षात्कार सीधे कंपनियों में भेजा जाएगा जबकि दो युवक आईटीआई कर रहे हैं और एक युवक 12वीं पास है। इन तीनों युवकों को प्रशिक्षण दिलाने के बाद साक्षात्कार के लिए भेजा जाएगा। ये युवक खोदना खुर्द व घंघोला के हैं। एसीईओ ने कहा है कि प्राधिकरण स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रयास करता रहेगा। बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर प्राधिकरण के अधीन आने वाले 124 गांवों के किसानों के बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने की मुहिम शुरू की गई है। किसान प्रतिनिधियों से प्राप्त सूची के आधार पर प्राधिकरण की टीम युवाओं से संपर्क साध रही है और उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी के लिए कंपनियों से साक्षात्कार कराने की कोशिश कर रहा है। अभी तक तीन युवकों को ग्रेटर नोएडा की प्रतिष्ठित कंपनी में साक्षात्कार के जरिए रोजगार दिलाया जा चुका है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

**नई दिल्ली, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023**

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## ईडी की शक्ति के स्पष्टीकरण से भाजपा को झटका

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिये गये एक अहम फैसले से केन्द्र द्वारा किये जा रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग की कोशिशों को झटका लग सकता है। पिछले 9 साल से अधिक समय से जिस प्रकार मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनैतिक विरोधियों के लिये कर रही है, वह सम्भवत: दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले से रुक सकता है। ईडी की शक्तियों के स्पष्टीकरण के बाबत दिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक तो है ही, इसलिये भी दूरगामी हो सकता है क्योंकि इससे भारतीय जनता पार्टी सरकार की मनमानी पर अंकुश लग सकता है। जिस तरह से ईडी, आयकर एवं सीबीआई की शक्तियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार कर रही है, उससे ज्यादातर विरोधी दलों के नेता, वैचारिक विरोधी आदि परेशान हैं, उनके लिये भी यह राहत की बात होगी।

आशीष मित्तल नामक व्यक्ति द्वारा एडुकॉम्प मामले में प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के गुरुवार को दिये फैसले में स्पष्ट किया गया कि 'धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की शक्ति शामिल नहीं है।' हालांकि अदालत ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी पर यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की। मित्तल को 21 अगस्त को ईडी के समक्ष पेश होने का सम्मन जारी किया गया था। उन्हें आशंका थी कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया जाएगा या गिरफ्तार किया जाएगा अथवा बलि का बकरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें ईसीआईआर की कॉपी नहीं दी गई थी।

जस्टिस अनूप भंभानी ने कहा कि 'गिरफ्तारी की शक्ति पीएमएलए की धारा 50 में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, जो ईडी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों।' अदालत ने साफ किया कि 'पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने और दस्तावेजों के उत्पादन और बयान दर्ज करने की आवश्यकता की शक्ति, जो सिविल अदालत की शक्तियों के समान है, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की धारा 19 के तहत शक्ति से अलग है।' फैसले में आगे कहा गया- 'हालांकि पीएमएलए की धारा 19 ईडी के नामित अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, जो उस प्रावधान में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है, लेकिन यह स्पष्ट है कि गिरफ्तारी की शक्ति धारा 50 में नहीं है और न ही पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी किए गए सम्मन का स्वाभाविक परिणाम का कोई मतलब है।'

जस्टिस भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 और 50 दो अलग और विशिष्ट प्रावधान हैं और एक के तहत शक्तियों के प्रयोग को इस आशंका पर नहीं रोका जा सकता है कि इससे दूसरे के तहत शक्तियों का प्रयोग हो सकता है। अदालत ने कहा, 'अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत दस्तावेज पेश करने या शपथ पर बयान देने के लिए बुलाया गया कोई भी व्यक्ति, केवल यह आशंका व्यक्त करते हुए ऐसे समन का विरोध कर सकता है कि उसे ईडी के हाथों पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति वैधानिक प्रावधान के विरूद्ध होगी।'

जस्टिस भंभानी ने इस फैसले में ईडी की शक्तियों के मनमाने दुरुपयोग पर विस्तार से व्याख्या की है। इस फैसले का न्यायिक क्षेत्र में तो असर पड़ेगा ही, वर्तमान सियासी माहौल पर भी सकारात्मक प्रभाव होगा। न्यायिक क्षेत्र में इसलिये कि इसके जरिये ईडी की शक्तियों को लेकर स्पष्टता आयेगी। फिलहाल जिन्हें गिरफ्तारी का भय दिखाकर मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह शक्तिशाली हो गये हैं, उस पर अंकुश लगेगा। अनेक विरोधी दलों के नेताओं एवं समर्थकों पर जिस तरह से ईडी के जरिये भाजपा सरकार निरंकुश हुई है, उस पर भी रोक लगने की उम्मीद है। दिल्ली सरकार के तीन मंत्री जहां ईडी मामलों में जेलों में हैं वहीं छत्तीसगढ़ में कई सरकार (कांग्रेस) समर्थकों को भी न्यायिक हिरासतों में भेजा गया है। विरोधी दलों की अनेक राज्य सरकारों को भी गिराने में ईडी सहित केन्द्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग होता आया है। कई नेताओं ने तो इन एजेंसियों से बचने के लिये ही भाजपा की पनाह ली है। महाराष्ट्र का मामला सामने है जिसमें उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने दो बार शिवसेना (शिंदे) एवं भाजपा की संयुक्त सरकार में शामिल होकर अपने व अपनी पत्नी के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के तमाम आरोपों से मुक्ति पा ली। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो सुश्री मायावती के लिए भी कहा जाता है कि वे इसलिये भाजपा के खिलाफ नहीं जाती क्योंकि इससे वे जांच में फंस सकती हैं। पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि में भी विरोधी दलों के नेताओं के यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों की धमक होती रहती है। जिस 'ऑपरेशन लोटस' की बात भाजपा या राजनैतिक गलियारों में होती है वह मूलत: ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिये दलबदल कराने का ही नाम है। इनका जितना दुरुपयोग भाजपा के इन 9 वर्षों में हुआ है उतना आजाद भारत में कभी नहीं हुआ।

उम्मीद है कि जिस प्रकार से न्यायपालिका ने ईडी के अंतर्गत गिरफ्तारी के एक पहलू के बाबत स्पष्टता लाई है वैसे ही इन एजेंसियों के काम-काज के बारे में और भी स्पष्टता लाई जानी चाहिये। इसके बावजूद अगर सरकार दुरुपयोग से बाज न आये तो कोर्ट अपनी शक्ति दिखलाएं।

# हो टुकड़े-टुकड़े टूट चुकी मानवता

हैरानी और दुख की बात है कि अभी अस्सी साल भी नहीं बीते कि हिटलर के अत्याचार से पीड़ित एक कौम जो दर्द और मौत के समंदर में डूब रही थी, आज किसी दूसरी कौम को बेघर और बर्बाद करने पर तुल गई है। पूरी दुनिया यहूदियों के जिस दर्द को खुद के सीने में महसूस कर रही थी, अब वही यहूदी इस दर्द को महसूस करने से इंकार करते हैं। यकीन करना मुश्किल है कि वे यहूदी जिनका एक समय अपना कोई मुल्क नहीं था, आज लोगों को उनकी ज़मीन से बेदखल करने में जुटे मालूम होते हैं। उन्होंने उत्तरी ग़ाज़ा के लोगों से कह दिया है कि तुम अपने घर छोड़ दो, फिर हम वहां बमबारी करेंगे। इससे पहले कि जगह खाली होती, एक अस्पताल पर मिसाइल दाग़ दी गई। घायलों और बीमारों को इलाज के बजाय मौत मिली। वहां के घायलों को अब दूसरे अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। कोई भरोसा नहीं कि फिर वहां बम न बरसे।

बढ़-चढ़कर दावे करने वाले दोनों पक्ष यानी हमास और इज़राइल अब एक दूसरे पर इलज़ाम लगा रहे हैं कि यह जघन्य हरकत उनकी नहीं है। बताया जाता है कि पहले एक ट्वीट में इस हमले की ज़िम्मेदारी इज़राइली सेना ने ली थी फिर ट्वीट को डिलीट कर दिया गया। दोनों ओर से बच्चों की दहला देने वाली तस्वीरें जारी की जा रही हैं। अस्पताल पर हमला सबसे बड़े युद्ध अपराध बतौर देखा जाता है। दुनिया के आक़ा माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इज़राइल पहुंचकर अपने बयान में कह दिया है कि यह दूसरी टीम का काम है, जैसे ये इंसानी जिंदगियों की बात नहीं बल्कि बास्केटबॉल का कोई मैच हो। एक तरफ़ वे कहते हैं कि ग़ाज़ा के नागरिकों को राहत सामग्री पहुंचाई जाए और फिर यह भी कि हमास का यह हमला अमेरिका पर हुए 9/11 के हमले से भी बड़ा हमला है।

हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया जिसमे पांच सौ से ज़्यादा इज़राइलियों की जानें गईं, जिनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। कई मासूम नागरिकों को बंधक बना लिया गया। पूरी दुनिया हमास के इस खूनी हमले से दहल गई। नतीज़तन कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ खुद को खड़ा बताया। जॉर्डन, सीरिया, लेबनान, इजिप्ट जैसे देश जो फिलिस्तीन से थोड़ी हमदर्दी रखते हैं, उन्होंने भी हमास की तीखी भर्त्सना की। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ऐसा ही किया लेकिन हमास के हमले के बाद इज़राइल ने हमास के आतंकवादियों की तलाश में जो भीषण हमले किए उसने दुनिया को फिर सोचने पर मजबूर कर दिया कि यह लड़ाई आख़िर किस दिशा में बढ़ रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भी कहा- 'अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का पालन अनिवार्य है और पूरी दुनिया की ज़िम्मेदारी है कि वह आतंकवाद से उन्हीं घोषणाओं के मुताबिक मुकाबला करे।' फ़िलहाल जो दिख रहा है वह है खेमों में बंटी दुनिया। अस्पताल पर हमले के बाद अरब देशों के साथ अमेरिकी



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> **हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया।**

राष्ट्रपति की जॉर्डन में तय बैठक नहीं हुई। इस बैठक में फ़िलिस्तीन के मान्यता प्राप्त हिस्से के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भी भाग लेने वाले थे।

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका में अब दुनिया भर के नागरिक संगठन नेताओं को याद दिला रहे हैं कि फ़िलिस्तीन लम्बे अर्से से विवादित रहा है और इसके हल के लिए कभी भी ज़िम्मेदार देशों ने नतीजा देने वाले सार्थक प्रयास नहीं किए। अब भी जो बाइडेन इस वक्त जो बातें कह रहे हैं वे भी आग में पानी डालने वाली तो नहीं ही हैं। तेल अवीव में इज़राइल के प्रधानमंत्री को गले लगाकर कहना कि गाज़ा के अस्पताल पर हमला दूसरी टीम का काम है और यह 9/11 से भी बड़ा हमला है। इस बयान ने तटस्थ देशों को भी चौंकाया है। क्या चाहता है अमेरिका कि हमास को अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की तरह किसी देश में घुसकर मारा जाए; लेकिन यहां तो इस तलाश में दोनों ओर के हज़ारों बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। यह कह देना भी किस क़दर अमानवीय है कि, 'आप अपना मुल्क खाली करके निकल जाओ! हम यहां बम बरसाएंगे।' कहां जाया जाए कोई और कितने दिन किसी शरणार्थी कैंप में गुज़ारे जा सकते हैं? यूं पहले से ही जॉर्डन और इजिप्ट की सीमा पर फिलस्तीनियों के कई कैंप हैं। कौन सा देश उन्हें अपनाने को तैयार है? बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि लोग ग़ाज़ा नहीं छोड़ना चाहते। उन्हें मिसाइल का शिकार होना मंज़ूर है, दर-दर की ठोकरें खाना नहीं। पानी-भोजन की किल्लत है। वे घूम -घूमकर नलों में पानी तलाश रहे हैं। दुश्मनी का आलम यह है कि कोई राहत सामग्री भी उत्तरी ग़ाज़ा तक नहीं पहुंचने दी जा रही है। फिर भी अपनी जान की परवाह में इनमें से कुछ ने अल अहली अल अरब अस्पताल में शरण ली तो मिसाइल ने वहां आकर भी उनका काम तमाम कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास के हमले को 'नाइन-इलेवन' के हमले से भी बड़ा हमला तो बताया है लेकिन अस्पताल के क़ब्रगाह बनने पर उनका कोई तीखा बयान अब तक नहीं आया है। यह पक्षपात ही कहीं पश्चिम एशिया के इस हिस्से की उथल-पुथल का कारण न बन जाए।

यूं हज़ारों सालों का इतिहास बताता है कि यहूदी पूरी दुनिया में सर्वाधिक सताया गया समुदाय है। प्रभु ईसा मसीह स्वयं एक यहूदी (ज्यू) थे जिन्हें सलीब पर टांग दिया गया और यह मान्यता घर कर गई कि कुछ यहूदी ऐसा ही चाहते थे। ईसाइयों के बीच यहूदियों के लिए यह नफरत बढ़ती गई जो धर्म युद्ध में बदल गई। नफ़रत इस कदर फैली कि यहूदी और ईसाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। अफ़वाह फैलाई जाती थी कि यहूदी ईसाई बच्चों का खून पीते हैं या उनका धार्मिक रीति रिवाज़ों के लिए इस्तेमाल करते हैं। अठारहवीं सदी तक यह नफरत एक ख़ास किस्म की नस्लीय या जातीय भेद में बदल गई थी। यहूदी मानने लगे थे कि पूरी दुनिया उनसे नफरत करती है और उन्हें अपना एक देश बनाना ही होगा जो उन्हें मज़बूत सुरक्षा दे। उन्नीसवीं सदी के अंत में 'ज़ायोनिस्म मूवमेंट' की शुरुआत हुई। इस वक्त कुछ यहूदी येरूशलम में आकर बसने लगे। यह उनके लिए पवित्र स्थान था। ठीक वैसे ही येरूशलम ईसाईयों और मुसलमानों के लिए भी आस्था स्थल है। आज यह इज़राइल के पास है। तब वहां कोई ग़ाज़ा नहीं था, न कोई इज़राइल और न कोई वेस्ट बैंक। केवल फिलिस्तीन था, खाली ज़मीन के साथ। तब वहां ओटोमन साम्राज्य था और यहां तीनों यानी मुसलमान, ईसाई और यहूदी अमन से रहते थे।

अमन यह शब्द यहां उस दिन से खो गया जिस दिन हिटलर के बंकर से ख़बर आई कि ख़ुदकुशी के बाद 'तानाशाह मर गया।' इसके बाद दुनिया को शांति से भर जाना चाहिए था कि अब कोई जंग नहीं। आज के हालात देखकर लगता है कि इस दुनिया के हुक्मरान अब भी जंग के प्यासे हैं। उनकी हुक़ूमत को बड़ा आसरा युद्ध में काम आने वाले हथियार देते हैं। वे इस आग को सुलगाए रखना चाहते हैं। दुनिया का बंटवारा भी मन मुताबिक कर जाते हैं। धरती पर ऐसी आड़ी-तिरछी रेखाएं खींचतें हैं कि मानवता बस रोती ही चली जाती है। हिंदुस्तान अपने सीने पर लगे उस घाव को कैसे भूल सकता है जब शरणार्थियों की बाढ़ आई थी। वह अकेले कहां आई थी साथ नफरत भी लाई थी। फिलिस्तीन में भी यही हुआ। नफ़रत की लड़ाई जारी है। फिलहाल इनके नाम हमास और इजराइल हैं। ख़ात्मा कर दो हमास का लेकिन यह पक्का इरादा दिखना चाहिए। यह लड़ाई इतनी ईमानदार नहीं जितनी राम की रावण के विरुद्ध थी। कोई दुविधा नहीं थी वहां। एक ही लक्ष्य बुराई और आतंक का ख़ात्मा। इस दौर में उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया के अच्छे नागरिक सड़कों पर निकलकर इन हुक्मरानों को शांति की भाषा बोलने के लिए प्रेरित करें। ठीक ऐसा ही वियतनाम युद्ध के समय भी हुआ था।

रसूल हमजातोव की एक कविता है- 'भाई', जिसका अनुवाद फैज़ अहमद फैज़ ने किया है-


आज से बारह बरस पहले बड़ा भाई मरा
स्तालिनग्राद की युद्धभूमि में काम आया था
मेरी मां अब भी लिए फिरती है पहलू में ये ग़म
जब से अब तक पहने हुए है शोक की चादर
और उस दुख में मेरी आंख का गोशा तर है
अब मेरी उम्र बड़े भाई से कुछ बढ़कर है

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# 100 साल बाद भी गोलवलकर की विरासत की काली छाया में आरएसएस

मुंबई में 4-5 अक्टूबर 2023 को आयोजित अपनी वार्षिक संगोष्ठी में 'इंडिया टुडे' ने आरएसएस पर केन्द्रित एक सत्र भी रखा था. सत्र का विषय था, 'आरएसएस के 100 वर्ष: एम.एस. गोलवलकर अब भी क्यों टिके हुए हैं?' सत्र में विभिन्न विचारधाराओं के वक्ताओं ने हिस्सेदारी की। इसमें गोलवलकर से जुड़े मुख्यत: दो विषयों पर चर्चा हुई: पहला राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना और अल्पसंख्यकों के प्रति उनका दृष्टिकोण और दूसरा, भारत के संविधान की उनकी आलोचना। उनकी सोच के भारत की वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर प्रभाव पर विशेष बात नहीं हुई, खासकर इस संदर्भ में कि भारत में आज अल्पसंख्यकों की स्थिति दोयम दर्जे के नागरिकों की है और भारतीय संविधान की आलोचना में सरकार के शीर्ष पदाधिकारी सबसे आगे हैं।

गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'व्ही आर अवर नेशनहुड डिफाइंड' में लिखा, 'जर्मनी का अपनी नस्ल पर गर्व आज चर्चा का विषय है। अपनी नस्ल और संस्कृति की शुद्धता को बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश से यहूदियों का सफाया कर सारी दुनिया को चौंका दिया। जर्मनी में नस्ल को लेकर गर्व की भावना अपने सर्वोच्च स्वरूप में दिखाई देती है। जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि जिन नस्लों और संस्कृतियां में अंतर उनकी जड़ों तक व्याप्त हैं, उन्हें एक इकाई में समाहित करना असंभव है। हिन्दुस्तान में भी हम इस सबक को सीख सकते हैं और उससे लाभ उठा सकते हैं।' इसके जवाब में हिन्दू राष्ट्रवादी वक्ताओं ने कहा कि इस अंश को उसके संदर्भ से हटा कर नहीं देखा जाना चाहिए और यह भी कि चन्द पंक्तियां किसी व्यक्ति या किसी संस्था की विचारधारा को प्रतिबंबित नहीं कर सकतीं।



राम पुनियानी

> **सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे।**

इसके जवाब में एक पैनेलिस्ट ने सन् 1972 में 'द इलस्ट्रेटिड वीकली ऑफ इंडिया' के संपादक खुशवंत सिंह द्वारा लिए गए गोलवलकर के साक्षात्कार से उद्धत करते हुए कहा कि गोलवलकर का कहना था कि 'ऐतिहासिक कारणों से मुसलमानों की वफादारियां विभाजित हैं परंतु इसके लिए हिन्दू और मुसलमान दोनों जिम्मेदार हैं।' इसमें हम यह भी जोड़ सकते हैं कि आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने सन् 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में बोलते हुए इससे भी नरम रूख अपनाया था। बाद में उन्होंने यह भी कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। मोहन भागवत ने लिंचिंग करने वालों को खरीखोटी सुनाते हुए यह भी कहा था कि 'ऐसा करने वाले हिन्दुत्व के विरोधी हैं...यद्यपि कुछ मौकों पर लोगों के खिलाफ लिंचिंग की झूठी शिकायतें भी की गईं हैं... इस भय के दुष्चक्र में मत फंसिये कि भारत में इस्लाम खतरे में है...।'

सन् 1939 में प्रकाशित पुस्तक से लेकर 1972 के साक्षात्कार तक और उससे लेकर आरएसएस के वर्तमान मुखिया के वक्तव्य तक - संघ परिवार की कथनी लगातार बदलती रही है। परंतु उसकी करनी का क्या? आरएसएस की शाखाओं और उसके द्वारा संचालित स्कूलों में जो बताया-पढ़ाया जाता है, उसका क्या? भाजपा के आईटी सेल और कई मुख वाले संघ परिवार के नियंत्रण वाले सोशल मीडिया द्वारा जो प्रचार किया जाता है उसका क्या? संघ की शिक्षाएं विशुद्ध नफरत पर आधारित हैं। इस संगठन के प्रभाव को समझने के लिए केवल उसके शीर्ष नेतृत्व के कथनों पर ध्यान पर्याप्त नहीं होगा। हमें यह भी देखना होगा कि संघ की सोच का सामाजिक ताने-बाने पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और असहाय मुस्लिम अल्पसंख्यक उसके कारण क्या भोग रहे हैं?

एक तरह से सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे। इस विशाल संगठन की विभिन्न शाखाओं के बीच इतनी होशियारी से 'श्रम विभाजन' किया गया है कि जमीन पर हो रही घटनाओं का पितृसंगठन की छवि पर कोई असर नहीं होता। शाखाओं में स्वयंसेवकों को पहले ही पकाकर तैयार कर दिया जाता है। फिर संघ के पूर्व प्रचारक और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री इशारों ही इशारों में उन्हें निर्देश देते हैं-'हम दो हमारे दो, वो पांच उनके पच्चीस', 'उन्हें उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है', 'श्मशान-कब्रिस्तान', 'राणा प्रताप ने गाय की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया' आदि आदि। ये समाज में नफरत और हिंसा फैलाने के निर्देश होते हैं और लोगों को धर्म के आधार पर ध्रुवीकृत करने के भी।

जो कुछ देश में आज हो रहा है उसे संघ परिवार के शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन हासिल है। तभी तो हत्या के आरोपियों को उनके सांसद मालाएं पहनाते हैं। तभी तो बिलकिस बानो का बलात्कार करने वालों को जेल से जल्दी रिहा कर दिया जाता है और उनका सार्वजनिक अभिनंदन होता है। तभी तो मुसलमानों के एक बड़े तबके को एनआरसी-सीएए के नाम पर मताधिकार से वंचित करने का प्रयास होता है। तभी तो मुसलमान दुकानदारों के बहिष्कार की अपीलें होती हैं। तभी तो मुसलमानों से कहा जाता है कि अगर उन्हें अपनी जान की फिक्र है तो वे अपना घर-गांव छोड़कर चले जाएं। क्या गोलवलकर ने सन् 1939 में यही सपना नहीं देखा होगा?

जहां तक संविधान का सवाल है, आरएसएस के अनाधिकृत मुखपत्र 'आर्गनाईजर' ने गोलवलकर के आरएसएस का मुखिया होने के दौरान लिखा था, 'किन्तु हमारे संविधान में प्राचीन भारत में हुए अनूठे संवैधानिक विकास का कोई उल्लेख नहीं हैं। मनु द्वारा विरचित नियमों का रचनाकाल स्पार्टा और पर्शिया में रचे गए संविधानों से कहीं पहले का है। आज भी मनुस्मृति में प्रतिपादित नियम पूरे विश्व में प्रशंसा पा रहे हैं और इनका सहज अनुपालन किया जा रहा है। किंतु हमारे संवैधानिक पंडितों के लिए यह सब अर्थहीन है'।

इस सबका राष्ट्रवादी यह कहकर बचाव करते हैं कि किसी भी मुद्दे पर लोगों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। यह बिल्कुल सही है। क्या हम यह भूल सकते हैं कि विज्ञान भवन में अपने व्याख्यानों में मोहन भागवत ने भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया था। परंतु करनी और कथनी में अंतर का शानदार उदाहरण पेश करते हुए हिन्दू राष्ट्रवादी समूह के चिंतक-विचारक उसी संविधान के प्रजातांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी चरित्र पर तीखे हमले कर रहे हैं और जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी का कहना है कि 'भारत को केवल संविधान से बंधे एक नागरिक राष्ट्र के रूप में देखना, उसके इतिहास, उसके प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता को अनदेखा करना होगा। मैं भारत को एक सभ्यतागत राज्य के रूप में देखती हूं।'

एक अन्य राष्ट्रवादी चिंतक जे. साई दीपक का तर्क है कि हमारा संविधान उपनिवेशवाद की निशानी है और उसकी जड़ें ईसाई मूल्यों में हैं। उनका कहना है कि भारतीय संविधान को धर्म, संस्कृति, इतिहास, शिक्षा, भाषा आदि की दृष्टि से औपनिवेशिक मूल्यों से मुक्त करने के लिए सबसे पहले हमें अपने दिमाग को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करना होगा। वे यह भी मानते हैं कि औपनिवेशिक भाषा में सोचने से किसी व्यक्ति की सोच भी औपनिवेशिक हो जाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद के मुखिया बिबेक देबराय का मानना है कि हमारा संविधान औपनिवेशिक विरासत है और वे उसमें समाहित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वाधीनता जैसे मूल्यों पर प्रश्न उठाते हैं। अनमने भाव से हमें यह बताया गया है कि देबराय, उनकी अध्यक्षता वाली परिषद के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते परंतु सच यह है कि आज संघ की विचारधारा ठीक वही है जो गोलवलकर चाहते थे।

संघ के मूल एजेंडा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। हां, कड़वी गोली को खाने लायक बनाने के लिए उस पर चाशनी लपेटने की कोशिशें जरूर हुई हैं।

आयोजन में कुछ वक्ताओं ने गोलवलकर को 'आउटडेटिड' बताया। सच यह है कि तारीख और सन् के हिसाब से वे भले ही आउटडेटिड हों परंतु उनकी विचारधारा, उनकी सोच और उनका एजेंडा ही देश पर लादा जा रहा है।

*(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)*

## पावन प्रसंग

# प्राण ऊर्जा शक्तियों को जागृत करने का उपयुक्त काल नवरात्र

मनुष्य के शरीर में कुल सात चक्र हैं-मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्त्रार। भौतिक सुख से लेकर आध्यात्मिक दर्शन तक सम्पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए शरीर के पृथक-पृथक हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करके मूलाधार से लेकर सहस्त्रार चक्र के इन शक्तियों को जागृत किया जाता है। इस प्रक्रिया में शरीर की दो नाड़ियां-इड़ा और पिंगला, जब संतुलित होती हैं, तो उर्जा सुषुम्ना नाड़ी से प्रवाहित होती है। शक्ति एक प्राण ऊर्जा के रूप में नाड़ी से बहती है, जो हमारी नासाग्र दाहिने और बाएं स्वर से पता चलता है। ज्योतिषीय मान्यतानुसार सभी ग्रहों के स्वरूप सात चक्र हैं और इन चक्रों से परे हैं दो ग्रह-राहु और केतु। यह प्राण ऊर्जा ही ब्रह्म स्वरूप है, जो सात्विक भोजन से प्राप्त होती है, ब्रह्ममुहूर्त में नित्य उठने से गतिमान होती है, प्राणायाम से जगती है। धारणा से केंद्रित होती है। ध्यान से ऊपर की ओर चक्रों में बढ़ती है। भय और नकारात्मक सोच से ये सिकुड़कर कम होती है। तामसिक भोजन, कर्म, वार्ता से नीचे के चक्रों में गिरती है। दूसरों से आत्मिक प्रेम और जीवो से प्रेम से विस्तृत होती है। इस ऊर्जा का प्रबंधन ठीक से व्यवस्थित कर लिए जाने से असाधारण सफलता भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इन शक्तियों को जगाने का सर्वोत्तम काल नवरात्रि का माना गया है। नवरात्रि में हर दिन एक विशेष चक्र को जाग्रत किया जाता है, जिससे साधक को ऊर्जा प्राप्त होती है।

पौराणिक मान्यतानुसार माता भगवती, प्राण शक्ति का शरीर के सात चक्र और दो नाड़ियों में संचरण करके अंत में सुषुम्ना से प्रवाहित कर हमारे जीवन के सभी पहलुओं में सन्तुलन बनाती है। सामान्यत: मनुष्य की समस्त ऊर्जा मूलाधार चक्र अर्थात कामेंद्रियों के ऊपर होती है। साधक, योगीजन नवरात्रि में ध्यान के माध्यम से मूलाधार में स्थित अपनी ऊर्जा को सहस्त्रार चक्र तक लाते हैं। सांसों के नियंत्रण और ध्यान से इस ऊर्जा को ऊपर खींचा जा सकता है। जैसे-जैसे साधक ऊर्जा को एक-एक चक्र से ऊपर उठाते जाते हैं, उनके व्यक्तित्व में चमत्कारी परिवर्तन दिखने लगते हैं। नवरात्रि में पहले दिन इस शक्ति प्राण ऊर्जा को मूलाधार चक्र में उर्ध्व गमन किया जाता है। नवरात्रि की प्रथम पूज्य माता शैलपुत्री को अखंड सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन साधक अपनी शक्ति मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं, और योग, साधना करते हैं। मूलाधार अर्थात मूल चक्र मनुष्य की प्रवृत्ति, सुरक्षा, अस्तित्व और मौलिक क्षमता से संबंधित है।

नवरात्रि के छठे दिन दुर्गा के कात्यायनी रूप की पूजा-उपासना करने से आसुरी प्रवृत्ति व शत्रुता का नाश होता है। इस दिन साधक का मन आज्ञा अर्थात ललाट चक्र में अवस्थित होता है। दोनों भौहों के मध्य स्थित आज्ञा चक्र का प्रतीक दो पंखुडियों वाला कमल है और यह सफेद, नीले या गहरे नीले रंग से मेल खाता है। आज्ञा का मुख्य विषय उच्च और निम्न अहम को संतुलित करना और अंतरस्थ मार्गदर्शन पर विश्वास करना है। आज्ञा का निहित भाव अंर्तज्ञान को उपयोग में लाना है। मानसिक रूप से आज्ञा दृश्य चेतना, और भावनात्मक रूप से आज्ञा शुद्धता के साथ सहज ज्ञान के स्तर से जुड़ा होता है। इस चक्र में बाधा के कारण व्यक्ति पुराने मान-अपमान, अपराध बोध आदि से ग्रसित रहता है। सिर दर्द, तनाव आदि बने रहते हैं। क्षमाशीलता का अभाव होता है। आज्ञा चक्र भेदन में सफलता प्राप्त व्यक्ति अज्ञात भय से मुक्ति पा लेता है। और परमात्मा की झलक अधिक समय के लिए प्राप्त करने में आध्यात्मिक सफलता प्राप्त कर लेता है।

**अशोक प्रवृद्ध-सुमन सागर**

## आपके पत्र

# बेरोजगारी में डूबता गांव का युवा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले दस सालों में भारत दुनिया की तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। केवल आर्थिक मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि साइंस और टेक्नालॉजी के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का सिरमौर बनता जा रहा है। आर्थिक क्षेत्र में मज़बूती के कारण भारत का सामाजिक क्षेत्र भी प्रगति कर रहा है लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि जिस तेज़ी से तरक्की हो रही है, उसकी अपेक्षा लोगों को रोज़गार नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से देश में बेरोज़गारी की दर भी बढ़ती जा रही है। देश का कोई राज्य ऐसा नहीं है, जहां बेरोज़गारों की फ़ौज नहीं खड़ी है। इसका सबसे बुरा प्रभाव देश के ग्रामीण क्षेत्रों को हो रहा है, जहां युवा टेक्निकल स्किल की कमी के कारण रोज़गार की दौर में पिछड़ रहे हैं।

पहाड़ी राज्य उत्तराखण्ड का ग्रामीण क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। जहां बड़ी संख्या में युवा बेरोज़गार हैं। रोज़गार की तलाश में युवा बड़े शहरों और मैदानों की ओर पलायन को मजबूर हो गए हैं। दरअसल इन बड़े शहरों और मैदानी इलाक़ों में काम के ऐसे अवसर मौजूद हैं कि वह कुछ न कुछ करके जीवनयापन कर लेते हैं, परंतु पर्वतीय क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बहुत सीमित हैं, जिससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो जाता है। पर्वतीय क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन के साधन मौसम, जंगली जानवर, बाजारीकरण व नवीन तकनीकी के अभाव पर निर्भर रहते हैं। जिस पर रोजगार की गारंटी न के बराबर होती है। राज्य के लिए बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। रोज़गार के सीमित अवसरों के कारण बेरोजगारों की संख्या में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है जिसके चलते युवाओं द्वारा परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों का रुख किया जा रहा है। इससे राज्य में पलायन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

अक्सर युवाओं को रोजगार दिये जाने की बात कही जाती है पर यदि ऐसा होता तो सेवा योजन कार्यालयों में फाइलों के गठ्ठे न होते और ना ही एक पद पर आवेदन करने वालों की संख्या हजारों में होती। आलम यह है कि राज्य में बेरोजगारों की संख्या तो लाखों में है, मगर नौकरी के अवसर बहुत ही सीमित हैं जिससे राज्य के हज़ारों उच्च शिक्षित नौजवानों के हाथों में मज़दूरी का काम थमा दिया है। इस संबंध में, हल्द्वानी, नैनीताल के युवा टेम्पो चालक पंकज सिंह बताते हैं कि वह एमएससी प्रथम श्रेणी से पास हैं। उन्होंने सरकारी नौकरी के लिए कई परीक्षाएं दीं, लेकिन कभी पेपर लीक तो कभी धांधली के चलते परीक्षाएं निरस्त कर दी गईं। जिससे उन्हें हमेशा निराशा ही हाथ लगी। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी के चलते उन्होंने निजी कम्पनी में कार्य भी किया, लेकिन कंपनी द्वारा अत्यधिक शोषण के कारण इन्होंने नौकरी छोड़ दी और टेम्पो चलाने का फैसला किया। वह बताते हैं कि कई युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद या तो नौकरी की तलाश में बेरोजगार घूम रहे हैं अथवा मामूली तनख्वाह पर शोषण सहने को मजबूर हैं।

हालांकि सरकार द्वारा बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। आजीविका के साधन उपलब्ध कराने और लोगों की आय को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वरोज़गार पर फोकस किया जा रहा है। इसमें पीएम-दक्ष, मनरेगा, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं को लागू किया गया है। इसके अतिरिक्त सब्सिडी द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी, उत्तराखंड**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## अफगानिस्तान में सुरक्षा बलों ने जब्त किए गोला बारूद

**काबुल।** अफगानिस्तान सुरक्षा बलों ने जवजान प्रांत में भारी मात्रा में गोला-बारूद जब्त किया है। प्रांत के एक सैन्य अधिकारी अली मोहम्मद वासल ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने एक घर से रॉकेट के 18 गोले और मशीनगन के 2,540 कारतूस किए हैं। श्री वासल ने कहा, हमने खुफिया जानकारी के आधार पर किराए के एक मकान पर खोजबीन की। वहां से रॉकेट से दागे जाने वाले 18 गोले और मशीनगनों के 2,540 कारतूस जब्त किए।

# देश विदेश

# इजरायल ने गाजा के पास तैनात किए एंटी-ड्रोन केज से लैस टैंक


**तेल अवीव,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा के बाहर इकट्ठा हो रहे इजरायली टैंकों को एंटी-ड्रोन केज से लैस किया गया है, जिसका रूस-यूक्रेन युद्ध में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन पोस्ट ने संशोधित कवरिंग वाले इजरायली टैंकों की तस्वीरें साझा की हैं, जिनका उद्देश्य वाहन के अंदर सैनिकों को ड्रोन से गिराए गए किसी भी विस्फोटक से बचाना है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के एक वरिष्ठ सलाहकार मार्क कैंसियन ने अखबार को बताया, मेरी धारणा यह है कि हमास के हमलों ने इज़राइल को केज का अधिक व्यापक इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहन दिया। शायद यह कुछ ऐसा था जिसके बारे में वे पहले से सोच रहे थे क्योंकि हर कोई यूक्रेन में युद्ध को करीब से देख रहा है। कैंसियन ने कहा, एक दिलचस्प सवाल यह है कि क्या ये संरचनाएं संघर्ष में बख्तरबंद वाहनों के लिए मानक बन जाएंगी। संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने टैंकों को केज से सुसज्जित नहीं किया है, लेकिन यह एक सबक हो सकता है जिसे सेनाओं को कठिन तरीके से सीखने की जरूरत है। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 7 अक्टूबर को हमास के हमलों के वीडियो फुटेज में दिखाया गया है कि कैसे आतंकवादी समूह ने इजरायली संचार प्रतिष्ठानों पर विस्फोटक गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया, जिससे आईडीएफ की तीव्र प्रतिक्रिया को रोकने में मदद मिली।

**संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा के बाहर इकट्ठा हो रहे**



## ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक इजराइल पहुंचे

**तेल अवीव।** इजरायल-हमास संघर्ष के बीच, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक गुरुवार को तेल अवीव पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बाद युद्धग्रस्त देश का दौरा करने वाले वे दूसरे बड़े नेता बन गए हैं। एक्स पर एक पोस्ट में सुनक ने कहा मैं इज़राइल में हूं, एक देश शोक में है। मैं आपके साथ शोक मनाता हूं और आतंकवाद जैसी बुराई के खिलाफ हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। बीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, सुनक सबसे पहले अपने इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद ब्रिटिश नेता अन्य क्षेत्रीय राजधानियों की यात्रा करेंगे।



## फुटबॉलर मोहम्मद सलाह ने किया 'नरसंहार' खत्म करने का आह्वान

**काहिरा।** मिस्र और लिवरपूल कप्तान फुटबॉलर मोहम्मद सलाह ने गाजा में 'नरसंहार' खत्म करने का आह्वान करते हुए कहा है कि इजरायल की ओर से घेरे गए फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवीय सहायता तुरंत पहुंचानी जानी चाहिए। गौरतलब है कि गाजा शहर के अल-अहली अरब अस्पताल में रॉकेट विस्फोट में लगभग 500 लोगों की मौत के बाद बढ़ते आक्रोश के बीच 31 वर्षीय लिवरपूल फारवर्ड ने बुधवार को गहराते इजराइल-गाजा संघर्ष पर अपनी बात रखी। फ़िलिस्तीनी अधिकारियों का हालांकि यह कहना है कि यह रॉकेट विस्फोट इज़रायली हवाई हमले के कारण हुआ था। इस पर इज़राइल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह विस्फोट फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) सशस्त्र समूह द्वारा लॉन्च किए गए रॉकेट के लक्ष्य भेदने में विफल रहने के कारण हुआ था।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 20 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष -आप का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप अस्वस्थता एवं चिंता का अनुभव करेंगे। शरीर में थकान और आलस्य एवं मन में अशांति रहेगी। आप आज थोड़े क्रोधित रहेंगे, जिससे काम बिगड़ सकते हैं।

वृषभ -आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आज किसी भी प्रकार से कोई नया काम शुरू ना करें। आज आप का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। खान-पान में विशेष ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

मिथुन -आप का दिन आनंद-प्रमोद तथा भोग-विलास में गुजरेगा। दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन सुख मिलेगा। नए वस्त्र की खरीदी और उसे पहनने के अवसर प्राप्त होंगे।

कर्क -आप का दिन अच्छी तरह से गुजरने वाला है। घर में शांति तथा आनंद का वातावरण रहेगा। सुखमय प्रसंग बनेंगे। आप जो भी काम करेंगे, उसमें यश प्राप्त होगा। आरोग्य अच्छा रहेगा।

सिंह -आज का दिन आनंद से गुजरने वाला है। आज आप अधिक कल्पनाशील बने रहेंगे। साहित्य-सृजन के तहत मौलिक रूप से काव्य रचना की प्रेरणा होगी। किसी प्रिय मित्र के साथ हुई भेंट शुभ फलदायी होगी।

कन्या -आज का दिन आपके लिए अच्छा नहीं है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। कई परेशानियों के कारण मन व्याकुल रहेगा। स्फूर्ति का अभाव होगा। स्वजनों के साथ अनबन रहेगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

तुला -आप का दिन शुभ फलदायी होगा। बंधुओं के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। उनके साथ बैठकर घर की समस्या पर चर्चा होगी। किसी छोटे धार्मिक स्थल पर जाने का सफल आयोजन होगा। धन लाभ का योग हैं।

वृश्चिक -आज साधारण लाभ का दिन है। व्यर्थ के खर्च पर रोक लगानी होगी। परिवार में झगड़े न हों, इसके लिए अपनी वाणी पर कंट्रोल रखें। कुटुंब के सदस्यों के बीच की गलतफहमी को दूर रखें।

धनु -आज का दिन काम और पढ़ाई में सफलता के लिए समय बहुत अनुकूल है। विदेश-व्यापार से लाभ हो सकता है। आप धार्मिक और शुभ काम कर सकेंगे। सम्बंधियों और मित्रों से मिलकर आप खुश होंगे। वित्तीय लाभ हो सकता है।

मकर -आपको स्वास्थ्य सम्बंधी शिकायत रहेगी। मानसिक भय हो सकता है। व्यवसाय में दूसरों की दखलंदाजी परेशान करेगी। धर्म और समाज से सम्बंधित कामों के पीछे पैसे खर्च हो सकते हैं।

कुंभ -आज का दिन शुभ मंगलकारी काम के लिए अच्छा है। अविवाहितों के लिए वैवाहिक योग है। संतान और पत्नी की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। पारिवारिक और दांपत्य जीवन में आनंद और संतोष प्राप्त कर सकेंगे।

मीन -आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। भाग्य आपके साथ है। व्यवसाय में पदोन्नति या वृद्धि हो सकती है। व्यापार में आपको रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों की तरफ से लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1568- अकबर ने चित्तौडगढ़ पर आक्रमण किया।
1740 - मारिया थेरेसा ऑस्ट्रिया, हंगरी और बोहेमिया के शासक बने।
1774 - कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) भारत की राजधानी बनी।
1880 - एम्सटर्डम मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी।
1855-आधुनिक गुजराती साहित्य के कथाकार, कवि, चिंतक, विवेचक, चरित्र लेखक एवं इतिहासकार गोवर्धनराम माधवराम त्रिपाठी का जन्म हुआ।
1904- चिली और बोलीविया ने शांति और मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किया।
1905- रूस में 11 दिन तक चली ऐतिहासिक हड़ताल की शुरुआत हुई।
1920- पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस सिद्धार्थ शंकर राय का हुआ।
1930- दिल्ली हाई कोर्ट की प्रथम महिला न्यायाधीश लीला सेठ का जन्म हुआ।
1946 - वियतनाम की डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन सरकार ने को वियतनाम महिला दिवस के रूप में घोषित किया।
1947 - अमेरिका और पाकिस्तान ने पहली बार राजनयिक संबंध स्थापित किये थे।
1962 - भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर युद्ध शुरू हुआ।
1963- दक्षिण अफ्रिका में नेल्सन मंडेला और आठ अन्य के खिलाफ मजदूरों को हड़ताल के लिए उकसाने को लेकर मामला शुरु हुआ।
1964- प्रसिद्ध क्रांतिकारी एचसी दासप्पा का निधन हुआ
1970- सैयद बर्रे ने सोमालिया को समाजवादी राज्य घोषित किया।
1973 - ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में ओपेरा हाउस को पहली बार जनता के लिए खोला गया।

## अमेरिकी संसद के बाहर प्रदर्शन के दौरान 500 लोग गिरफ्तार

**वाशिंगटन,** 19 अस्टूबर (एजेंसियां)। फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायल के अभियान में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में कांग्रेस (संसद) के बाहर प्रदर्शन कर रहे करीब 500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शन का आयोजन 'जेविश वॉयस फॉर पीस' ने किया था। प्रदर्शनकारियों में कई लोगों ने 'हमारे नाम पर नहीं' शब्द लिखे शर्ट पहने हुए थे। प्रदर्शनकारी जब बुधवार को कांग्रेस भवन की लॉबी के फर्श पर बैठे थे, तो पुलिस ने उन्हें घेर लिया। प्रदर्शनकारियों ने एक बड़ा बैनर लहराया, जिस पर 'संघर्ष विराम' लिखा हुआ था। इजरायल की बमबारी से घिरी गाजा पट्टी में मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है। जेविश वॉयस फॉर पीस ने कहा कि लगभग 10,000 लोगों ने अमेरिकी राजधानी की सड़कों पर इस मुद्दे को लेकर जुलूस निकाला। प्रगतिशील यहूदी संगठन ने एक्स पर लिखा, इज़रायल द्वारा फ़िलिस्तीनियों पर चल रहे उत्पीड़न में अमेरिका की मिलीभगत पर जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमने कांग्रेस का घेराव किया। उधर, अमेरिकी पुलिस ने कहा कि उन्होंने बुधवार शाम तक प्रदर्शनकारियों से इमारत खाली करा ली है और गिरफ्तारियां कर रहे हैं। इज़रायल ने गाजा पट्टी पर 'संपूर्ण घेराबंदी' कर दी है, जिसके कारण 20.30 लाख निवासियों के लिए भोजन, पानी, बिजली और चिकित्सा आपूर्ति तक पहुंच अवरुद्ध हो गई है।

निज्जर की हत्या पर ऑस्ट्रेलियाई खुफिया प्रमुख बोले

# टूडो के दावे पर विवाद का कोई कारण नहीं



**मेलबर्न,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खुफिया प्रमुख ने कहा है कि इस साल जून में सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका के कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के दावे पर विवाद करने का कोई कारण नहीं है। भारत ने आरोप से इनकार किया है, लेकिन दोनों देशों के बीच इसको लेकर राजनयिक विवाद पैदा हो गया। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) के महानिदेशक माइक बर्गेस ने एबीसी न्यूज चैनल को बताया कि यह एक गंभीर आरोप है और उनके पास इस मामले में कनाडाई सरकार ने जो कहा है उस पर विवाद करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि किसी भी देश पर उस देश के नागरिक की हत्या का आरोप लगाया जा रहा है, यह एक गंभीर आरोप है, और कुछ ऐसा है जो हम नहीं करते हैं और कुछ ऐसा है जो नहीं करना चाहिए। बर्गेस ने ये टिप्पणी कैलिफ़ोर्निया में की। वो यहां फ़ाइव आइज़ खुफ़िया साझेदारों की एक सार्वजनिक सभा में मौजूद थे। इसके सदस्य देशों में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और न्यूज़ीलैंड हैं। ख़ुफ़िया प्रमुख ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि सभा में इस मुद्दे पर चर्चा की गई या नहीं, लेकिन एक राष्ट्रीय सुरक्षा सूत्र ने एबीसी को बताया कि बर्गेस को पिछले महीने नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले इस मामले पर जानकारी दी गई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने पिछले महीने रिपोर्ट दी थी कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने जानकारी दी जिसके बाद कनाडा ने निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया।

# उत्तर-पूर्व और जम्मू-कश्मीर में रेल संपर्क को बढ़ावा

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार, अश्विनी वैष्णव ने जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ) माणिक साहा के साथ आज वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिए सप्ताह में तीन दिन चलने वाली ट्रेन नंबर 15617/15618 दुल्बचेर्रा - गुवाहटी रेलगाड़ी, ट्रेन नंबर 07688/07687 अगरतला-सबरूम डेमू ट्रेन, ट्रेन नंबर 12514/12515 गुवाहटी- सिकंदराबाद एक्सप्रेस को सिल्चर (असम) तक बढ़ाने और ट्रेन नंबर 12519/12520 कामाख्या- लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस को अगरतला (त्रिपुरा) तक विस्तार को हरी झंडी दिखाई। जम्मू और कश्मीर में बड़गाम- बनिहाल रेलगाड़ी के लिए नए विस्टाडोम डिब्बों को भी हरी झंडी दिखाई गई। कार्यक्रम के दौरान अनेक गणमान्य लोग वीडियो कन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े हुये थे।

श्री अश्विनी वैष्णव ने इस अवसर पर कहा, 'पिछले नौ वर्ष के दौरान, उत्तर-पूर्व के राज्यों और जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव देखा गया है और यह बदलाव जमीन पर स्पष्ट देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने 60 बार से अधिक बार उत्तर-पूर्व राज्यों की यात्रा की है जो कि उनसे पहले रहे भारत के प्रधानमंत्रियों की यात्राओं से अधिक है। धारा 370 हटने के बाद से जम्मू और कश्मीर के विकास में तेजी आई है। हाल ही में जी20 की बैठकें जम्मू और कश्मीर राज्य में हुईं। इन दोनों क्षेत्रों में रेलवे की भी कई विकास परियोजनायें चल रहीं हैं। रेलवे ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र के लिये 10,269 करोड़ रूपये का वार्षिक बजट आवंटित किया है, जबकि इससे पहले यह 2,122 करोड़ रूपए के आसपास था। उत्तर-पूर्व राज्यों में रेलवे की विभिन्न परियोजनायें तेजी से आगे बढ़ रहीं हैं। उत्तर-पूर्व के लिये दो वंदेभारत ट्रेन चलाने की भी योजना है। जम्मू और कश्मीर में चेनाब पुल, अंजी पुल, सुरंगों का विकास कार्य कुछ हिस्सों को छोड़कर पूरा हो चुका है। रेलवे उत्तर-पूर्व राज्यों में व्यापक बदलाव के लिये काम कर रहा है।

जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस अवसर पर कहा, 'बनिहाल और बड़गाम के बीच विस्टाडोम कोच लगाना रेलवे की ओर से इस केंद्र शासित प्रदेश के विकास की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अत्याधुनिक डिजाइन वाले विस्टाडोम कोच से बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकेगा।' उन्होंने कहा कि हाल के समय में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला है और अब नये रेल रेलवे डिब्बों से क्षेत्र के विकास को और प्रोत्साहन मिलेगा। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ) माणिक साहा ने कहा, ''राज्य में रेल संपर्क को बढ़ाने के लिये हम प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के आभारी हैं। इससे दूर दराज इलाकों में पहुंचना आसान होगा और राज्य में व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।'



- रेल मंत्री ने जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल, असम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्रियों के साथ नई रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- जम्मू और कश्मीर में बड़गांम-बनिहाल रेलगाड़ी के लिये नये विस्टाडोम डिब्बों को भी झंडी दिखाई गई
- विस्टाडोम कोच से जम्मू और कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

**आवेदन** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के वकील ने आवेदन किया दायर

# पाकिस्तान चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह पर आदेश जारी करने का आग्रह किया

**इस्लामाबाद, 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) से चुनाव चिन्ह जारी करने के संबंध में अपना मौखिक आदेश जारी करने का आग्रह किया है। द न्यूज ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पीटीआई के वकील सीनेटर बैरिस्टर सैयद अली जफर ने बुधवार को चुनाव आयोग में एक आवेदन दायर कर न्याय और निष्पक्षता के हित में एक विस्तृत लिखित आदेश जारी करने का अनुरोध किया।**

उन्होंने कहा पार्टी ने चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह जारी करने के संबंध में उसकी घोषणा के आलोक में अविलंब विस्तृत निर्णय जारी करने का आग्रह किया है।

सीनेटर ज़फर के अनुसार, चुनाव आयोग ने इंट्रा-पार्टी चुनावों के आधार पर बल्ला का प्रतीक जारी करने से इनकार करने के लिए पीटीआई को नोटिस जारी किया था।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतर-पार्टी चुनावों के आधार पर आयोग का नोटिस एक गंभीर गलती थी, क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार 9 जून, 2022 को अंतर-पार्टी चुनाव कराए थे। उन्होंने कहा कि ईसीपी के पास अंतर-पार्टी चुनाव कराने के बाद पीटीआई को उसके प्रतीक चिन्ह से वंचित करने का कोई औचित्य नहीं था, क्योंकि चुनावी निकाय ने अंतर-पार्टी चुनावों पर कभी आपत्ति नहीं जताई थी, लेकिन प्रस्तुत दस्तावेज़ में कुछ कमियों की पहचान की थी, जिन्हें हटा दिया गया था। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने अपने 30 अगस्त, 2023 के फैसले में, इंट्रा-पार्टी चुनाव कराने के पीटीआई के फैसले को स्वीकार कर लिया और आयोग के 30 अगस्त के फैसले के बाद बल्ला का चुनाव चिन्ह जारी करने के फैसले की घोषणा की। मामला अंतिम और पूर्ण हो चुका था। उन्होंने याद दिलाया कि 30 अगस्त के फैसले की मौखिक घोषणा के समय, चुनाव आयोग ने इस संबंध में एक विस्तृत निर्णय जारी करने की घोषणा की थी और इसे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में व्यापक रूप से उजागर किया गया था , हालांकि उन्होंने कहा, इस फैसले को 41 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक विस्तृत निर्णय उपलब्ध नहीं कराया गया है।

उन्होंने कहा पीटीआई देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जो आगामी चुनाव लड़ रही है।




- ईसीपी के पास अंतर-पार्टी चुनाव कराने के बाद प्रतीक चिन्ह से वंचित करने का कोई औचित्य नहीं

## सुडोकू 6352

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 1 | | | | | |
| 7 | | | | | | 2 | | |
| 6 | | 8 | 2 | | | 9 | 3 | |
| | | 7 | | 4 | 9 | 3 | | |
| | | | 7 | | 3 | | | |
| | | 5 | 8 | 2 | | 7 | | |
| | 8 | 2 | | | 7 | 5 | | 1 |
| | | 1 | | | | | | 6 |
| | | | | | 2 | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6352

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. पालन करना, निर्वाह करना
३. बदइंतजामी
५. भ्राति में पड़ा हुआ, शंकित
६. स्पष्ट असहमति जताना, जवाब देना
७. पथप्रदर्शक (उर्दू)
८.स्थायी रूप से स्मृति में बनाए रहना (मुहावरा)
१३. भवानी, दुर्गा
१५. धुला हुआ, निर्मल
१६. घोंसला. निवासस्थल (उर्दू)
१७. आया हुआ
१८. टेढ़ापन
२०. गेवदूत (उर्दू)
२२. अनिष्ट की आशंका होना मुहावरा है माथा....
२३. क्रुद्ध होना, आवेश में आना

**ऊपर से नीचे:-**

१.बाधा रहित, निर्विघ्न
२. सदैव, साथ रहने वाला (उर्दू)
३. किसी चीज के छोटे-छोटे टुकड़े करना
४. व्यवस्था (उर्दू)
५. मिलिंद
९. द्वारपाल
१०. करीब करीब
११. बास, महक, बू
१२. क्षमता, सामर्थ्य (उपमा)
१४. सकल (उर्दू)
१७. गले तक
१९. क्रमसंख्या
२०. तीक्ष्ण, धारदार
२१. लीन, मग्न, लगा हुआ

### वर्ग पहेली-6351

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | रा | २ चा | री | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| र्व | ■ | टु | ■ | ५ नि | रा | ला | ■ | ग | ■ |
| ६ च | स | का | ■ | र्भी | ■ | ७ ह | रा | भ | रा |
| न | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | ग | |
| ■ | १० मु | ■ | ति | ■ | ■ | ■ | ११ सं | ■ | १२ म |
| १३ वा | ह | वा | ही | ■ | १४ म | ■ | १५ ज्ञा | प | न |
| ■ | ब्ब | ■ | १६ न | सी | ह | त | ■ | ■ | मा |
| १७ पू | त | ना | ■ | ■ | क | ■ | १८ आ | १९ सा | नी |
| ज | ■ | ■ | २० अं | शु | मा | २१ ली | ■ | कि | ■ |
| २२ न | वो | दि | त | ■ | ■ | २३ न | वी | न | ता |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### कोविड संक्रमण से बिगड़ सकती हैं मूत्र संबंधी समस्याएं

**हांगकांग,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। सार्स-कोव-2 संक्रमण पुरुषों में निचले मूत्र पथ के लक्षणों (लोअर यूरिनरी ट्रैक्ट सिम्पटम्स) को खराब कर सकता है। निचले मूत्र पथ के लक्षण (एलयूटीएस) मूत्राशय, मूत्र दबानेवाला यंत्र, मूत्रमार्ग और पुरुषों में प्रोस्टेट से जुड़े नैदानिक लक्षणों के समूह को संदर्भित करते हैं। यह शब्द आमतौर पर पुरुषों के लिए अधिक प्रयोग किया जाता है क्योंकि 40 प्रतिशत से अधिक वृद्ध पुरुष इससे प्रभावित होते हैं। जर्नल ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि कोविड संक्रमण मूत्र प्रतिधारण, हेमट्यूरिया, यूटीआई की बढ़ती घटनाओं और अल्पावधि में संयोजन चिकित्सा के जुड़ने से जुड़ा है। शोधकर्ताओं ने 2021-2022 में हांगकांग की सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के भीतर एलयूटीएस के लिए दवा प्राप्त करने वाले 17,986 पुरुषों को शामिल किया, जिनमें से आधे को सार्स-कोव-2 संक्रमण था। सार्स-कोव-2 वाले समूह में मूत्र प्रतिधारण की दर काफी अधिक थी । हांगकांग में प्रिंस ऑफ वेल्स अस्पताल की टीम ने कहा यह सार्स-कोव-2 संक्रमण के हानिकारक मूत्र संबंधी प्रभावों को प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा अध्ययन है।

# प्रादेशिकी

## हरियाणा में दो आईएएस अधिकारियों के तबादले

**चंडीगढ़,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से दो भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किये हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने गुरुवार को यहां यह जानकारी देते हुये बताया कि नियुक्ति के लिये प्रतीक्षारत श्रीमती आशिमा बराड़ को श्री टी.एल सत्यप्रकाश के स्थान पर शहरी संपदा का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उन्हें, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग का महानिदेशक भी नियुक्त किया गया है। प्रवक्ता के अनुसार श्री मंदीप सिंह बराड़ को खनन एवं भूविज्ञान विभाग का महानिदेशक एवं सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, उन्हें मिशन निदेशक, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना एवम् हरियाणा राज्य भंडारण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का कार्यभार भी सौंपा गया है।

# पाखरो टाइगर सफारी घोटाले में सीबीआई जांच शुरू, वन विभाग के अधिकारियों से की पूछताछ

**देहरादून,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में इन दिनों वन विभाग के तमाम अफसरों के लिए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का पाखरो टाइगर सफारी प्रकरण गले की हड्डी बना हुआ है। मामले में नैनीताल हाईकोर्ट की ओर से जांच के आदेश मिलने पर सीबीआई यानी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एकाएक अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। अब सीबीआई वन विभाग के बड़े अफसरों के दफ्तरों तक भी पहुंचने लगी है।




- सीबीआई जांच शुरू होते ही वन महकमे में मचा हड़कंप
- वन मुख्यालय में करीब 2 घंटे तक अधिकारियों से की बातचीत
- कॉर्बेट में फील्ड विजिट करने को लेकर पीसीसीएफ से सीबीआई ने बात की

बताया जा रहा है कि देहरादून में वन मुख्यालय तक भी सीबीआई के अधिकारियों ने पहुंचकर अपनी जांच को आगे बढ़ा दिया है। फिलहाल, सीबीआई जांच को प्राथमिक दृष्टियों को देखते हुए तथ्यों को जुटा रही है।

वन मुख्यालय में भी सीबीआई ने करीब 2 घंटे तक अधिकारियों से बातचीत की। साथ ही इस पूरे प्रकरण पर पूर्व में की गई जांच के लिहाज से तमाम स्थितियों को जाना।बता दें कि इससे पहले भी सीबीआई पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद के घर पर छापेमारी कर चुकी है। इसके अलावा रिटायर्ड रेंजर बृज बिहारी शर्मा के घर भी सीबीआई की टीम ने दस्तक दी थी और तथ्यों को जुटाया था। उधर, सीबीआई की इस तरह सक्रियता ने अब वन विभाग में भी हड़कंप मचा दिया है। इस मामले में फिलहाल सीबीआई पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत के घर नहीं पहुंची है, लेकिन सीबीआई ने किशन चंद से जांच को शुरू करते हुए विभाग के बड़े अधिकारियों तक भी पहुंचना शुरू कर दिया है। इन स्थितियों को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों में सीबीआई की धमक के कारण हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। वहीं, कॉर्बेट में फील्ड विजिट करने को लेकर पीसीसीएफ से सीबीआई ने बात की है। यहां सीबीआई करीब एक महीने तक फील्ड विजिट कर जांच करेगी।

### क्या है प्रकरण?

गौर हो कि जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के पाखरो रेंज में टाइगर सफारी का निर्माण किया जाना था। आरोप है कि साल 2019 में बिना वित्तीय स्वीकृति के ही इसका निर्माण शुरू कर दिया गया। इसके लिए पाखरो रेंज में टाइगर सफारी के नाम पर जमकर अवैध निर्माण किया गया। साथ ही जमकर हजारों पेड़ों पर आरियां चलाई गई। उधर, मामले की हकीकत जानने के लिए एनटीसीए यानी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने पाखरो रेंज का स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण में एनटीसीए को भारी अनियमितताएं मिली। लिहाजा, मामला सामने आया तो सरकार ने आनन-फानन में जांच के आदेश दिए। जिस पर विजिलेंस ने हल्द्वानी में मुकदमा दर्ज किया। जांच के आधार पर साल 2022 में विजिलेंस ने देहरादून में पूर्व रेंजर बृज बिहारी शर्मा और हरिद्वार में पूर्व डीएफओ किशनचंद की गिरफ्तारी की। इस मामले में विजिलेंस चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है। उधर, नैनीताल हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई से कराने के आदेश दिए हैं। जिसके बाद अब सीबीआई ने दस्तावेज खंगालने के साथ जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## हर्षिल को फल पट्टी किया गया घोषितः गणेश जोशी




**उत्तरकाशी,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी गुरुवार को सीमांत जनपद उत्तरकाशी के वाइब्रेंट विलेज हर्षिल पहुंचे। जहां कृषि मंत्री गणेश जोशी ने दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेब महोत्सव - 2023 का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने सेब महोत्सव में लगी सेब की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में रेड चीफ, ऑर्गन स्पर, सुपर चीफ, गाला, गोल्डन डेलीशियस, रॉयल डेलीशियस, रेड डेलीशियस, फैनी, रॉयमर, जोनाथन, बकिंघम, रेड ब्लाक, जिंजर गोल्ड, पिंक लेडी, ग्रेमी स्मिथ, रेड गोल्डन, ग्रीन स्वीट, रेड फ्यूजी, क्रेब एप्पल सहित कई सेब की प्रजाति प्रदर्शित की गई। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने हर्षिल को फलपट्टी की घोषणा भी की। इस दौरान मंत्री ने ड्रोन स्प्रेयर मशीन का भी अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री ने वाइब्रेंट विलेज के तहत ग्रामीणों और किसानों की समस्या को भी सुना।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने वाईब्रेन्ट विलेज हर्षिल घाटी में उत्तराखण्ड के बहु प्रसिद्ध सेब उत्पादक क्षेत्र हर्षिल उत्तरकाशी में उद्यान विभाग द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेब महोत्सव - 2023 के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा इस महोत्सव में राज्य में उत्पादित विभिन्न प्रकार की सेब प्रजातियों का संकलन देखने को मिलेगा। साथ ही सेब उत्पादन की विभिन्न तकनीकों का सजीव प्रदर्शन, विभिन्न कम्पनियोंध्संस्थानो (पौधशाला प्रबन्धन, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, औद्यानिक यन्त्रीकरण, तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन, पैकेजिंग, विपणन एवं प्रसंस्करण) एवं विभिन्न सेब उत्पादकों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया है। इस प्रकार के आयोजन से राज्य में सेब के उत्पादन को व्यवसायिकता के आधार पर उच्च स्तर तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा देश में कुल 3.05 लाख हैक्टर में 26.60 लाख मै0टन सेब का उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें उत्तराखण्ड में 0.65 लाख मै0टन सेब का उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें सर्वाधिक उत्पादन जनपद उत्तरकाशी में लगभग 45 प्रतिशत (29018 मैट्रिक टन) है। उत्तराखण्ड के समस्त पर्वतीय जनपदों में सेब का उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से जनपद उत्तरकाशी, देहरादून, अल्मोडा, नैनीताल, एवं चमोली सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा वर्ष 2020-21 के आकडो के अनुसार में राज्य में उत्पादित सेब की उत्पादकता मात्र 2.50 मैट्रिक टन प्रति हैक्टर है। आवश्यक है कि उच्च गुणवत्तायुक्त पौध रोपण सामग्री के माध्यम से नये बागानो की स्थापना की जाए तथा पुराने अनुत्पादक बागों का जीर्णोद्वार कर उत्पादकता में वृद्वि की जाय।उन्होंने कहा कि कृषकों को सेब फलों की पैकिंग एवं ब्रांडिग के माध्यम से उचित मूल्य दिलाये जाने हेतु 50 प्रतिशत राजसहायता पर कोरोगेटेड बाक्स (एप्पिल ट्रे सहित) उपलब्ध कराये जा रहे है।

## सार संक्षेप

### हिमालय ऑर्गेनिक नौगांव का स्टॉल किसान मेले में सम्मानित

**रुपंतनगर।** गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रोधोगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में 114वां अखिल भारतीय किसान मेला-2023 आयोजित किया गया। किसान मेले में पर्वतीय कृषि उत्पादक संगठन एफपीओ (हिमालय ऑर्गेनिक) नौगांव उत्तरकाशी का श्री अन्न मंडपम (मिलेट पवेलियन ) मे स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल का मुख्य आकर्षण श्री अन्न से बने उत्पाद मंडुवे का आटा, कौणी, चिणा, झंगोरा था। इसके अलावा इस प्रदर्शनी स्टॉल पर पहली बार उत्तरकाशी जिले का एक उत्पादन एक जनपद के तहत पुरोला का लाल चावल की खूब खरीदारी ग्राहकों ने की। स्टॉल पर कृषि मंत्रालय की टीम ने श्री अन्न से बने उत्पादो की सराहना की। कार्यक्रम मे डीडी किसान की टीम का मिलेट पवेलियन मे हमारी स्टॉल को कबरेज देना और प्रोत्साहित करना बड़ा ही सुखद रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनमोहन चैहान एवं डायरेक्टर डॉ जयप्रकाश जायसवाल, डॉ निर्मला भट्ट, डॉक्टर एएस नैन, डा वीडी सर और विश्वविद्यालय की समस्त टीम का हमारी स्टॉल पर आकर हमें प्रोत्साहित करना और मार्गदर्शन करना बहुत ही सुखद रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय ने प्रदर्शनी और स्टॉल को सम्मानित किया गया। इस गौरव मय क्षण के साक्षी बनाने के लिए हम संगठन के समस्त सदस्य पंतनगर विश्वविद्यालय की टीम का दिल की गहराईयों से हार्दिक धन्यवाद और आभार प्रकट करते है।

### एसएसपी अजय का डर 16 साल बाद फरार वारंटी ने किया न्यायालय में सरेंडर

**देहरादून।** तेज तर्रार एसएसपी अजय सिहं का खौफ अपराधियों के सिर चढ़कर बोल रहा है। जिसके चलते 16 साल से फरार वारंटी ईशान त्यागी ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया है। पुलिस की लगातार हत्या के प्रयास के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। वादी कैप्टन जेएस गिल ने थाना नेहरू कॉलोनी में सरदार भगवान सिंह पीजी बालावाला के अध्यक्ष एसप सिंह पर ईशान त्यागी पुत्र चैधरी वीरेंद्र त्यागी तथा मौसम शर्मा पुत्र राम किशोर शर्मा ने जान से मारने की नीयत से गोली चलाने के संबंध में तहरीर दी थी, जिस पर वर्ष 2007 मे मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना में दोनों आरोपियों के विरुद्ध वर्ष 2007 में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किये गए थे। उसके बाद से दोनों लगातार फरार चल रहे थे, जिनमें विरुद्ध न्यायालय ने पूर्व में गैर जमानती वारेंट जारी किए गए थे, पूर्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दी गई दबिश के दौरान पुलिस टीम को जानकारी प्राप्त हुई थी कि अभियुक्त मौसम शर्मा की मार्च 2023 में मुजफ्फरनगर में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

### सुडोकू 6346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 6 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 |

## बीस सूत्री कार्यक्रम में टिहरी जनपद अव्वल

- बैठक के दौरान उपाध्यक्ष गैरोला ने दी बधाई
- माह अप्रैल-अगस्त 2023 तक रैंकिंग संकेतकों व योजनाओं की समीक्षा की

**देहरादून,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। अर्थ एवं संख्या निदेशालय, नैशविला रोड के सभागार में राज्य स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम समिति की बैठक उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम समिति ज्योति प्रसाद गैरोला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें अर्थ एवं संख्या के जनपदीय अधिकारियों, मण्डलीय अधिकारियों तथा मुख्यालय के अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया। बीस सूत्री कार्यक्रम की अनुश्रवण कार्यप्रणाली का प्रस्तुतिकरण करते हुए विगत 3 वर्षों के लक्ष्यों के सापेक्ष उपलब्धि की समीक्षा करते हुए माह अप्रैल-अगस्त 2023 तक रैंकिंग संकेतकों व योजनाओं की समीक्षा की गयी तथा अपेक्षा की गयी कि सभी जनपद व विभागाध्यक्ष आगामी माहों में सभी कार्यक्रमों में 'ए' श्रेणी प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। रैंकिंग के अनुसार जनपद टिहरी ने प्रथम स्थान, उधमसिंह नगर ने द्वितीय स्थान तथा देहरादून तृतीय स्थान पर रहे है। प्रथम स्थान प्राप्त जनपद को उपाध्यक्ष ने बधाई दी तथा सभी जनपदों को अवगत कराया गया कि आगामी 4 माहों में जनपदों का भ्रमण कर अनुश्रवण बैठकें आयोजित की जायेंगी। बैठकों में विकासखण्डवार सूचनाओं का भी मूल्यांकन किए जाने से अवगत कराया गया ताकि बीस सूत्री कार्यक्रम में पिछड़ रहे विकासखण्डों का भी गहन अनुश्रवण किया जा सके। योजनाओं का रैंकिंग अनुश्रवण विकासखण्डवार कराये जाने के निर्देश दिए गए। प्रस्तुतिकरण के अनुसार 33 मदों की राज्य स्तर पर रैंकिंग की जा रही है जिसमें से माह अगस्त 2023 तक 25 मदें 'ए' श्रेणी 5 मदें 'बी' श्रेणी 2 मदें 'सी' तथा 1 मद 'डी' श्रेणी में वर्गीकृत है। शोध अधिकारी बीस सूत्री कार्यक्रम जेसी चन्दोला ने प्रत्येक जनपद की योजनावार रैंकिंग, ग्रेड तथा बीस सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष के दौरान माध्यमिक व प्राथमिक शासकीय विद्यालयों में किए जा रहे स्थलीय सत्यापन व मूल्यांकन की प्रगति का प्रस्तुतिकरण दिया गया। माह सितम्बर 2023 से सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ किया गया था। याद्रच्छिक आधार पर चयनित 1170 विद्यालयों में से 430 विद्यालयों में सर्वेक्षण कार्य किया जा चुका है। उपाध्यक्ष ने कतिपय जनपदों के किए गए सत्यापन के अनुसार विद्यालयों के असंरचनात्मक सुविधा के साथ-साथ बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय निर्माण तथा शौचालयों में साफ सफाई की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा सुझाव दिया गया कि अभिभावक अध्यापक समितियों के माध्यम से विद्यालयों में साफ सफाई की व्यवस्था पर विचार किया जाय।

## पंजाब विस. का दो दिन का सत्र शुक्रवार से, राज्यपाल ने बताया असंवैधानिक

**चंडीगढ़,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब विधानसभा का दो दिन का विशेष सत्र शुक्रवार से शुरू होगा जिसमें सत्ता और विपक्षी दल राज्य से जुड़े मुद्दों विशेषकर सतलुज यमुना सम्पर्क(एसवाईएल) नहर मुद्दे को लेकर आमने सामने होंगे।

राज्य सरकार ने इस सत्र को बजट सत्र के विस्तारिक सत्र के रूप में आहूत किया है, लेकिन राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने यह कहते हुये इस सत्र को अवैध और असंवैधानिक करार दिया है कि बजट सत्र मार्च में ही समाप्त हो चुका है ऐसे में बजट सत्र का कोई भी विस्तारित सत्र आहूत नहीं किया जा सकता। ऐसे में सत्र के दौरान की गई कोई भी कार्यवाही गैर कानूनी होगी और अमान्य होगी। इस उधर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी(आप) की दलील है कि राज्य में चुनी गई उसकी सरकार है और जनता के प्रति जबावदेह है। ऐसे में राज्य और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सत्र बुलाने के लिये वह अधिकृत है। राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच इस मुद्दे पर रार बनी हुई है।

## मनोहर लाल का डेरा सिरसा प्रेमियों और निरंकारियों के वोट रद्द करने का आदेश

**जालंधर,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव के लिए बनाए जा रहे निरंकारियों एवं डेरा प्रेमियों के वोट तुरंत रद्द करने का आदेश दिया तथा फॉर्म में भी संशोधन कर यह धारा जोड़ दी गई है कि जो व्यक्ति वोट डालने के लिए आवेदन करेगा, उसे लिखित में देना होगा कि वह श्री गुरु ग्रंथ साहिब में विश्वास करने वाला सिख है तथा श्री गुरु ग्रंथ साहिब को अपना गुरु मानता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावें में निरंकारियों और डेरा सिरसा प्रेमियों के वोट बनने के मामले को उठाया जिसके समाधान के लिए मुख्यमंत्री द्वारा तुरंत आदेश जारी कर दिए गए।



श्री काहलों ने बताया कि सिरसा और दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने श्री मनोहर लाल से मुलाकात की तथा उन्होंने बताया कि यह एक बड़ा फैसला है जिसके लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हमेशा उनकी आभारी रहेगी, विशुद्ध रूप से सिख वोट बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण फैसला है। उन्होंने कहा कि दरअसल यह मुद्दा श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार और तख्त श्री दमदमा साहिब के मौजूदा जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह द्वारा सामने लाया गया था। जिन्होंने बताया था कि किस प्रकार निरंकारियों और डेरा सिरसा प्रेमियों की वोट बन रही है। अब दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की आपत्ति के बाद यह मुद्दा स्थाई तौर पर हल हो गया है।

## सरकार का पैसा दबाकर ब्याज खाने वालों पर होगी कार्रवाई : अग्रवाल




**देहरादून,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में सरकारी विभागों के लिए काम करने वाली कार्यविधि एजेंसियों की ओर से करोड़ों रुपए का बजट लेकर अपने अकाउंट में रखने और ब्याज का हिसाब न देने का मामला सुर्खियों में है। जिसके बाद उत्तराखंड शासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए इन एजेंसियों को अपना हिसाब किताब देने के सख्त निर्देश दिए हैं। वित्त विभाग ने दिसंबर महीने तक इन सभी को इस पैसे का पूरा हिसाब देने के लिए पत्र लिखा है। पूरे मामले में उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साफ निर्देश हैं कि पैसे का हेर फेर करने वाली हर एक एजेंसी पर नजर रखी जाएगी। उसी का यह परिणाम है कि पिछले कई सालों से इन एजेंसियों की कारगुजारी को अब आगे और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि सरकारी पैसे का इस तरह से दुरुपयोग करने वाली हर एक एजेंसी पर सरकार की नजर है और अभी प्राथमिक तौर से एजेंसियों से हिसाब किताब मांगा जा रहा है। यदि कहीं पर टैक्स चोरी या फिर सरकारी पैसे का गलत खर्च पाया जाता है तो उस पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड में वित्तीय प्रणाली को सुदृढ़ बनाने और पारदर्शी टैक्स रिकवरी की ओर आगे बढ़ते हुए सरकार हर एक स्तर पर वित्तीय लेन देन को मजबूत करेगी। साथ ही टैक्स में अपनी बेहतर भूमिका निभाने वाले व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी। जो लोग टैक्स चोरी का काम कर रहे हैं, उन पर लगाम भी कसी जाएगी।

## 100 करोड़ रूपए के रजिस्ट्री घोटाले में मुख्य आरोपी केपी सिंह की मौत

**अमर नाथ तिवारी**



- सहारनपुर जेल के अंदर हुई मौत
- इस मामले से जुड़े तीन लोगों की मौत पर पुलिस पहले ही संदेह जता चुकी
- मृतक का गठजोड़ फर्जीवाड़े में शामिल देहरादून के वकील कमल वीरमानी से था

देहरादून, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। सहारनपुर जेल में बंद देहरादून में हुए रजिस्ट्री फर्जीवाड़े के मास्टरमाइंड केपी सिंह की गुरुवार को मौत हो गई। जेल प्रशासन ने मौत को सामान्य बताया है। सुबह केपी की तबीयत बिगड़ने पर पहले उसे जेल के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहां से उसे एसबीडी जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बता दें कि पिछले दिनों पुलिस केपी सिंह को बी वारंट पर देहरादून लेकर आई थी। इसके बाद उसे वापस सहारनपुर जेल भेज दिया गया था। केपी सिंह कई बड़ी जमीनों के फर्जीवाड़े में शामिल रहा है। उसका गठजोड़ फर्जीवाड़े में शामिल देहरादून के वकील कमल वीरमानी से था।

केपी सिंह की इस तरह अचानक हुई रहस्यमयी मौत से कई सवाल खड़े हुए हैं। इससे पहले इस मामले से जुड़े तीन लोगों की मौत पर पुलिस पहले ही संदेह जता चुकी है। इससे पहले तीन बाइंडर की बीते चार सालों में मौत हुई है। दो की शराब पीने और एक का एक्सीडेंट हुआ था। पुलिस ने जब इन मौतों का कारण जानने को जांच की तो पता चला कि तीनों में से किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था। अब केपी सिंह की जेल में मौत सामान्य बताई जा रही है। यह किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं है इसके सवाल पुलिस को ढूंढना चुनौती से कम नहीं है। इस मामले में अब तक 17 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमे से केपी सिंह भी एक था। पिछले दिनों जब केपी सिंह की देहरादून पुलिस ने तलाश शुरू की थी तो वह नाटकीय ढंग से पुराने मामले में जमानत तुड़वाकर जेल चला गया था। केपी के खिलाफ सहारनपुर में भी मुकदमा दर्ज था। जबकि वह देहरादून के दो मुकदमों में नामजद था।

## साइबर ठग अमन सिंह गिरफ्तार, फर्जी वेबसाइट से ठगता था लोगों को

**चंडीगढ़,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा साइबर पुलिस ने त्योहारों पर लोक लुभावन सपने दिखाकर और बड़ी कम्पनियों की वर्षगांठ पर स्क्रैच कूपन देने के बहाने ठगी करने वाले साइबर ठग अमन सिंह(19) को लुधियाना से गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि साइबर पुलिस अधीक्षक अमित दहिया और उनकी टीम ने आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार कर आज पंचकूला की अदालत में पेश किया जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिये गये हैं। उसके खिलाफ एफआईआर 26, 66ष्, 66ष्ठ आईटी एक्ट, 419, 120, 467, 468, 471 आईपीसी की धाराओं में पंचकूला साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी आरएएकेआईओडॉटओआरजी नाम से एक फर्जी वेबसाइट चला रहा था जहां यह दावा किया जा रहा था कि कम्पनी के 155 साल पूरे होने के मौके पर सभी को 1999 रुपए के स्क्रैच कूपन सीधे ग्राहकों के खातों में भेजे जा रहे हैं।

## पर्यटक वाहनों पर एसआरटी एवं अन्य करों को कम करेगी प्रदेश सरकारः सुक्खू

**शिमला,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां) हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटक बसों, टैम्पो ट्रेवलर एवं वाणिज्यिक पर्यटक वाहनों पर लगने वाले विशेष पथ कर (एसआरटी) एवं अन्य करों को कम करेगी।



प्रदेश सरकार शिमला में एक और हेलीपोर्ट के निर्माण पर भी विचार कर रही है। पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ करने से ही राज्य में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा और प्रति वर्ष पांच करोड़ पर्यटकों की आमद का लक्ष्य पूर्ण हो पाएगा : सुखविंदर सिंह सुक्खू

श्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार एसआरटी के दृष्टिगत हाल ही में जारी की गई अधिसूचना को संशोधित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह बात गुरुवार को यहां ओक ओवर में शिमला होटल्ज़ एंड टूरिज्म स्टेकहोल्डर्ज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से भेंट के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शीघ्र ही होम-स्टे नीति लाने जा रही है। प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है और सैलानियों की सुविधा के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए शीघ्र ही टूरिस्ट हेल्पलाइन भी शुरू की जाएगी और इसे 1100 हेल्पलाइन से जोड़ने पर भी विचार किया जाएगा।

श्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में सड़क सम्पर्क के साथ-साथ हवाई सेवाएं भी सुदृढ़ की जा रही हैं। सभी जिलों को हेलीपोर्ट से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिमला में एक और हेलीपोर्ट के निर्माण पर भी विचार कर रही है। पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ करने से ही राज्य में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा और प्रति वर्ष पांच करोड़ पर्यटकों की आमद का लक्ष्य पूर्ण हो पाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों में पर्यटकों का अधिक दिन तक ठहराव हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटकों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार वचनबद्ध है। इसी दिशा में अनेक नवोन्मेषी पहल की जा रही हैं। प्रदेशवासियों और पर्यटकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए चरणबद्ध तरीके से यू.वी./अल्ट्रा फिल्टरेशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

उन्होंने पर्यटन व्यवसायियों से आग्रह किया कि वे पर्यटन गतिविधियों में विद्युत चालित वाहनों का उपयोग सुनिश्चित कर प्रदेश को हरित राज्य बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

शिमला होटल्ज एंड टूरिज्म स्टेकहोल्डर्ज एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र सेठ ने मुख्यमंत्री को अपनी विभिन्न मांगों से अवगत करवाया।

इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, विधायक संजय रतन, चन्द्रशेखर, राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम, पूर्व विधायक सोहन लाल, एसोसिएशन के महासचिव बलजीत सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम धामी की कोशिशों से निवेश को लेकर राज्य मे उत्साहः भट्ट

**देहरादून,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सफल दुबई-आबूधाबी यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, इन्वेस्टमेंट समिट से पहले ही निवेश लक्ष्य पूरा होने का भरोसा जताया है ।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के विदेश दौरे से हासिल उपलब्धियों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ राज्य का स्वप्न साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट के खाड़ी देशों के दौरे में हासिल लगभग 15 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों के साथ अब तक कुल 54 हजार करोड़ से अधिक के एमोयु पर हस्ताक्षर होना बेहद शानदार है। इन प्रस्तावों में अधिकांश पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, कृषि, एग्रो उपकरणों, फार्मा, शिक्षा एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़ा होना राज्य विकास के लिए बेहद कारगर साबित होगा। क्योंकि इन तमाम क्षेत्रों में प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों के दृष्टिगत विकास की बहुत संभावनाएं हैं। सीएम धामी विशेषज्ञ ऐजेंसियों की मदद से ऐसी तमाम संभावनाओं का विस्तृत अध्यन कर देश विदेश में निवेशकों के मध्य जा रहे हैं, जिसके नतीजे शानदार परिणाम के रूप में हम सबके सामने आ रहे हैं ।

भट्ट ने कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड का दशक लाने के बड़े लक्ष्य को लेकर सीएम धामी के नेतृत्व में सवा करोड़ प्रदेशवासी आगे बढ़ रहे है।

# प्रादेशिकी

## वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर के आयोजन की तैयारी

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के सन्दर्भ में तैयारी हेतु जिला स्तरीय बैठक जनपद न्यायाधीश द्वारा दीवानी न्यायालय के चौदह न्यायालय भवन के प्रथम तल पर स्थित सभागार कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जनपद न्यायाधीश द्वारा उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि अपने-अपने विभाग में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए लाभार्थियों का चिन्हांकन कर लिया जाए। उन्होंने अधिक से अधिक लाभार्थियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध हो सके इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# कन्या सुमंगला के तहत अगले साल से देंगे 25 हजार रुपए : योगी

**लखनऊ/ हाथरस,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं का विकास हमारी प्राथमिकता है। आज सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाएं डबल इंजन की सरकार के एजेंडे में हैं। पिछले साढ़ें नौ साल के अंदर हमने नए भारत का दर्शन किया है। जिसमें किसी के साथ जाति, धर्म और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए उनको आगे लाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सेठ फूल चंद बांग्ला पीजी कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। साथ ही सीएम योगी ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश के अंदर दंगे बंद हो गए हैं। खुशी के साथ यहां त्यौहार मनाए जा रहे हैं।




- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया**
- **हाथरस में 177.29 करोड़ रुपए की 214 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास**

योगी ने कहा कि साढ़े नौ वर्षों में देश को बदलते हुए देखा है। वहीं साढ़े छह वर्ष में प्रदेश में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। आज के भारत में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा या लिंग के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। अब सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। जिन्हें विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता है उनके लिए नई-नई योजनाएं बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार की सोच विकास की है। इसी के अंतर्गत सरकार सड़क, पेयजल, स्टेडियम सहित अपने तमाम कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जैसे एशियाई खेलों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बेटियों ने कमाल किया। वैसे ही हाथरस जनपद में भी बेटियां आगे बढ़ें। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यह तय किया है कि एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल लेकर आने वाली बेटियों को हम डिप्टी एसपी बनाएंगे।

## 1.25 करोड़ परिवारों को दिसंबर 2023 तक मिलेगा पट्टे की जमीन का मालिकाना हक

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पिछले साढ़े नौ वर्षों में परिवर्तन और विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। इससे जहां नए भारत का दर्शन हो रहा है वहीं जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा के आधार पर नहीं बल्कि सबका साथ और सबके विकास की भावना के अनुरूप समाज के प्रत्येक तबके को सम्मानजनक ढंग से आगे बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। हम तो उस विचार परिवार के कार्यकर्ता हैं, जिस विचार परिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संजीवनी प्रदान की। उन्होंने कहा था कि आर्थिक विकास का पैमाना ऊंची सीढ़ी पर बैठे हुए व्यक्ति की आर्थिक उन्नति से नहीं बल्कि समाज में सबसे नीचे पायदान पर बैठे व्यक्ति की प्रगति के आधार पर किया जाना चाहिए। इसे ही आगे बढ़ाने का काम लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आयोजित अनुसूचित जाति/जनजाति सम्मेलन में कही। इस दौरान उन्होंने अलीगढ़ को 497 करोड़ की 208 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास की सौगात दी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के गरीब और वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पीएम विश्वकर्मा, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला, कृषक दुर्घटना बीमा योजना जैसी दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही हैं। पहले समाज के कई निचले तबको के लिए शासन के पास कोई योजना नहीं होती थी, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार उनको केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही है। वहीं पौने तीन करोड़ परिवारों को शौचालय, 55 लाख परिवारों को एक-एक आवास, एक लाख से अधिक गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य हुआ, जहां एक करोड़ 56 लाख परिवारों को फ्री में बिजली के कनेक्शन दिये गये हैं। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 14 लाख पटरी व्यवसायियों को बैंक से जोड़ा गया है।

# हॉट कुक्ड फूड में श्रीअन्न के बने उत्पादों को भी शामिल करें : दुर्गा शंकर मिश्र

**लखनऊ,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हॉट कुक्ड मील योजना संबंधी राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में हॉट कुक्ड मील योजना के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03-06 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में पीएम पोषण के अन्तर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के निकट स्थित किचन में रसोइये द्वारा हॉट कुक्ड फूड तैयार कर बच्चों को उपलब्ध कराया जाये। 200 मीटर की परिधि में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों को समीपस्थ प्राथमिक विद्यालय से सम्बद्ध किया जाए। तैयार कुक्ड मील को आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंचाने व बच्चों को वितरित व परोसने का दायित्व आंगनवाड़ी सहायिकाओं को दिया जाये। 200 मीटर की परिधि में 2 विद्यालय होने पर नजदीक स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्राथमिकता दी जाये।



- **मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हॉट कुक्ड मील योजना संबंधी राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक**
- **को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में पीएम पोषण के अन्तर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय की किचन में रसोइए द्वारा हॉट कुक्ड फूड तैयार कर बच्चों को उपलब्ध कराया जाए**

उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की भांति जिन विद्यालयों में स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से पी0एम0 पोषण योजनायें संचालित हैं, उन आंगनबाड़ी केन्द्रों में समरूप व्यवस्था का संचालन किया जाये। नॉन को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों (200 मीटर की परिधि सीमा से बाहर) में हॉट कुक्ड मील आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तैयार कराया जाये। हॉट कुक्ड मील योजना का मैन्यू पी0एम0 पोषण योजना के समरूप रखा जाये। हॉट कुक्ड फूड में श्री अन्न के बने उत्पादों को भी शामिल किया जाये। फूड की गुणवत्ता को सुनिश्चित कराने हेतु समय-समय पर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के समय खाना खाकर उसकी गुणवत्ता को परखा जाये।

उन्होंने कहा कि हॉट कुक्ड मील के लिए गेहूं व चावल की रियायती दर पर खरीद एवं आपूर्ति खाद्य एवं रसद विभाग से समन्वय कर करायी जाये।

## सार संक्षेप

### पूर्वी उप्र में पहली नवंबर से शुरू होगी धान खरीद

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में खरीद शुरू किया जाना प्रस्तावित है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली अक्टूबर से धान खरीद प्रारंभ है। पूर्वी उप्र के 3,08,663 किसानों द्वारा धान बिक्री हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है तथा 2282 कृषकों से 13648 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। गतवर्ष इस अवधि में 332 किसानों से 1614 मीट्रिक टन खरीद की गई थी। योगी आदित्यनाथ के निर्देश के अनुसार किसानों के हित में धान की आवक के दृष्टिगत पूर्वी उप्र के लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव तथा अयोध्या संभाग के जनपद सुल्तानपुर, अमेठी अयोध्या, अंबेडकर नगर, बाराबंकी में धान की खरीद 20 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। इसके लिए उक्त जनपदों के जिलाधिकारियों को क्रय केंद्र क्रियाशील कराते हुये किसानों से धान की खरीद प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इन जनपदों में किसान 20 अक्टूबर से धान बिक्री कर सकते हैं। पिछली बार सभी एजेंसियों से 1614 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक बुधवार तक 13648.46 मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। 2282 किसान इससे अभी तक लाभान्वित हो चुके हैं। 730 केंद्रों पर 13640.22 मीट्रिक टन क्रमिक धान खरीद कॉमन व हाइब्रिड 8.24 मीट्रिक टन हुई है।

### विजयदशमी से पूर्व स्प्रिंग डेल्स स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**मवाना।** स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के मेन विंग के किंडर गार्टन में नवरात्रि, दुर्गा पूजा और विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रबंधक मनोज रस्तोगी, प्रबंधिका मीनू रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य कमल कुमार दीवान ने माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करके किया। तत्पश्चात नन्ही-नन्ही कन्याओं ने माँ दुर्गा के नौ रूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि और महागौरी की मनमोहक झाकियाँ प्रस्तुत की तथा उनकी उत्पत्ति और उनके द्वारा किए गए असुरों के संहार के बारे में बता कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके साथ ही नन्हे- मुन्ने छात्र-छात्राओं ने राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि की मनमोहक वेशभूषा धारण कर राम वनगमन, लक्ष्मण-रेखा, सीता-हरण, राम- दरबार आदि की झांकियां प्रस्तुत करके सबको अपनी ओर आकर्षित कर लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर सारिका शर्मा, शिक्षिका शिवानी देशवाल, सपना, शीजा, गुरु चरण कौर, और रतिका अवस्थी का योगदान रहा।

**सूचना**

मैने अपने साले शहजाद व उसकी पत्नि सामया उर्फ इरम से सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार की कृत्यों व लेन-देन एवं वाद विवाद के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मौ. आरिफखान पुत्र नईम खान, निवासी 2716, समर गार्डन कालोनी, 25 फिट रोड, थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ।

# अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का भ्रमण करने पहुंचे छात्र

**मेरठ,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के नाइस स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने संयुक्त रूप से सरदार पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ में अयोजित अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का भ्रमण किया। जहा पर छात्रों को विभिन्न कृषि कंपनियों को देखने एवं उनसे संवाद करने और विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों से मिलने का अवसर मिला। यह अनुभव-अधिगम संबंधित क्षेत्रों में उनके ज्ञान को बढ़ाने का उद्देश्य रखता है, जैसे कि कृषि प्रथाएँ, तकनीक, और नवाचार। इस यात्रा से छात्रों के दृष्टिकोण को सुरक्षित कृषि, कृषि व्यापार, और कृषि क्षेत्र में नवीनतम प्रवृत्तियों को जाने का अवसर मिला। इस भ्रमण के दौरान छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों के साथ नेटवर्किंग करने का अवसर मिला। जिससे कक्षा के ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग के बीच एक व्यावसायिक कनेक्शन को बढ़ावा मिलता है। किसान मेले के अंदर छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों से भी चर्चा की एवं उनसे कृषि के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं के बारे में जाना।



इस यात्रा को सफल बनाने में नाइस स्कूल आफ बिजनेस स्टडीज विभाग के निदेशक डॉ राजुल दत्त, कृषि विभाग के निदेशक प्रो डॉ सहदेव सिंह, डॉ अभिषेक डबास, डॉ नेहा यजुर्वेदी, डॉ सोनम आर्य, अंजलि तोमर, डॉ मनोज एवं आशीष त्यागी, डॉ प्रीति गर्ग तथा कृषि तथा मैनेजमेंट विभाग के छात्रों का विशेष सहयोग रहा।

# पटाखा माफिया के खिलाफ चले अभियान में खाली हाथ लौटी पुलिस

**मवाना,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। दशहरा व दीपावली के त्यौहार नजदीक आते ही नगर के साथ देहात के कई गांव में आतिशबाज पटाखे बनाने व उसका भंडारण करने में जुट गए हैं। अधिकांश इलाकों में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण भी बदस्तूर जारी है। ये हाल तब है, जब दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के पटाखा पर रोक लगी है। गुरुवार को थाना पुलिस ने पुलिस क्षेत्राधिकार के नेतृत्व मैं सतला गांव में पटाखा भंडारण करने वालों के कई ठिकानों पर छापेमारी की। बता दें कि त्योहारों का समय नजदीक आते ही नगर के सात देहात क्षेत्र के सठला, ततीना, बड़ागांव, फलावदा समेत मोहल्ला तिहाई, मोहल्ला कल्याण सिंह आदि में पटाखा बनाने का अवैध धंधा जोरों से शुरू हो जाता है। गुरुवार को पुलिस क्षेत्र अधिकारी आशीष शर्मा ने सठला और मवाना में पटाखा माफियाओं के कई ठिकानों पर छापेमारी की। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बातया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अवैध रूप से पटाखे बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

**घंटे चले अभियान में खाली हाथ लौटी पुलिस**

गुरुवार को पुलिस क्षेत्र अधिकारी आशीष शर्मा के नेतृत्व में थाना पुलिस ने नगर के साथ सटला गांव में पटाखा माफियाओं की ठिकानों पर छापेमारी की लेकिन घंटे चले छापेमारी अभियान में पुलिस खाली हाथ ही रही।



**स्पर्श गोस्वामी की बीसीए में सर्वश्रेष्ठ रैंक आने पर लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आईआईएमटी पुरस्कार (मोबिल) से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व शहर विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा ने कमल दत्त शर्मा द्वारा यह सम्मान दिया गया। इस मौके पर शंख पुरूश संजय गोस्वामी, आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, सुनील शर्मा, प्रशांत व अन्य लोग उपस्थित रहे।**

# पांच वर्षों के लिए किया गया एमओयू

मेरठ, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरूवार को इंस्टीटयूट ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी, एकेडमी ऑफ साइंसेज ऑफ उज्बेकिस्तान की सह-आचार्य डा दिलफुज़ा जब्बोरोवा चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दौर पर पहुंची।

डा दिलफजा जब्बोरोवा ने कुलपति से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने इंस्टीटयूट ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी, एकेडमी ऑफ साइंसेज ऑफ उज्बेकिस्तान एवं चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर चर्चा कर एमओयू(समझौता ज्ञापन) का हस्तांतरण किया। चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति तथा कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षर किये गये तथा इंस्टीटयूट ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी, एकेडमी ऑफ साइंसेज ऑफ उज्बेकिस्तान की ओर से प्रो अब्दुलजालिल नरीमानोव, निदेशक एवं डा दिलफुज़ा जब्बोरोवा, विभागाध्यक्ष, लैब्रटॉरी ऑफ मेडिसिनल प्लांटस, इंस्टीटयूट ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट एक्सपेरिमेंटल बायोलॉजी, एकेडमी ऑफ साइंसेज ऑफ उज्बेकिस्तान द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

# तान्या ने मां के गले में पहनाया मेडल, आशीर्वाद लिया

**मवाना,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कहे आशीष वचन को मानते हुए मवाना की तान्या तितोरिया ने घर आकर अपनी मां मधु तितोरिया के गले में दोनों मेडल व तीनों प्रमाणपत्र दिये और उनका आशीर्वाद लिया। हालांकि बुधवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में तान्या की मां उसके साथ थी। तान्या को गिन्नी देवी स्वर्ण पदक व प्रमाणपत्र, कुलाधिपति स्वर्ण पदक व प्रमाणपत्र और विशिष्ट योग्यता प्रमाणपत्र मिला है। तान्या ने आहार व पोषण विषय में एमएससी फाइनल कर 93.04 फीसदी (दो हजार में से 1856 अंक) प्राप्त किये है। तान्या के परिवार में खुशी का माहौल है।



**दो मेडल व तीन प्रमाणपत्र पाकर परिवार में खुशी**

गुरुवार सुबह मवाना नगर पालिका के चेयरमैन अखिल कौशिक तान्या के घर पहुंचे और बधाई देते हुए मिठाई खिलाई। चेयरमैन अखिल कौशिक बोले कि तान्या ने अपने परिवार के साथ-साथ मवाना नगर का नाम रोशन कर दिया है। उसके चाचा सभासद नीरज खटीक ने भी उसे बधाई दी। मवाना के मोहल्ला काबलीगेट भगत सिंह चौक निवासी तान्या के पिता अनिल कुमार की वर्ष 2020 में कोरोना बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बावजूद तान्या मां के सहयोग से अपनी पढ़ाई मेहनत व लगन से करती रही। उसकी मेहनत का परिणाम है कि वर्ष 2020 के बाद पहली बार घर में खुशी का माहौल बना है। तान्या ने बीएससी वर्ष 2021 में मेरठ कालेज मेरठ से नैदानिक पोषण और आहार विज्ञान (क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स) से 89.8 फीसदी अंक पाये थे। तान्या अपने मोहल्ले के बच्चों को पढ़ाती है। उसको बच्चों को पढ़ाकर खुशी मिलती है। वर्तमान में तान्या यूजीसी नेट और भारतीय खाद्य निगम की परीक्षाओं की तैयारी कर रही है।

# स्पंदन में दिखे उत्सव के रंग प्रतिभागियों ने दिखाई कलात्मकता

**मेरठ**, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम स्पंदन के अंतिम दिन भी छात्र-छात्राओ का जोश काबिले तारीफ था। तीसरे दिन रंगोली और कोलाज मेकिंग की प्रतियोगिता हुई, जिसमे प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भारत को उत्सवों का देश कहा जाता है, यहां हर तिथि को त्यौहार के रूप में मनाया जाता है और युवाओ पर त्योहारों की संस्कृति का साफ असर देखने को मिलता हैं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ये सिद्ध कर दिया की वे त्योहारों को कितना महत्व देते हैं। भारतीय त्योहारों को रंगों के जरिये छात्रों ने बखूबी दिखाया। किसी ने नवरात्री में मां दुर्गा को चित्रित किया तो किसी ने दीपावली की जगमग दिखाई। छात्रों की कलात्मकता ने निर्णायक मंडल में रही डिंपल गोयल और विकास यादव को खूब प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता में मेडिकल कॉलेज से नव्य श्री उपाला व रिद्धि सिक्का एवं फाईन आर्ट कॉलेज से कीर्तिका यादव व प्रखर प्रथम रहे। फाईन आर्ट कॉलेज से शालिनी शर्मा, मुस्कान, हरमन कौर, विशांत को द्वितीय स्थान मिला तथा फाईन आर्ट कॉलेज से स्वाती शेरवाल, श्रुति सिंह एवं पेरामेडिकल कॉलेज से साक्षी ठाकुर, प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष प्रो. डॉ.भावना ग्रोवर ने इस मौके पर विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया की 21 अक्टूबर को मांगल्य प्रेक्षागृह में होने वाले अखण्ड भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# विनायक विद्यापीठ में फिटनेस स्पार्क चौलेंज प्रतियोगिता का आयोजन

**मेरठ,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोदीपुरम स्थित विनायक विद्यापीठ में बीपीईएस विभाग द्वारा फिटनेस स्पार्क चौलेंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रीता शर्मा निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, बीपीईएस विभागाध्यक्ष सचिन कुमार द्वारा मां सरस्वती की समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा की फिटनेस स्पार्क चौलेंज प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले विधार्थी न केवल फिट रहते हैं, बल्कि इससे वे अपने आत्म-विश्वास को भी मजबूत करते हैं, उन्होंने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा के माध्यम से विद्यार्थियो के बीच आपसी स्नेह और सामूहिक भावना का विकास होता है।

डायरेक्टर इंजि. विकास कुमार ने प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाले छात्रों को संबोधित कर कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और हमारे महाविद्यालय का नियम है कि या तो जीत मिलती है या फिर सीख, इसी को आधार मानते हुवे आप खेल खेलें और खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य उजागर करें। उन्होंने ट्रॉफी पर अपना कब्जा बनाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।



- **प्रतियोगिता में जीत मिलती है या फिर सीखः ई. विकास कुमार**
- **आपसी स्नेह और सामूहिक भावना का विकास के लिए प्रतिस्पर्धा सहायकः डा. अनुप्रिता**
- **सभी विभागों के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**
- **विजेता छात्रों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित**

इस प्रतियोगिता में ग्यारह स्टेशन बनाए गए जिसमें प्रथम स्टेशन पर एक पैर से रेस करना दूसरे स्टेशन पर नदी को पार करना तीसरे स्टेशन पर के सिर के बल कलाबादी करना, चौथे स्टेशन पर दंड बैठक, पांचवे स्टेशन क्रोन को एक जगह से दूसरी जगह पर रखना, छठे स्टेशन पर रस्सा कूद, सातवे स्टेशन पर बास्केट बॉल को बास्केट करना, आठवे स्टेशन पर बोरी में खड़े होकर चलना, नवे स्टेशन पर वजन को एक जगह से दूसरी जगह पर रखना, दशवे स्टेशन पर पानी के गिलास को सिर पर रखकर चलना और ग्यारह स्टेशन पर चलते-चलते धागे को सुई में डालना। प्रतिस्पर्धा में सभी विभागों के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा इस प्रतियोगिता में गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम बीपीईएस की छाया, द्वितीय बीपीईएस की कामिनी, तृतीय बीपीईएस की ही रिया बॉयज कैटिगरी में प्रथम बीपीईएस से सौरभ, द्वितीय बीपीईएस से बादल सैनी और तृतीय बीए के आशु रहे जिनको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अनुप्रिता शर्मा निदेशक इंजी. विकास कुमार, डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रवीन शर्मा, बीपीईएस विभाग अध्यक सचिन कुमार, सहायक प्रोफेसर विजय राठी, आशीष चौधरी, सुनील कुमार एवं स्वाति प्रजापति द्वारा ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

# डेंगू बीमारी की रोकथाम करने को भाकियू कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

मवाना, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन (तोमर गुट) के कार्यकर्ताओं ने मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सक डा.अनिल शर्मा को ज्ञापन दिया और उनसे मवाना नगर व देहात क्षेत्र में फैल रही डेंगू बीमारी की रोकथाम के उपाय करने की मांग की। तहसील अध्यक्ष रिंकू मावी के नेतृत्व में पहुंचे मनीष गुर्जर दरियापुर,संदीप मावी, विपिन सकोती, सुमित गुढ़ा, अविरल नागर, अंकित जाटव, विमल, सुनीत, व संगीत ने वरिष्ठ चिकित्सक डा.अनिल शर्मा को दिये ज्ञापन में कहा कि मलेरिया, बुखार व डेंगू बीमारी से घर-घर में मरीज है। सरकारी अस्पताल में मरीजों को जांच की सुविधा नहीं मिल रही है, जिस कारण उन्हें निजी अस्पतालों में जांच कराने जाना पड़ता है। किसानों व मरीजों को आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। जिन गांवों में सरकारी अस्पताल खुले है, वहां पर डाक्टर की तैनाती की जाये, जहां पर अस्पताल नहीं है, उन गांवों में शिविर लगाकर गरीब मरीजों का उपचार किया जाये। भाकियू कार्यकर्ताओं ने सरकारी अस्पताल में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, ब्लड व अन्य जांचों की सुविधा होनी चाहिये। चेतावनी दी कि मरीजों को जांच व दवाईयों की सुविधा नहीं मिलने पर धरना दिया जायेगा।



## इंडियन आइडल के 'थिएटर राउंड' में गेस्ट जज बनीं कविता कृष्णमूर्ति

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका कविता कृष्णामूर्ति सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले रियलिटी शो, इंडियन आइडल में गेस्ट जज के रूप में नजर आएंगी। इंडियन आइडल 14 में कुमार शानू और विशाल ददलानी के साथ अतिथि जज के रूप में कविता कृष्णमूर्ति नजर आएंगी। कविता कृष्णमूर्ति ने कहा कि इतने वर्षों में इंडियन आइडल ने जिस अविश्वसनीय प्रतिभा को विकसित किया है, उसे देखना वाकई बहुत खुशी की बात है। इस शो ने भारत को कुछ बेहतरीन गायक दिए हैं, और मैंने हमेशा इसके प्रतियोगियों के समर्पण और जुनून को सराहा है। मैं थिएटर राउंड के लिए गेस्ट जज के रूप में इंडियन आइडल 14 का हिस्सा बनकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं।

## एक भावुक प्रेम कहानी है कलर्स का नया शो 'चांद जलने लगा' : कनिका मान



**मुंबई,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। कलर्स के नए शो 'चांद जलने लगा' में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री कनिका मान ने शो में अपने किरदार के लिए की गई तैयारियों पर खुलकर बात की। 'चांद जलने लगा' में विशाल आदित्य सिंह और कनिका, देव और तारा की भूमिका में हैं। शो की कहानी बचपन के प्यार की असाधारण यात्रा को रेखांकित करती है, जो कभी एक-दूसरे के सहारा थे, लेकिन किस्मत उन्हें अलग कर देती है। जैसा कि सदियों पुरानी कहावत है 'प्यार वह आग है जो दिल को जला देती है,' 'चांद जलने लगा' वह धधकती आग है, जो साल की सबसे भावुक प्रेम कहानी होने का वादा करती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कनिका ने कहा कि मैं तारा की भूमिका निभाती नजर आऊंगी। वह एक तेजस्वी और प्रतिबद्ध युवा महिला है जो अपने घावों को छिपाने के लिए दिखावा करती है। कनिका ने कहा कि वह एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपने करियर में काफी प्रगति कर रही है।

### वनटांगिया महिलाओं की जंगल होती थी पहचान

# जंगल से फैशन शो में दिख रहा जलवा

**लखनऊ/गोरखपुर,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिन वनटांगिया महिलाओं की पहचान जंगलों से हुआ करती थी। आज फैशन व संस्कृति शो में उनके कदम आत्मविश्वास से लबरेज होकर आगे बढ़ते हैं। जानकारों का मानना है कि यह सब मिशन शक्ति के कारण ही संभव हो सका है। नारी स्वावलंबन व सम्मान के लिहाज से बदलाव की यह दास्तां है गोरखपुर के वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन की।

कभी झुग्गियों में रहने को ही जिन वनटांगिया महिलाओं व युवतियों ने अपनी नियति मान लिया था, आज उनका जलवा फैशन शो के रैंप तक नजर आता है। जनवरी 2022 से अब तक गोरखपुर महोत्सव, आगरा महोत्सव, अयोध्या के सावन झूला महोत्सव, मथुरा, काशी में जी-20 समारोह व महराजगंज महोत्सव में आयोजित फैशन व संस्कृति शो में वनटांगिया महिलाओं ने शानदार प्रतिभागिता से यह साबित कर दिखाया है कि मौका मिलने पर वे किसी से कमतर नहीं हैं। वनटांगिया महिलाओं व युवतियों को फैशन शो के रैंप तक का सफर कराया है। गोरखपुर में पैदा हुईं राजस्थान मूल की सुगम सिंह शेखावत ने। सुगम की परास्नातक तक की शिक्षा गोरखपुर में ही हुई है और वह वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की वकील हैं। सुगम सिंह शेखावत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से कभी वंचितों में गिने जाने वाले वनटांगिया समाज की जिंदगी में आए व्यापक परिवर्तन की मुरीद हैं।




- नारी स्वावलंबन व सम्मान के लिहाज से बदलाव की यह दास्तां
- गोरखपुर के वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन की

उनका कहना है कि फैशन व संस्कृति शो में प्रतिभाग कराकर वह वनटांगिया नारियों को आगे बढ़ाने की सीएम योगी की सोच व उनके द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति से खुद को जोड़ रही हैं। फैशन शो में रैंप पर चलने वालों में कोई बकरी चराती थीं, कोई खेती तो कोई सब्जी बेचने का काम। सुगम उन्हें प्रशिक्षित कर रैंप तक ले आई हैं। इन्होंने कभी स्टेज तक नहीं देखा था। आज 17 साल की किशोरी से लेकर 66 वर्ष की बुजुर्ग तक रैंप पर सम्मान बटोर चुकी हैं। वनटांगिया महिलाओं ने अब तक जितने भी फैशन शो किए, वे सब भारतीय संस्कृति के थीम पर रहे हैं। इसका सिलसिला शुरू हुआ गोरखपुर महोत्सव 2022 से जिसके शो स्टॉपर थे फ़िल्म अभिनेता व सांसद रविकिशन। फिर तो आगरा महोत्सव, अयोध्या, मथुरा में भी उनके कदम आत्मविश्वास से आगे बढ़ते गए। काशी में जी-20 के समारोह में विदेशी मेहमान भी उनके कायल हो गए। सुगम सिंह शेखावत बताती हैं कि हर आयोजन में लोगों को यह भी जानकारी दी जाती है कि वनटांगिया लोगों की पहले जिंदगी कैसी थी और योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद क्या बदलाव आया।

## आरुषि बजाज ने 'आर्या 3' में अपनी भावनात्मक भूमिका के बारे में बताया

**मुंबई,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्राइम थ्रिलर ड्रामा 'आर्या' सीजन 3 में अरुंधति सरीन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री आरुषि बजाज ने सीरीज में अपने किरदार को लेकर बात की। यह भूमिका निभाने के लिए उन्होंने खुद को भाग्यशाली बताया।



एक्ट्रेस विरति वघानी ने सीजन एक और दो में अरुंधति का किरदार निभाया था। अब आरुषि इस शो से अपना डेब्यू कर रही हैं, जिसमें अभिनेत्री सुष्मिता सेन मुख्य किरदार आर्या सरीन का किरदार निभा रही हैं। अरुंधति (अरु) आर्या (सुष्मिता) और तेज सरीन (चंद्रचूर सिंह) की दूसरी संतान हैं। शो के बारे में बात करते हुए आरुषि ने कहा कि मैं खुद को सबसे भाग्यशाली लोगों में से एक मानती हूं कि मैंने अरु को सीजन 1 और 2 में दर्शकों के हिस्से के रूप में देखा और फिर सीजन 3 में उसका किरदार निभाया। जिस चीज ने मुझे इस भूमिका की ओर आकर्षित किया, वह तेज (उसके पिता) की मृत्यु के बाद उसका परिवर्तन था। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुझे अपने और अरु के बीच समानताएं पता चलीं, जैसे कि मैं भावुक हूं लेकिन अत्यधिक संवेदनशील नहीं हूं, मैं स्वतंत्रता को महत्व देती हूं , प्यार और समर्थन की सराहना करती हूं। हमारे मजबूत इरादों वाले स्वभाव के बावजूद, अरु और मेरे पास कोमल, साफ दिल हैं, जिसने किरदार में जान फूंक दी। तीसरे सीजन में, आर्या की नजर नशीली दवाओं पर है, लेकिन इला अरुण उसे रोक लेती है।

## जल्द ही एक साथ दो व्हाट्सएप अकाउंट लॉग इन करेंगे यूजर्स

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने गुरुवार को एक ही समय में दो व्हाट्सएप अकाउंट लॉग इन करने की सुविधा की घोषणा की।




मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने एक पोस्ट में कहा कि व्हाट्सएप यूजर्स जल्द ही एक ही समय में दो व्हाट्सएप अकाउंट में लॉग इन कर सकते हैं। उन्होंने घोषणा की, 'व्हाट्सएप पर दो खातों के बीच स्विच करें। जल्द ही आप ऐप के भीतर एक फोन पर दो व्हाट्सएप अकाउंट रख सकेंगे।'

यह सुविधा आने वाले सप्ताहों और महीनों में एंड्रॉइड यूजर्स के लिए शुरू हो जाएगी। कंपनी ने कहा कि अब आपको हर बार लॉग आउट करने, दो फोन ले जाने या गलत जगह से मैसेज आने की चिंता करने की जरूरत नहीं है। दूसरा खाता बनाने के लिए आपको एक दूसरे फोन नंबर और सिम कार्ड, या एक ऐसे फोन की आवश्यकता होगी जो मल्टी-सिम या ईसिम स्वीकार करता हो। बस अपनी व्हाट्सएप सेटिंग्स खोलें, अपने नाम के आगे वाले तीर पर क्लिक करें और 'ऐड अकाउंट' पर क्लिक करें। कंपनी के अनुसार, आप प्रत्येक अकाउंट पर अपनी गोपनीयता और अधिसूचना सेटिंग्स को नियंत्रित कर सकते हैं। मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म ने यूजर्स को सिर्फ आधिकारिक व्हाट्सएप का उपयोग करने और अपने फ़ोन पर ज्यादा अकाउंट जोड़ने के लिए नकली संस्करण डाउनलोड न करने की सलाह दी है। उसने कहा कि यूजरों के संदेश केवल आधिकारिक व्हाट्सएप का उपयोग करते समय सुरक्षित और निजी हैं।

## शोक में डूबी अयोध्या, भावुक हुए दर्शक

**नई दिल्ली** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)।श्री धार्मिक लीला दक्षिणी दिल्ली द्वारा चिराग़ दिल्ली में भगवान राम का वनवास पर जाने, दशरथ-सुमंत संवाद, दशरथ मरण, भरत-कैकयी संवाद, भरत-कौशल्या संवाद का मंचन हुआ। श्री धार्मिक लीला दक्षिणी दिल्ली ने राजतिलक की भव्य तैयारी के बीच महारानी केकई को दासी मंथरा को बहकाने और महाराजा दशरथ से दो वर मांगने व राम को वनवास की लीला हुई। दशरथ की मृत्यु होने और अयोध्या नगरी के शोक में डूबने की लीला हुई। यह दृश्य देखकर बहुत से दर्शक भावुक हो गए और अपने आंसुओं पर काबू नहीं पा सके। रामलीला में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी लीला का आनंद लेने पहुंचे। उन्होंने आयोजकों के साथ ही कलाकारों की भी प्रशंसा कीऔर लीला कमिटी के प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर श्री धार्मिक लीला दक्षिणी दिल्ली चेयरमैन राकेश गुलिया ने कहा कि इस रंगमंच के जरिए उनका प्रयास बच्चों के मन में अपनी संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। रामबारात और राजतिलक के मंचन के दौरान उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों से कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भव्य स्टेज पर लीला का मंचन हो रहा है। जिसका दर्शक भरपूर आनंद ले रहे हैं, उन्होंने बताया की संपूर्ण रामलीला का आयोजन कमेटी के सभी सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है।




## एशिया का पहला रक्त रहित हृदय प्रत्यारोपण

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। मारेंगो एशिया हॉस्पिटल ग्रुप की अहमदाबाद स्थित इकाई मारेंगो सीआईएमएस अस्पताल ने एशिया में पहला रक्त रहित हृदय प्रत्यारोपण करके हृदय प्रत्यारोपण में एक महत्वपूर्ण प्रगति की है। हार्ट ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के निदेशक डॉ. धीरेन शाह, हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. धवल नाइक, कार्डियोथोरेसिक एनेस्थेटिस्ट डॉ. निरेन भावसार और मारेंगो सीआईएमएस अस्पताल अहमदाबाद में हार्ट ट्रांसप्लांट एनेस्थेटिस्ट और इंटेंसिविस्ट डॉ. चिंतन सेठ ने इस शल्य चिकित्सा प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए टीम का नेतृत्व किया।



डॉ. शाह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह सर्जरी 52 वर्षीय चंद्रप्रकाश गर्ग पर की गई, जो इस्केमिक डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी और अंतिम चरण की हृदय विफलता से पीड़ित थे। अंग दाता एक 33 वर्षीय व्यक्ति था जिसकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। हाई-एंड हृदय प्रत्यारोपण जैसी सर्जरी में ट्रांसफ्यूजन के लिए उच्च मात्रा में रक्त की आवश्यकता होती है क्योंकि सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान काफी मात्रा में रक्त फैल जाता है। रक्त भी एक अंग है और रक्त चढ़ाना अपने आप में एक अंग प्रत्यारोपण ही माना जाता है, जिसकी पूरी निगरानी और नियंत्रण किया जाता है। मारेंगो सीआईएमएस अस्पताल ने इस विशिष्ट उपलब्धि को सफलतापूर्वक हासिल करने के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया। इन सर्जिकल प्रक्रियाओं में, सर्जिकल रक्त हानि को उस बिंदु तक कम करने के लिए जहां ट्रांसफ्यूजन अनावश्यक हो जाता है, अनुरूप प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, सावधानीपूर्वक सर्जिकल तकनीकों को लागू किया जाता है। रक्तहीन हृदय प्रत्यारोपण सर्जरी जटिल होती है, जिसके लिए अत्यधिक कुशल चिकित्सा पेशेवरों की आवश्यकता होती है। इन प्रक्रियाओं की सफलता परिशुद्धता और सटीकता पर निर्भर करती है, क्योंकि इनमें रक्त हानि का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और नियंत्रण शामिल होता है। उन्होंने कहा कि इस अत्यधिक नवीन प्रोटोकॉल थेरेपी से गुजरने वाले मरीज को केवल नौ दिनों में छुट्टी दे दी गई, जो पारंपरिक हृदय प्रत्यारोपण रोगी के बिल्कुल विपरीत है, जिसे आमतौर पर छुट्टी से पहले अस्पताल में 21 से 24 दिनों की आवश्यकता होती है। इस नैदानिक परिणाम के साथ, मारेंगो सीआईएमएस अस्पताल अत्यधिक जटिल हृदय प्रत्यारोपण जीवन रक्षक प्रक्रिया में पूर्ण शून्य रक्त ट्रांसफ्यूजन करने वाले शीर्ष 10 वैश्विक संस्थानों में से एक होगा। शून्य ट्रांसफ़्यूज़न, ठहरने की अवधि को कम करने और नैदानिक परिणामों में समग्र सुधार के साथ-साथ अल्पकालिक और दीर्घकालिक ट्रांसफ़्यूज़न-प्रदत्त जटिलताओं का महत्वपूर्ण शमन भी सुनिश्चित करता है।

## सर्वोदय विद्यालयों के छात्रों को ऑनलाइन साइबर खतरों से बचाने की तैयारी



**लखनऊ,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिजिटल दौर में बच्चों पर साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में इंडियन चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) की ओर से मोहान रोड स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय के सभागार में बुधवार से दो दिवसीय साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इस जागरूकता कार्यक्रम के पहले दिन 'ट्रेन द ट्रेनर' पद्धति से प्रदेश में संचालित 105 आवासीय सर्वोदय व एकलव्य विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालयों के दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में आईसीपीएफ की ओर से पहले चरण में 10 मंडल के 32 विद्यालयों के 64 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

सरकार का उद्देश्य है कि सर्वोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर शोषण से रोकथाम के लिए जागरूक कर मानसिक रूप से सशक्त बनाया जाए। इसी के मद्देनजर समाज कल्याण विभाग और आईसीपीएफ के बीच एमओयू साइन किया गया था।

जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर छात्र-छात्राओं को साइबर शोषण, ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान तनाव का मानसिक स्वास्थ्य पर असर, डिजिटल उपकरणों जैसे मोबाइल, टैबलेट, कंप्यूटर आदि को सुरक्षित रखने संबंधी तकनीकी जानकारी एवं कानूनी पहलुओं के संबंध में जागरूक कर सुरक्षित वातावरण विकसित करेंगे।

समाज कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सभी सर्वोदय विद्यालयों में कंप्यूटर और टैब लैब संचालित किए जा रहे हैं। पहले चरण में 18 और 19 अक्टूबर, दूसरे चरण में 26 और 27 अक्टूबर और तीसरे चरण में 20 और 21 नवम्बर को जागरूकता कार्यक्रम चलेगा।

## राम गए वनवास, शोक में डूबी अयोध्या




**नई दिल्ली** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। मॉडल टाउन के डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी द्वारा आज भगवान राम का सीता व लक्ष्मण के साथ वनवास जाने, दशरथ की मृत्यु होने और अयोध्या नगरी के शोक में डूबने की लीला हुई। यह दृश्य देखकर बहुत से दर्शक भावुक हो गए और अपने आंसुओं पर काबू नहीं पा सके। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी डेरावाल नगर में शाम को भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी एवं विजय गोयल भी पहुंचे। उन्होंने लीला के प्रबंध की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आयोजकों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि कमिटी द्वार बेहद भव्य स्टार पर लीला का आयोजन किया जा रहा है जो की आत्मविभोर कर देने वाला है। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चैयरमेन अखिल सिंघल मंचन को लेकर बताया कि लीला के मंचन को देखने के लिए समाज के सभी वर्गों के साथ साथ दूर दराज से भी लोग लीला का आनंद लेने आ रहे हैं। रामलीला के प्रधान विकेश सेठी ने कहा कि यह उत्सव हमारी परम्परा और सभ्यता का प्रतीक है।

## आवाज के साथ मधुमेह का पता लगाने के लिए नया एआई टूल

**न्यूयॉर्क,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। यह पता लगाना कि कोई व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित है या नहीं, उसे अपने स्मार्टफोन में कुछ वाक्य बोलने जितना आसान हो सकता है, एक अभूतपूर्व अध्ययन में मधुमेह का पता लगाने में एक आवाज प्रौद्योगिकी को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ा गया है।



अमेरिका में क्लिक लैब्स के वैज्ञानिकों ने एक एआई मॉडल बनाने के लिए उम्र, लिंग, ऊंचाई और वजन सहित बुनियादी स्वास्थ्य डेटा के साथ-साथ लोगों की आवाज के छह से 10 सेकंड का उपयोग किया, जो यह पता लगा सकता है कि उस व्यक्ति को टाइप 2 मधुमेह है या नहीं। मेयो क्लिनिक प्रोसीडिंग्स डिजिटल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित मॉडल में महिलाओं के लिए 89 प्रतिशत और पुरुषों के लिए 86 प्रतिशत सटीकता है।

अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने 267 लोगों (गैर या टाइप 2 मधुमेह के रूप में निदान) को दो सप्ताह के लिए प्रतिदिन छह बार अपने स्मार्टफोन में एक वाक्यांश रिकॉर्ड करने के लिए कहा। 18,000 से अधिक रिकॉर्डिंग से, वैज्ञानिकों ने गैर-मधुमेह और टाइप 2 मधुमेह वाले व्यक्तियों के बीच अंतर के लिए 14 ध्वनिक विशेषताओं का विश्लेषण किया। पेपर के पहले लेखक और क्लिक लैब्स के शोध वैज्ञानिक जेसी कॉफ़मैन ने कहा कि हमारा शोध टाइप 2 मधुमेह वाले और बिना टाइप 2 मधुमेह वाले व्यक्तियों के बीच महत्वपूर्ण स्वर भिन्नताओं को उजागर करता है और मधुमेह के लिए चिकित्सा समुदाय की जांच के तरीके को बदल सकता है। मधुमेह का पता लगाने के मौजूदा तरीकों में बहुत अधिक समय, यात्रा और खर्च की आवश्यकता होती है। वॉयस टेक्नोलॉजी में इन बाधाओं को पूरी तरह से दूर करने की क्षमता है। सिग्नल प्रोसेसिंग का उपयोग करके, वैज्ञानिक टाइप 2 मधुमेह के कारण आवाज में बदलाव का पता लगाने में सक्षम हुए। कॉफ़मैन ने कहा, आश्चर्यजनक रूप से, पुरुषों और महिलाओं में वे स्वर परिवर्तन अलग-अलग तरीकों से प्रकट हुए। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह महासंघ के अनुसार, दुनिया भर में मधुमेह से पीड़ित लगभग दो में से एक, या 240 मिलियन वयस्क इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह स्थिति है और मधुमेह के लगभग 90 प्रतिशत मामले टाइप 2 मधुमेह के हैं। प्रीडायबिटीज और टाइप 2 डायबिटीज के लिए सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले नैदानिक परीक्षणों में ग्लाइकेटेड हीमोग्लोबिन (ए1सी) के साथ-साथ फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज (एफबीजी) परीक्षण और ओजीटीटी शामिल हैं। क्लिक लैब्स के उपाध्यक्ष और इस अध्ययन के प्रमुख अन्वेषक, यान फोसैट ने कहा कि नया गैर-दखल देने वाला और सुलभ दृष्टिकोण बड़ी संख्या में लोगों की जांच करने की क्षमता प्रदान करता है और टाइप 2 मधुमेह वाले अज्ञात लोगों के बड़े प्रतिशत की पहचान करने में मदद करता है।

# धनुष तोड़कर राम ने जनक की प्रतिज्ञा को किया पूरा

**ग्रेटर नोएडा,** 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा साइट 4 में विजयमहोत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है, गुरुवार को लीला में जनक पूरी में सीता स्वम्बर से प्रारम्भ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर शामिल, जिन्होंने दीप प्रज्जलित कर लीला मंचन की शुरुआत की। रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर में जनकपुरी में देश देशांतर के राजा पधारे और जनक जी की प्रतिज्ञा के अनुसार सभी राजाओं ने धनुष पर अपना अपना बल आजमाया और धनुष को उठाने में असफल रहे तब राजा जनक निराश होकर कुछ कटु वचन कहते है जिससे लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते है तब श्री राम लक्ष्मण को शांत कराते है इसके बाद ऋषि विश्वामित्र श्री राम को धनुष उठाने की आज्ञा प्रदान करते है। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम ने धनुष उठाया उठाते ही धनुष टूट गया। पचपन फिट का धनुष पचास फिट की



ऊंचाई पर टूटा यह नजारा देखर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। रामलीला ग्राउंड पर श्री राम के जय जय कार से गुंज उठा। सीता जी ने श्री राम को जयमाला पहनाई इसके बधाई गीत गाये गए। धनुष टूटने के बाद परशुराम क्रोधित हो कर आते और परशुराम लक्ष्मण संवाद होता है तब श्री राम ने उन्हें शांत कराया और फिर अयोध्या से जनक पूरी में बारात आई और चारों भाईयों का विवाह संपन्न हुआ और अयोध्या में चारों ओर खुशी की लहर दौड़ पड़ी और तीनों रानियों ने चारों बहुओं की आरती उतारकर अयोध्या में उनका स्वागत किया। मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया कल लीला मंचन में राज्यभिषेक की घोषणा, मंथरा कैकयी संवाद, श्रवण वध, दशरथ मरण, राम वनवास, गुहूराज से भेंट, राम केवट संवाद आदि लीलाओ का मंचन होगा। इस अवसर पर अध्यक्ष मनजीत सिंह, बिजेन्द्र सिंह आर्य, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, ओमप्रकाश अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, जी पी गोस्वामी, मुकेश शर्मा, मुकुल गोयल, श्यामवीर भाटी, अमित गोयल आदि मौजूद रहे।

- साइट-4 रामलीला मैदान में पचपन फिट का धनुष पचास फिट की ऊंचाई पर टूटा

### भगवान राम ने धनुष तोड़कर सीता का किया वरण

**ग्रेटर नोएडा।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी सूरजपुर के तत्वाधान में रामलीला मंचन में जानकपुरी में भगवान राम का आगमन जनकपुरी में धनुष यज्ञ पर भगवान श्री राम द्वारा धनुष का भंजन लक्ष्मण जी और भगवान परशुराम संवाद की रामलीला कलाकारों के द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसको देखकर दर्शकों ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। सूरजपुर रामलीला की अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष श्रीचन्द्र भाटी महासचिव, सत्यपाल शर्मा, कर्मवीर आर्य, भूदेव शर्मा, लक्ष्मण सिंघल, ओमवीर बैसला, जयदेव शर्मा, विशाल गोयल, सुनील सोनक, राजेश ठेकेदार, बीरपाल भगत, देवा पंडित आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ रामलीला मंचन व मेला पर हजारों लोग मंचन देखने पहुंचे।



देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 3.66 प्रतिशत |
| अल्ट्रा सिमको | 2.83 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.08 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.37 प्रतिशत |
| एलटी | 0.24 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 2.99 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.29 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.10 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.06 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## लैपटॉप, पीसी आयात पर घोषित पाबंदियों में बड़ी ढील दी सरकार ने

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) जैसे व्यापक इस्तेमाल वाले विभिन्न वर्गीकृत सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हार्डवेयर उत्पादों को अगस्त में प्रतिबंधित सूची में डालने के बाद अब व्यक्तिगत उपयोग तथा रक्षा एवं सुरक्षा के उपयोग के लिए इनके आयात पर पाबंदियों में बड़ी छूट की घोषणा की है।

यह निर्णय गत तीन अगस्त में घोषित प्रबंतिबंधों की ताईवान, अमेरिका, सिंगापुर और अन्य देशों की ओर से आलोचनाओं के बाद की गयी है। भारत में पिछले वित्त वर्ष के दौरान ऐसे उपकरणों का आयात करीब 512 करोड़ डालर के बराबर था जिसमें से 60 प्रतिशत आयात चीन से हुआ था।

गुरुवार को इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार व्यक्तिगत या सुरक्षा संबंधी उपयोग के लिए ऐसे हार्डवेयर के आयात को प्रतिबंधों से मुक्त कर दिया गया है। नयी अधिसूचना पहली नवंबर से लागू होगी।

अधिसूचना में कहा गया है कि प्रतिबद्धों में कुछ अतिरिक्त छूट दी जा रही और अब एक नई स्वचालित आयात व्यवस्था के तहत आयात की अनुमति दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि



सरकार ने यह लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर जैसे दैनिक उपयोग के हार्डवेयर आइटम को अगस्त में आयात के लिए प्रतिबंधित सूची में डाल दिया गया था। इन्हें लागू करने के लिए इस महीने के अंत तक का समय दिया गया था। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन और विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष सारंगी ने आईटी हार्डवेयर आयात नीति में नये बदलावों की जानकारी दी। अधिसूचना के अनुसार ये बदलावा प्रशुल्क वर्गीकरण संख्या 8741 के अंतर्गत आने वाले लैपटॉप, टैबलेट, आल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रास्माल फार्म फैक्टर कंप्यूटर और ऐसे उत्पादों के अयात के संबंध में किए गए हैं। इनके आयात पर अगस्त में अधिसूचित पाबंदियों के लागू करने के लिए 31 अक्टूबर 2023 तक का समय दिया गया था।

सरकार ने कहा है कि आईटी हार्डवेयर आयात के लिए अनुमति की व्यवस्था प्रारंभ से अंत तक ऑनलाइन होगा और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी को किसी अधिकारी से संपर्क की जरूरत न हो।

अधिसूचना के तहत व्यक्तिगत उपयोग के लैपटॉप, कंप्यूटर और टैबलेट का आयात करने के लिए अनुमति प्राप्त करने के नियम से छूट होगी। इसी तरह रक्षा और सुरक्षा उद्देश्यों के लिए संस्थाओं के आयात पर भी छूट दी गयी है।

अधिकारियों ने कहा है कि आईटी हार्डवेयर प्रबंधन व्यवस्था से आपूर्ति श्रृंखला में कोई अड़चन नहीं होगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन आईटी हार्डवेयर कि आपूर्ति पर्याप्त बनी रहे और आपूर्ति की कमी के कारण कीमतें न बढ़ें। श्री कृष्णन ने इन नीतिगत बदलाओं को विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप बताया है। अधिकारियों ने कहा कि नई व्यवस्था अब एक आयात प्रबंधन प्रणाली है न कि आयात लाइसेंसिंग व्यवस्था। नई व्यवस्था भी पहली नवंबर से ही लागू होने वाली है। श्री कृष्णन ने कहा कि ये बदलाव हार्डवेयर उद्योग के साथ बातचीत के बाद लाए गए हैं और ये आयात के लिए मंजूरी को पूरी तरह से स्वचालित बनाने की सोच पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि आयातकों के लिए आवेदन और स्वीकृति की एक सहज सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि नयी व्यवस्था से मेक इन को बढ़ावा मिलेगा। डीजीएफटी श्री सारंगी ने कहा कि केवल उन्हीं आयातकों को वर्जित सूची में डाला गया है जिन्होंने दायित्व पूरा नहीं किए हैं या जिनके खिलाफ मामले चल रहे हैं।

## जिंदल स्टेनलेस का सकल लाभ 120 प्रतिशत उछला



**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस्पात क्षेत्र की कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 764 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 347 करोड़ रुपये की तुलना में 120 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही में उसकी सकल शुद्ध आय 9797 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की 8751 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने सितंबर में समाप्त इस तिमाही में 609 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 349 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 74 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने दो रुपये अंकित मूल्य के एक शेयर पर 50 प्रतिशत अर्थात एक रुपये अंतरिम लाभांश देने का निर्णय लिया गया है। लाभांश भुगतान के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने की रिकॉर्ड तिथि 28 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई है। लाभांश का भुगतान 17 नवंबर 2023 को या उससे पहले किया जाएगा। कुल भुगतान लगभग 82.34 करोड़ रुपये होगा।

कंपनी ने कहा कि स्टेनलेस स्टील की घरेलू माँग में वृद्धि जारी रही। आगामी त्योहारी सीज़न से पहले ऑटो सेगमेंट और अन्य उपभोक्ता क्षेत्रों में कंपनी की बिक्री में बढ़ोतरी देखी गई। हाल ही में चंद्रमा पर पहुंचने वाले चंद्रयान-3 के मोटर आवरण में जिंदल स्टेनलेस के स्वदेशी रूप से विकसित, ताप रोधी, उच्च गुणवत्ता वाले, विशेष किस्म के 'अलॉय' इस्पात का उपयोग किया गया था, जिससे वांतरिक्ष के क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति और मज़बूत हुई ।

## एयरटेल की एरिक्सन के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर,(एजेंसियां)। दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल और एरिक्सन ने आज एयरटेल 5जी नेटवर्क पर एरिक्सन के प्री-कमर्शियल रिड्यूस्ड कैपेबिलिटी (रेडकैप) सॉफ्टवेयर का परीक्षण किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज इंक के साथ इसके 5जी रेडकैप टेस्ट मॉड्यूल का उपयोग करके 5जी टीडीडी नेटवर्क पर किया गया परीक्षण भारत में रेडकैप के पहले कार्यान्वयन और सत्यापन की पुष्टि करता है। एरिक्सन रेडकैप एक नया रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन है जो नए 5जी उपयोग के मामलों को सक्षम बनाता है। यह स्मार्टवॉच, अन्य पहनने योग्य उपकरणों, औद्योगिक सेंसर और एआर/वीआर जैसे उपकरणों को 5जी कनेक्शन से जोड़ा जा सकता है। रेडकैप 5जी तकनीक के अगले चरण का विकास है जो उन उपयोग के मामलों को पूरा करने के लिए है जो अभी तक वर्तमान न्यू रेडियो (एनआर) विनिर्देशों द्वारा प्रभावी रूप से पूरा नहीं किया जा सकता है। एलटीई डिवाइस श्रेणी 4 की तुलना में, रेडकैप बेहतर लेटेंसी, डिवाइस ऊर्जा दक्षता और स्पेक्ट्रम दक्षता के साथ समान डेटा दरें प्रदान करता है। इसमें एन्हांस्ड पोजिशनिंग और नेटवर्क स्लाइसिंग जैसी 5जी एनआर सुविधाओं को सपोर्ट करने की क्षमता भी है।

## जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए वित्तपोषण की जरूरत : सीतारमण

**मुंबई** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि देश की जहाज निर्माण क्षमता को बढ़ावा देने के लिए वित्तपोषण, बीमा एवं अधिक विविध विकल्पों के निर्माण की आवश्यकता है। वित्त मंत्री ने यहां ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 में समुद्री वित्तपोषण, बीमा और मध्यस्थता पर एक सत्र को संबोधन के दौरान भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का उल्लेख करते हुये कहा, हम समुद्री और भूमि मार्ग के माध्यम से यूरोप, मध्य एशिया तक पहुंचने पर विचार कर रहे हैं, जिससे आपूर्ति लागत में कटौती होगी। उन्होंने कहा कि जीएमआईएस 2023 महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है जब विश्व स्तर पर बहुत सारी चुनौतियां हैं - आपूर्ति की सुरक्षा में, आपूर्ति में व्यवधान में, मूल्य श्रृंखलाओं के टूटने से प्रमुख वस्तुओं के शिपमेंट कभी-कभी जोखिम में होते हैं और इसके कारण खाद्य असुरक्षा और ऊर्जा असुरक्षा बढ़ती है तथा



मुद्रास्फीति में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि जो अर्थव्यवस्थाएं कोविड से बाहर आ रही हैं उन्हें इस चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।श्रीमती सीतारमण ने कहा कि समुद्री व्यापार को समर्थन देने के लिए कोविड के बाद आईआरडीएआई और घरेलू बीमा कंपनियों के बीमाकर्ताओं के साथ जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से एक 'समुद्री कार्गो पूल' बनाया गया था। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने समुद्री पुनर्बीमा के साथ भारत की ब्लू इकोनॉमी सेवाओं में विकास के अवसरों का समर्थन करने और अधिक संख्या में पुनर्बीमाकर्ताओं को स्थापित करने के लिए पुनर्बीमा क्षेत्र में कई संशोधनों को मंजूरी दे दी है।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने एक मध्यस्थता विधेयक पारित किया है, एक मध्यस्थता केंद्र स्थापित किया है और मध्यस्थता में अपनी ताकत में सुधार कर रहा है। एक पूर्ण भारतीय स्वामित्व वाली और भारत-आधारित सुरक्षा और क्षतिपूर्ति (पी एंड आई) इकाई की आवश्यकता महसूस की गई है ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों और दबावों को कम किया जा सके।

वित्त मंत्री ने कहा कि हार्मोनाइज्ड मास्टर लिस्ट (एचएमएल) पर फिर से विचार करने और सभी वित्तपोषण/नियामक संस्थानों के बीच बुनियादी ढांचे की समझ को सुव्यवस्थित करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का भी गठन किया गया है।

### सार संक्षेप

## रुपया 15 पैसे चढ़ा

**मुंबई।** भू राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के साथ ही आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 15 पैसे मजबूत होकर 83.13 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.28 रुपए प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया एक पैसे की बढ़त लेकर 83.27 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.13 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। वहीं, लिवाली होने से यह 83.29 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## स्कोडा ऑटो के देश में 250 कस्टमर टचपॉइंट्स

**नोएडा।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने वर्ष 2024 तक देश में 350 टचपॉइंट्स बनाने के अपने लक्ष्य की दिशा में बढ़ते हुये आज 250वां टचपॉइंट्स शुरू किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उसने नेटवर्क को 250 कस्टमर टचपॉइंट्स का बनाने की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की ज्यादा बिकने वाली कारें- कुशाक एसयूवी और स्लाविया सेडान भारत में स्कोडा ब्राण्ड की तरक्की में महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही, ग्राहकों पर केन्द्रित होने के लिये काफी ध्यान दिया गया है और इसमें नेटवर्क के विस्तार की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। 250वें कस्टमर टचपॉइंट की उपलब्धि कर्नाटक के गुलबर्गा में एक सेल्स आउटलेट के उद्घाटन से मिली। स्कोडा ऑटो इंडिया और भी विस्तार करेगी और 2024 के अंत तक 350 कस्टमर टचपॉइंट्स करने का लक्ष्य है। स्कोडा ऑटो इंडिया का इंडिया 2.0 प्रोजेक्ट भारत के लिये निर्मित और दुनिया के लिये तैयार एमक्यूबी एओ इन प्लेटफॉर्म के साथ 2018 में शुरू हुआ था।

## बीते साल राजस्व तीन गुना बढ़ने के बावजूद ब्लिंकिट को 1,078 करोड़ रुपये का घाटा : रिपोर्ट


**नई दिल्ली।** ज़ोमैटो के स्वामित्व वाले त्वरित डिलीवरी प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट का घाटा वित्त वर्ष 2022-23 में 8.2 प्रतिशत बढ़कर 1,078.9 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले वित्त वर्ष 2021-22 में उसे 996.7 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। एनट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के कुल व्यय में 29.2 प्रतिशत डिलीवरी और संबंधित शुल्क पर खर्च हुये। रिपोर्ट में कहा गया है, यह लागत वित्त वर्ष 2021-22 के 235.9 करोड़ रुपये से 2.4 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 565.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कर्मचारी, विज्ञापन, किराये और आउटसोर्सिंग मानव शक्ति पर खर्च मिलाकर मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में कुल व्यय 1,939 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के पास दाखिल बयान के मुताबिक, ब्लिंकिट ने अपने राजस्व में तीन गुना उछाल दर्ज किया। परिचालन से इसका राजस्व वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 724.2 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 236.1 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है, ब्लिंकिट मार्केटप्लेस कमीशन से पैसा कमाता है, जो कुल परिचालन राजस्व का 55.9 प्रतिशत है।

## फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती नहीं करने की संकेत से बाजार गिरा

**मुंबई** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच अमेरिकी रिजर्व के निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती नहीं करने की संकेत से विश्व बाजार में गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर धातु, ऊर्जा, टेक और सर्विसेज समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 247.78 अंक का गोता लगाकर 65629.24 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 46.40 अंक फिसलकर 19624.70 अंक रह गया। हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत उतरकर 32,210.38 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,490.14 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3832 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1859 में लिवाली जबकि 1836 में बिकवाली हुई वहीं 137 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियां लाल जबकि 17 हरे निशान पर रही।

बीएसई में एफएमसीजी, सीडी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटो समूह की 0.53 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष सोलह समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.06, ऊर्जा 0.56, वित्तीय सेवाएं 0.26, हेल्थकेयर 0.36, इंडस्ट्रियल्स 0.14, आईटी 0.18, दूरसंचार 0.01, यूटिलिटीज 0.18, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.08, धातु 0.95, तेल एवं गैस 0.48, पावर 0.43, रियल्टी 0.38, टेक 0.42 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.74, जर्मनी का डैक्स 0.30, जापान का निक्केई 1.91, हांगकांग का हैंगसेंग 2.46 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.74 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 392 अंक की गिरावट लेकर 65,484.61 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,343.50 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 65,869.65 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बिकवाली होने से यह संभल नहीं पाया और अंत में पिछले दिवस के 65,877.02 अंक के मुकाबले 0.38 प्रतिशत उतरकर 65,629.24 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 126 अंक का गोता लगाकर 19,545.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,512.35 अंक के निचले जबकि 19,681.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 19,671.10 अंक की तुलना में 0.24 प्रतिशत फिसलकर 19,624.70 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स कि गिरवाट पर रही 21 कंपनियों में से विप्रो ने सबसे अधिक 2.99 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही टेक महिंद्रा 1.29, एनटीपीसी 1.10, सन फार्मा 1.06, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.05, टाटा स्टील 0.94, टीसीएस 0.93, आईसीआईआई बैंक 0.90, रिलायंस 0.78, इंफ़ोसिस 0.51, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.41, एचडीएफसी बैंक 0.31, एसबीआई 0.24, एक्सिस बैंक 0.20, मारुति 0.20 और एचसीएल टेक के शेयर 0.20 प्रतिशत उतर गए।

वहीं, नेस्ले इंडिया 3.66, अल्ट्रा सिमको 2.83, इंडसइंड बैंक 2.08, बजाज फिनसर्व 0.37, एलटी 0.24, एशियन पेंट 0.08, टाइटन 0.04, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.04 और टाटा मोटर्स के शेयरों ने 0.01 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## जेम पोर्टल से कोयला मंत्रालय की खरीद 28665 करोड़ रुपये के ऊपर

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले तीन वित्तीय वर्ष में कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सरकारी ई-वाणिज्य पोर्टल 'जेम' से कुल 28,665 करोड़ रुपये की खरीदारी की है और इस गति से यह इस वर्ष के लक्ष्य से ऊपर पहुंचने की संभावना है। मंत्रलाय ने कहा है कि ई-खरीद प्रदर्शन का विश्लेषण सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) से खरीद में वृद्धि के रुझान को दर्शाता है। मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में जीईएम के माध्यम से निरंतर वृद्धि देखने को मिली है जो सार्वजनिक खरीद की परिस्थितियों में जीईएम के चलते आए उल्लेखनीय बदलाव को रेखांकित करता है। विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक जेम के माध्यम से ई-खरीद में लगातार वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में इसने कुल 477 करोड़ रुपये की ई-खरीद की सुविधा प्रदान की, जो चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 15 अक्टूबर तक बढ़कर 28,665 करोड़ रुपये हो गई है। कुल खरीद में से जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद का हिस्सा वित्तीय वर्ष 2020-21 के 0.49 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 (15 अक्टूबर तक) में 72 प्रतिशत हो गया है। मंत्रालय ने जेम के जरिए कुल 39,607 करोड़ रुपये की खरीद का लक्ष्य रखा है और इस वर्ष 15 अक्टूबर तक खरीद 28,665 करोड़ तक पहुंच गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया क्रमशः सभी मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच जेम के माध्यम से ई-खरीद में अग्रणी हैं।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक बाजार में आज खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 56 रिंगिट गिरकर 3713 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.45 सेंट की गिरावट लेकर 54.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, अरहर दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9800-9900, अरहर दाल 9500-9600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये रहा।

## सरकार ने कहा, त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य पदार्थ की कीमतें स्थिर रहेंगी

**नई दिल्ली,** 19 अक्टूबर (आईएएनएस)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि आगामी त्योहारी सीजन के दौरान सभी प्रमुख खाद्य पदार्थों और वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने मीडियाकर्मियों को बताया कि सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं कि गेहूं, चावल, खाद्य तेल और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहें। चोपड़ा ने कहा कि भारत में चीनी दुनिया में सबसे सस्ती (44 रुपये प्रति किलोग्राम) है, हालांकि इसकी घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए चीनी निर्यात पर प्रतिबंध 31 अक्टूबर



के बाद भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 2022-23 के लिए किसानों को लगभग 95 प्रतिशत गन्ना बकाया का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य सचिव ने कहा कि मूंगफली तेल के मामले को छोड़कर, पिछले साल से खाद्य तेल की कीमतों में भी गिरावट आई है। चावल के मामले में, चोपड़ा ने कहा कि घरेलू बाजारों में मूल्य स्थिरता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उबले चावल पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उबले चावल की आड़ में किसी अन्य किस्म का निर्यात न हो पाए। सचिव ने बताया कि केवल कुछ मित्र देशों को ही चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि ओएमएसएस के तहत लगभग 97,000 टन चावल बेचा गया है। चोपड़ा ने कहा कि हालांकि पिछले कुछ महीनों से चावल की मुद्रास्फीति अब 11 प्रतिशत पर है, लेकिन फसल का मौसम शुरू होने के साथ इसमें भारी कमी आ सकती है।

खाद्य सचिव ने कहा कि गेहूं की कीमतें भी नियंत्रण में हैं और पिछले एक साल में खुदरा मुद्रास्फीति लगभग 3.6 प्रतिशत रही है। थोक में भी गेहूं की महंगाई दर 3.86 फीसदी के आसपास रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं की कीमतें बढ़ने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। चोपड़ा ने बताया कि अप्रैल 2024 तक गेहूं का 87 लाख टन स्टॉक होगा। साथ ही बफर में 76 लाख टन उपलब्ध है, जिसका उपयोग किया जा सकता है।

# खेल जगत

## विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में चोटिल नेमार के घुटने की होगी सर्जरी

**रियो डी जनेरियो,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने कहा है कि स्टार फुटबॉलर नेमार के घुटने की सर्जरी की जायेगी। नेमार के घुटने के स्कैन के बाद सर्जरी की पुष्टि हुई है। उन्हें सर्जरी के बाद अब कम से कम छह महीने मैदान से दूर रहना होगा। सीबीएफ ने यहां जारी बयान में कहा, नेमार की सर्जरी तय तारीख पर होगी। उन्होंने कहा, ब्राजील की राष्ट्रीय टीम का चिकित्सा विभाग और अल हिलाल लगातार संपर्क में हैं और खिलाड़ी के ठीक होने के लिए जो भी सर्वोत्तम होगा वह किया जायेगा। नेमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे पता है कि मैं मजबूत हूं, लेकिन इस बार मुझे अपने परिवार और दोस्तों की और भी अधिक जरूरत होगी। उन्होंने कहा, चोट और सर्जरी से गुजरना आसान नहीं है, लेकिन मुझे विश्वास है, यहां तक कि बहुत ज्यादा भी। समर्थन और स्नेह के संदेशों के लिए धन्यवाद।



# तंजिद व लिटन के अर्द्धशतकों के बावजूद भारत ने बांग्लादेश को 8 विकेट पर 256 पर रोका

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाएं हाथ के 22 बरस के नौजवान बल्लेबाज तंजिद हसन (51 रन, 43 गेंद, तीन छक्के, पांच चौके) और अनुभवी लिटन दास (66 रन, 72 गेंद, सात चौके) के अर्द्धशतकों और पहले विकेट के लिए 93 रन की भागदारी के बावजूद टॉस जीत कर पुणे की सपाट पिच पर पहले बल्लेबाजी करने वाली बांग्लादेश की टीम को भारत ने आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के अपने चौथे मैच में बृहस्पतिवार को निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट 256 रन पर रोक दिया।ऑलराउंडर महमूदउल्लाह (46 रन, 36 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के जसप्रीत बुमराह और पारी के आखिरी ओवर में आठवें बल्लेबाज के रूप में बोल्ड होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम (38 रन, एक छक्का, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के 22, नसुम अहमद (14 रन, 18 गेंद, दो चौके) के साथ सातवें विकेट की 32 और मुस्तफिजुर रहमान के साथ 15 रन की छोटी छोटी भागीदारी कर बांग्लादेश को इस सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम रोल अदा किया।

बेशक भारत के लिए अनुभवी जसप्रीत बुमराह (2/41) की अगुआई नौजवान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (2/60) और शार्दूल ठाकुर (1/59) ने सही मौके पर विकेट चटकाए, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (2/38) और कुलदीप यादव (1/47) की जुगलबंदी की तारीफ करनी होगी इन दोनों ने बीच के ओवर में तीन विकेट बांट बांग्लादेश को बड़े स्कोर से रोकने में अहम रोल अदा किया। भारत की फील्डिंग खासतौर पर विकेटकीपर केएल राहुल की तारीफ करनी होगी कि जिन्होंने सिराज की गेंद पर मेहदी हसन मिराज(3) और नसुम अहमद (14 रन, 18 गेंद, 2 चौके) के दो बेहतरीन कैच लपके। साथ ही बाउंड्री पर शुभमन गिल ने पहले रवींद्र जडेजा की गेंद पर लिटन दास और फिर शार्दूल ठाकुर की गेंद पर तौहीद हृदय (16) के कैच लपके। बांग्लादेश का सबसे बेहद और खूबसूरत कैच बुमराह की गेंद पर मुशफिकुर रहीम का जडेजा ने लपका। भारत के कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करनी होगी कि बांग्लादेश की पारी के आठवें ओवर अपने पहले ही ओवर में हार्दिक पांडया के टखना मुड़ने के कारण मात्र तीन गेंद फेकने के बाद मैदान से बाहर जाने के बावजूद अपने गेंदबाजों का सही का चतुराई से इस्तेमाल किया। बांग्लादेश की पहली विकेट की 93 रन की बड़ी भागीदारी करने के बावजूद भारत के गेंदबाजों ने बतौर टीम धैर्य रख इस भागीदारी को तोड़ने के साथ सही वक्त पर विकेट उसश बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोका।

- भारत के लिए जडेजा, बुमराह और सिराज ने चटकाए दो -दो विकेट
- भारत विकेटकीपर केएल राहुल और शुभमन ने लपके दो-दो कैच

बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने ड्रिंक्स ब्रेक के बाद पारी के 15 वें अपने तीसरे ओवर की चौथी तेज गेंद पर बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज तंजिद हसन (51 रन, 43 गेंद, 5 चौके, तीन छक्के) को स्वीप करने पर मजबूर किया और वह चूके और अंपायर ने उन्हे एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया। तंजिद के रूप में बांग्लादेश ने पारी के 15 ओवर की दूसरी गेंद पर अपना पहला विकेट 93 रन पर खोया। तंजिद का विकेट गिरने से भारत के गेंदबाजों को विकेट लेने के लिए खासी मेहनत करनी पड़ी। चोट के चलते बाहर नियमित कप्तान शाकिब अल हसन की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले कार्यवाहक नजमुल हसन शांतो (7) को बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने पारी के 20 वें अपने दूसरे ओवर की अंतिम तेजी से अंदर की ओर घूमी गेंद पर एलबीडब्ल्यू कर बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 110 रन कर उसकी रनों की तेज रफ्तार पर लगाम लगा दी। बांग्लादेश ने शुरू के दस ओवर में बिना क्षति 63 रन बनाने के बाद अगले दस ओवर में 47 रन जोड़ कर तंजिद हसन और नजमुल हसन शांतो के विकेट चटकाए। सिराज के दूसरे स्पेल की पहली गेंद को मेहदी हसन मिराज (3) ने लेग साइड पर फ्लिक करने गए और विकेटकीपर केएल राहुल ने अपने बाएं तेजी से गोता लगा बेहतरीन कैच लपक कर पारी के 25 वें ओवर में पैवेलियन लौटा कर बांग्लादेश का स्कोर तीन विकेट पर 129 कर दिया। बांग्लादेश के स्कोर में आठ रन ही जुड़े कि जम कर खेल रहे सलामी बल्लेबाज लिटन दास(66 रन, 82 गेंद, सात चौके) ने रवींद्र जडेजा की गेंद को मैदान के बाहर उड़ाने के फेर में लॉन्ग ऑफ पर मुस्तैद क्षेत्ररक्षक शुभमन गिल को कैच थमा दिया। बांग्लादेश ने अच्छा आगाज करने के बाद 15 से 28 ओवर के बीच चार विकेट 44 रन जोड़ कर खो दिए अच्छी शुरुआत का लाभ बहुत हद तक गंवा दिया।

रनो के लिए जूझ रहे 22 बरस के तोहिद हृदय (16 रन, 35 गेंद) ने पारी 38 वें और तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के आठवें ओवर की शॉर्ट गेंद को उड़ाने की कोशिश में शार्ट मिडविकेट पर शुभमन गिल को कैच थमा। हृदय ने पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले अनुभवी मुशफिकुर रहीम के साथ पांचवें विकेट के लिए42 रन जोड़ बांग्लादेश के स्कोर को पांच विकेट पर 179 पर पहुंचाया। शार्दूल ठाकुर ने पहले ओवर में 16 रन देने के बाद हृदय का विकेट चटकाया। अनुभवी जसप्रीत बुमराह ने अपने दूसरे स्पैल के दूसरे और पारी के 43 वें ओवर की तीसरी गेंद पर मुशफिकुर रहीम (38 रन, 46 गेंद, एक छक्का, एक चौका) को बैकवर्ड पॉइट पर रवींद्र जडेजा के हाथों कैच करा बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 201 कर उसके बड़े स्कोर की रही सही उम्मीद पर पानी फेर दिया।




बाएं हाथ नौजवान तंजिद हसन और अनुभवी लिटन दास की सलामी जोड़ी ने संभल कर भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के खिलाफ शुरुआत करने के बाद शुरू के पांच में 12 रन बनाने के बाद अगले छह ओवर में एकदम तेज रफ्तार पकड़ते हुए 51 रन जोड़ शुरू के दस ओवर में 63 रन बनाए और इसमें पारी के दसवें और शार्दूल ठाकुर के पहले ओवर में तंजिंद ने स्पिनर की तरह क्रीज छोड़ कर उनकी गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके सहित बनाए 16 रन भी शामिल है। 22 बरस के तंजिद हसन ने शार्दूल ठाकुर के तीसरे और पारी के 14 वें ओवर पांचवी गेंद को कवर में खेल कर एक रन 41 गेंद खेल तीन छक्कों और पांच चौके की मदद से अपना मात्र नौंवा वन डे अंतर्राष्ट्रीय खेल हुए अपना पहला अर्द्धशतक पूरा किया। तंजिद अहमद ने बुमराह, सिराज और शार्दूल ठाकुर की गेंदों पर अपनी क्रीज छोड़ कर बेहद आसानी से शॉट खेले और पारी के नौवें ओवर में तीसरी गेंद पर उपकप्तान तेज गेंदबाज हार्दिक पांडया का टखना मुड़ गया और इससे बाकी का ओवर विराट कोहली ने पूरा किया। हार्दिक के टखने के स्कैन के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हार्दिक के चोट के चलते मैदान से हटने से पहले लिटन दास ने कवर के बीच और बेहद खूबसूरत स्ट्रेट ड्राइव लगा दो चौके जड़े। लिटन दास ने बांग्लादेश की पारी के 21 वें और कुलदीप की गेंद पर एक रन लेकर 62 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से पूरा किया।

कप्तान शाकिब अल हसन के पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण नहीं खेलने के कारण बांग्लादेश ने उनकी जगह नसुम अहमद को और तस्कीन अहमद की जगह हसन महमूद को एकादश में शामिल कर बांग्लादेश ने दो बदलाव किए और कप्तानी की जिम्मेदारी नजमल हसन शांतो ने संभाली। वहीं भारत ने अपनी पिछले दो मैचों की ही एकादश बरकरार रखी।

## चार भारतीयों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



**धारवाड़,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपनी उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए आईटीएफ धारवाड़ पुरुष विश्व टेनिस टूर 2023 के क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को प्रवेश कर लिया।

25,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता के अंतिम आठ में धुरंधर खिलाड़ियों की बढ़त का नेतृत्व शीर्ष वरीयता प्राप्त यूएसए के निक चैपल ने किया, जिन्होंने धारवाड़ जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन कोर्ट में करण सिंह की जोशीली लड़ाई को 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला जीत लिया।

वरीयता प्राप्त भारतीयों में तीसरी वरीयता प्राप्त दिग्विजय प्रताप सिंह, चौथी वरीयता प्राप्त रामकुमार रामनाथन, सिद्धार्थ रावत (नंबर 7) और एसडी प्रज्वल देव (नंबर 8) भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

लगभग एक दशक पहले इसी स्थान पर आईटीएफ फ्यूचर्स जीतने वाले रामकुमार को प्रतिभाशाली इशाक इकबाल के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, क्योंकि चौथे गेम में ब्रेक के साथ इशाक इकबाल 4-1 से आगे हो गए। हालाँकि, 28 वर्षीय भारतीय डेविस कप खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी कर ली। इसके बाद सर्विस बरकरार रही और सेट का फैसला टाई-ब्रेकर में हुआ और 8-6 से रामकुमार के पक्ष में फैसला हुआ।

दूसरे सेट में भी रामकुमार ने उसी लय में प्रदर्शन जारी रखा और दूसरे सेट में भी अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़कर 3-0 से बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी सर्विस बरकरार रखी और रामकुमार ने 1 घंटे 28 मिनट में मैच खत्म किया।

एक और दिलचस्प द्वंद्व में, भारत के करण सिंह ने चैपल के खिलाफ शानदार लड़ाई लड़ी। सुबह पहले दौर के एक कठिन मैच में मलेशियाई मित्सुकी वेई कांग लियोंग को घर भेजने के बाद, करण ने शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से भिड़ते हुए थकान का कोई संकेत नहीं दिखाया।

आठवें गेम तक दोनों खिलाड़ी एक-एक अंक के लिए संघर्ष करते रहे। कुछ अप्रत्याशित गलतियों के कारण करन को नौवां गेम गंवाना पड़ा और वह पहले सेट में 4-6 से हार गये। दूसरे गेम में ब्रेक के साथ करण 3-0 से आगे हो गये।

हालाँकि, अमेरिकी ने जल्द ही बराबरी हासिल कर ली। इसके बाद करन ने अपनी सर्विस बरकरार रखी लेकिन वह इस गति को कायम नहीं रख सके और उन्होंने कई अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को सेट और मैच मिल गया।

# न्यूजीलैंड ने आधा दर्जन जीवनदानों का लाभ उठा अफगानिस्तान को दी 149 रन से करारी शिकस्त

- न्यूजीलैंड लगातार चौथी जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (देशबन्धु)। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने अफगानिस्तान के क्षेत्ररक्षकों द्वारा टपकाए पांच कैच और विकेटकीपर इकराम अलिखिल के रचिन रवींद्र को विकेटकीपर इकराम अलिखिल के स्टंप करने से चूकने सहित मिले आधा दर्जन जीवनदानों का पूरा लाभ उठाया। लेग स्पिनर राशिद खान की गेंद पर मिले दो जीवनदानों का लाभ उठाकर कप्तान टॉम लैथम, ग्लेन फिलिप्स और सलामी बल्लेबाज विल यंग के अर्द्धशतकों तथा रफ्तार के सौदागर लॉकी फर्गुसन और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर द्वारा चटकाए तीन तीन विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को चेन्नै में आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के मैच में बुधवार को 149 रन से करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड की टीम लगातार चौथी जीत दर्ज कर कुल आठ अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई। अफगानिस्तान को बुधवार की हार से यह अहसास जरूर हो गया कि बराबर उलटफेर करने के लिए उनकी टीम को हर मौके को भुनाना होगा।

मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को 69 रन से हरा बड़ा उलटफेर करने वाली अफगानिस्तान ने यदि पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड के पांच कैच टपकाने और स्टंप करने का मौका न गंवाएं तो वह लगातार दूसरा उलटफेर कर सकती थी। टॉम लैथम (68 रन, 74 गेंद, दो छक्के,तीन चौके) और मैन ऑफ द' मैच ग्लेन फिलिप्स (71 रन, 80 गेंद, चार छक्के, चार चौके) पांचवीं विकेट की 144 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर पारी के अधबीच लडखड़ाने के बावजूद निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 288 रन का मजबूत स्कोर बनाया। जवाब में रफ्तार के सौदागर लॉकी फर्गुसन (3/19) व ट्रेंट बोल्ट (2/16) और बाएं हाथ स्पिन ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर(3/39) ने कहर बरपा कर अफगानिस्तान को 34.4 ओवर में मात्र 139 रन पर ढेर कर न्यूजीलैंड को जीत दिला दी। रहमत शाह(36 रन, 62 गेंद, एक चौका) और अजमतुल्लाह ओमरजई (27 रन, 32 गेंद, दो चौके) की चौथे विकेट विकेट 54 रन की भागीदारी को छोड़ कर अफगानिस्तान की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। विकेटकीपर बल्लेबाज इकराम अलीखिल 21 गेंद कर तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाकर अविजित रहे। अफगानिस्तान ने अपने अंतिम पांच विकेट मात्र 24 गेंदों में 14 रन जोड़ कर खोए। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज फर्गुसन ने अपने सातवें और पारी के 34 वें ओवर में राशिद खान(8) को बोल्ड किया और मुजीब उर रहमान खाता खोले बिना ही उनकी गेंद पर विल यंग के हाथों लपके। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने अपने आठवें और पारी के 35 वें ओवर की दूसरी गेंद पर नवीन उल हक(0) को चैपमैन के हाथों कैच कराने के बादं और चौथी गेंद पर फजल हक फारूकी को बोल्ड कर अफगानिस्तान की पारी समेट कर न्यूजीलैंड को 15.2 ओवर के बाकी रहते जीत दिला दी।

इससे पूर्व अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज अजमत उल्लाह ओमरजई द्वारा पारी के 21 वें ओवर की दूसरी गेंद पर पहले रचिन रवींद्र (32 रन, 41 गेंद, एक छक्का , दो चौके) को बोल्ड कर उनकी और विल यंग (54 रन, 64 गेंद, तीन छक्के , चार छक्के) की दूसरी विकेट की 79 रन की भागीदारी को तोड़ा और इसी ओवर की अंतिम गेंद पर उन्होंने यंग को विकेटकीपर इकराम के हाथों लपकवाया। डैरल मिचेल (1)के लेग स्पिनर राशिद खान की उड़ाने के फेर में इब्राहिम जादरान को कैच थमाने के साथ न्यूजीलैंड नौ गेंदों के भीतर एक रन में तीन विकेट गंवा गहरे संकट में फंस गई और 21.4 ओवर उसका स्कोर चार विकेट पर 110 रन हो गया। 21 ओवर में न्यूजीलैंड ने एक विकेट खोकर 109 रन बनाए थे। एक समय न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने पारी के 48 वें ओवर में पहली गेंद पर फिलिप्स को लॉन्ग ऑन पर राशिद खान के हाथों कैच करा उनकी और लैथम की पांचवें विकेट की 144 रन की इस भागीदारी को तोड़ा और तीसरी गेंद पर लैथम को बोल्ड कर न्यूजीलैंड का स्कोर छह विकेट पर 255 रन कर दिया। मार्क चैपमैन मात्र 12 गेंद खेल करएक छक्के और दो चौकों की मदद से 25 और मिचेल सेंटर एक चौके की मदद से सात रन बनाकर अविजित रहे और इन दोनों ने सातवें विकेट के मात्र 15 गेंदो में 33 रन की असमाप्त भागीदारी की।




## सार संक्षेप

### टेनिस को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं : वीनस

**नई दिल्ली।** विश्व नंबर की पूर्व एक टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने कहा है कि उनका अभी टेनिस को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है वह अगले वर्ष मार्च में होने वाली प्रतियोगिता में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं। विलियम्स ने हाल ही में टेनिस डॉट कॉम को दिये एक साक्षात्कार में कहा उन्होंने अगले वसंत में वापसी का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, मैंने यूएस ओपन के लिए ठीक होने का पूरा प्रयास किया। मैं फॉर्म में नहीं हूं इसलिए अब मैं वापस आने तक आराम कर रही हूं। मैं मार्च को लक्ष्य बना रही हूं, तभी टूर्नामेंट वापस जाएंगे, इसलिए मेरा लक्ष्य है जब यूएस ओपन टूर्नामेंट वापस आएंगे तो यह शुरु होगा। उल्लेखनीय है कि विलियम्स ने विंबलडन में दुर्भाग्यपूर्ण हार के बाद तीन स्पर्धाएं खेली। वह मॉन्ट्रियल में पहले दौर में हार गईं, और झेंग किनवेन से हारने से पहले चार साल में अपनी पहली शीर्ष 20 जीत के लिए सिनसिनाटी में शुरुआती दौर में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया। सीज़न का उनका आखिरी मैच यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम ग्रीट मिन्नेन से 6-1, 6-1 से हार गया था। टूर्नामेंट में 100 करियर मैचों में यह विलियम्स की यूएस ओपन की सबसे एकतरफा हार थी। विलियम्स ने 2023 में सात इवेंट खेले। साल की पहली स्पर्धा ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में चोट लगने के कारण उनका कार्यक्रम लगभग छह महीने तक बाधित रहा।

### चोट के कारण कार्लोस अल्काराज स्विस इंडोर्स से बाहर

**नई दिल्ली।** कार्लोस अल्काराज ने बाएं पैर की चोट और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों में परेशानियों के कारण स्विस इंडोर्स बासेल से नाम वापस ले लिया है। इसकी पुष्टि उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर की। अल्काराज ने एक साल पहले बासेल में डेब्यू किया था, जहां उन्होंने सेमीफाइनल में अंतिम चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से हारने से पहले तीन जीत हासिल की थी। इस सीजन में अल्काराज का रिकॉर्ड 63-9 है, जिसमें छह खिताब शामिल हैं। जिनमें से दो एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट (इंडियन वेल्स और मैड्रिड) में और एक विंबलडन में आया है। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरी बार शंघाई में प्रतिस्पर्धा की थी, जहां वह 16वें राउंड में ग्रिगोर दिमित्रोव से हार गए थे। स्पैनियार्ड सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच के साथ एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 की लड़ाई में उलझा हुआ है। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, अगर अल्काराज ने बासेल और उसके साथ आने वाले 500 अंक जीते होते, तो वह एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में जोकोविच के साथ बराबरी से पेरिस मास्टर्स में प्रवेश कर लेते। इसके बजाय, जोकोविच साल के अंत में नंबर 1 की लड़ाई में बढ़त बनाए रखेंगे, यह सम्मान सर्बियाई खिलाड़ी ने रिकॉर्ड सात बार अर्जित किया है। पिछले साल, अल्काराज एटीपी रैंकिंग के इतिहास में सबसे कम उम्र के नंबर-1 खिलाड़ी बने थे।

# चोटिल फखर जमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले बाहर

**बेंगलुरु,** 19 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मुकाबले से पहले पाकिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज फखर जमान घुटने की चोट के कारण बाहर हो गए हैं और अगले हफ्ते तक चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, जैसा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुष्टि की है। बल्लेबाजी ऑलराउंडर सलमान आगा को भी बुधवार शाम अभ्यास सत्र में बुखार हो गया और वह अभी भी ठीक हो रहे हैं। हालाँकि, फखर को एक मैच के बाद बाहर कर दिया गया था, और सलमान को अभी भी इस विश्व कप में खेलना बाकी है। इस बीच, कई खिलाड़ी बुखार से जूझ रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप मंगलवार को शुरुआती प्रशिक्षण के दौरान टीम के छह सदस्य अनुपस्थित रहे। मंगलवार को जिन खिलाड़ियों ने आराम करने का विकल्प चुना उनमें अब्दुल्ला शफीक, शाहीन शाह आफरीदी, मोहम्मद रिजवान, सलमान अली आगा, मोहम्मद हारिस और जमान खान शामिल हैं। फखर और सलमान को छोड़कर, उपरोक्त खिलाड़ियों को बुधवार को प्रशिक्षण सत्र में शामिल होने के लिए उपयुक्त माना गया। नतीजतन, मोहम्मद हारिस को छोड़कर, जिन्होंने बुखार से उबरना जारी रखा, पाकिस्तान टीम के सभी खिलाड़ियों ने सक्रिय रूप से प्रशिक्षण में भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया के पास अपना एक फिटनेस अपडेट है। ट्रैविस हेड का टूटा हुआ हाथ उम्मीद से अधिक तेजी से ठीक हो गया है और वह जल्द ही किसी भी समय भारत में टीम में शामिल होंगे। हालांकि वह पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन हेड 25 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।




## वनडे फॉर्मेट के अधिकांश मैच बीच के ओवरों में जीते जाते हैं : पैट कमिंस

**बेंगलुरु।** एम चिन्नास्वामी में शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने मैच में मध्य ओवरों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि हम 20 से 40 ओवर के बीच में कैसे बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं। प्री मैच कॉन्फ्रेंस पर पत्रकारों से बात करते हुए पैट कमिंस ने गेंदबाजों पर भरोसा जताते हुए कहा कि उन्होंने मौके का फायदा उठाया। कमिंस ने कहा, एकदिवसीय क्रिकेट के अधिकांश मैच बीच के ओवरों में जीते जाते हैं, या तो जब आप बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो विकेट नहीं देते हैं या गेंद से कुछ सफलता हासिल करने की कोशिश करते हैं। यह खेल का एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम कैसे नेविगेट करें, इस पर बहुत समय बिताते हैं। हम हमेशा अपने खिलाड़ियों से कहते हैं कि जो आपके सामने है उसे खेलो। यदि आपको लगता है कि यह आक्रमण करने का एक अच्छा अवसर है, तो इसका उपयोग करें। अगर यह एक ऐसा क्षण लगता है जहां आपको संयम बनाने की जरूरत है तो उस पर ध्यान दो। हालांकि, कमिंस टीम की बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर थोड़े चिंतित दिखे और उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की सलाह दी। अपने पहले दो मैच हारने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने अंततः लखनऊ में श्रीलंका पर पांच विकेट की आसान जीत के साथ अपना खाता खोला। पांच बार के विश्व कप विजेता पाकिस्तान का सामना करने के लिए तैयारी करते समय इस लय को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखेंगे। विश्व कप में तीन मैचों में दो जीत के साथ, पाकिस्तान निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलिया पर हावी है, लेकिन भारत के खिलाफ खराब बल्लेबाजी निश्चित रूप से उसके लिए चिंता का विषय होगी।